e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 03

शुक्रवार

03.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सवाल घमंड का नहीं इज्जत का है, कोई अगर लहजा बदले तो हम रास्ते बदल देते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली को आज देंगे 4500 करोड़ की विकास योजनाओं का तोहफा

**नई दिल्ली :** दिल्ली में जारी कड़ाके की शीतलहर के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी तापमान को बढ़ाने के लिए शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापानी पार्क से चुनावी बिगुल फूंकने जा रहे हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री दिल्ली के विकास के लिए 4500 करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री की पांच जनवरी को भी पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में रैली संभावित है। यानि चार दिनों में ही प्रधानमंत्री मोदी की दो बड़ी रैलियां कर दिल्ली में भाजपा के पक्ष में सियासी माहौल बनाने की रणनीति है।

### गांव में शराब की बिक्री को बंद कराने की मांग, महिलाओं ने घेरा थाना

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवाडीह पंचायत पूरनानगर में अवैध शराब की बिक्री से आक्रोशित स्थानीय महिलाओं और छात्राओं ने गुरुवार को थाना पहुंच कर घेराव किया। वे अवैध शराब की बिक्री को बंद करने की मांग कर रही थीं। इस दौरान महिलाओ ने थाना प्रभारी के नाम एक आवेदन भी दिया जिसमें कहा गया है कि नौवाडीह में अवैध तरीके से खुलेआम प्रतिदिन शराब बिकी किया जाता हैं जिससे बच्चों और महिलाओ पर बुरा असर पड़ रहा है।

### 4 युवाओं की हरिद्वार सड़क हादसे में मौत

**रेवाड़ी :** जिले के गांव लिसाना से हरिद्वार घूमने गए युवकों की कार बुधवार रात ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेवाड़ी के गांव लीसाना के रहने वाले पांच युवक जिनमें 27 वर्षीय केहर, 38 वर्षीय प्रकाश, 25 वर्षीय आदित्य, 27 वर्षीय मनीष व 37 वर्षीय महिपाल शामिल है। पांचों युवक नए साल पर हरिद्वार गए थे। हरिद्वार के पास हाईवे पर देर रात एक सीमेंट से भरा ट्रक खड़ा था। कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। इस दौरान मौके से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर लोगों की मदद से शवों को टूटी गाड़ी से निकाला।

### आईआईटी बीएचयू के शोधकर्ताओं का अभिनव शोध, आलू के छिलके से बनाई जैविक एथेनॉल

**वाराणसी :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक अभिनव शोध किया है। शोध टीम ने आलू के छिलके के अपशिष्ट से जैविक एथेनॉल उत्पादन में सफलता पाई है। यह अपशिष्ट से संपत्ति की पहल न केवल खाद्य अपशिष्ट को कम करने के लिए एक मार्ग प्रस्तुत करती है, बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान भी करती है। यह शोध स्कूल ऑफ बायोकैमिकल इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सुरेश धोबले, एम.टेक. छात्र उन्नति गुप्ता ने किया है। शोध टीम आलू के छिलके के अपशिष्ट का उपयोग जैविक एथेनॉल उत्पादन के लिए एक कच्चे माल के रूप में करने की संभावना की खोज कर रहे हैं। जैविक एथेनॉल, एक नवीनीकरणीय बायोफ्यूल, देश के कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता को कम करने और स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा विकल्पों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था, ऑब्जर्वेशन रूम तैयार

**नई दिल्ली :** महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24×7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी। इस बार रेलवे बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रेल मंत्रालय के अनुसार महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन रूम्स में हमेशा डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। यहां सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण मौजूद होंगे, जिससे यात्रियों को त्वरित उपचार प्रदान किया जा सके।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 08° |

## केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का किया एलान

# मनु समेत 4 खिलाड़ियों को मिलेगा खेल रत्न

**खेल मंत्रालय ने बयान में कहा, समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।**

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को करेंगी सम्मानित

### मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीता। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।




एजेंसी

**नई दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का एलान गुरुवार को कर दिया गया।


राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में विजेताओं को सम्मानित करेंगी। मनु और गुकेश के अलावा भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने बयान में कहा, समिति की सिफारिशों और सरकार की जांच के आधार पर खिलाड़ियों, कोच, विश्वविद्यालयों को पुरस्कार देने का फैसला किया गया है।

### 34 खिलाड़ियों को मिलेगा अर्जुन पुरस्कार

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल किया गया है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार मिलेगा। वहीं, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को ओवरऑल यूनिवर्सिटी विजेता के तौर पर मौलाना अबुल कलाम आजाद (माका) ट्रॉफी मिलेगी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फर्स्ट रनरअप और अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी सेकेंड रनरअप रही।

## कैमरून से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी

*** श्रमिक भाईयों को योजना से जोड़ें : सीएम**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैमरून में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित हो रही है। इस क्रम में एक बार फिर गुरुवार को 27 श्रमिकों की सुरक्षित वापसी हुई। शेष 08 श्रमिक 3 जनवरी 2025 की सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मालूम हो कि कैमरूम में फँसे 47 श्रमिकों में से 11 श्रमिकों की वापसी 29 दिसंबर 2024 को हुई थी, इसके बाद गुरुवार को 27 श्रमिकों को सुरक्षित लाया गया था। शेष श्रमिक भी भारत पहुंच चुके हैं लेकिन ये सभी शुक्रवार की सुबह झारखण्ड पहुंचेंगे। झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में मेसर्स ट्रांसराइल लाइटिंग लिमिटेड के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क कर मामले का सत्यापन किया। प्राप्त शिकायत के आधार पर सचिव एवं श्रमायुक्त के निर्देशानुसार संबंधित जिलों के श्रम अधीक्षकों ने नियोजकों/नियोक्ताओं और

**झारखण्ड के हजारीबाग, बोकारो तथा गिरिडीह के 47 श्रमिक सेंट्रल वेस्ट अफ्रीका के कैमरून में मेसर्स ट्रांसराइल लाइटिंग लिमिटेड के माध्यम से अगस्त 2024 से कार्यरत थे, जिन्हें वेतन भुगतान और कंपनी द्वारा अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने की जानकारी मुख्यमंत्री को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया था।**

बिचौलियों (मिडिलमैन) के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज किया है। कंट्रोल रूम की टीम लगातार ई-मेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों, कंपनी एवं श्रमिकों से संपर्क करते हुए श्रमिकों का कुल 39,77,743 बकाया रुपये का भुगतान कराया।मुख्यमंत्री ने श्रमिकों की वापिस के बाद विभागीय सचिव को इन श्रमिकों का पारिवारिक विवरण संग्रह कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबद्ध करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश के उपरांत सभी संबंधित श्रम अधीक्षक श्रमिकों का विवरण प्राप्त कर उन्हें योजनाओं का लाभ देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख थ्रू द एजेस पुस्तक को लॉन्च किया गया। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा,हमारे देश का इतिहास हजारों साल पुराना है। हर कोने से दुनिया भर की सभ्यता को कुछ न कुछ देने के लिए कई गतिविधियां हुई। लेकिन हमारी गुलामी के कालखंड में हमारा प्रजातीय आम्तविश्वास तोड़ने के क्रम में इसको विस्मृत कराने के कई प्रयास किए गए। एक झूठ फैलाया गया कि देश कभी एक था ही नहीं। देश की आजादी की कल्पना ही बेईमानी है, क्योंकि यह देश कभी था ही नहीं। ढेर सारे लोगों ने इस झूठ को स्वीकार कर लिया। जब इसके मूल में जाते हैं तो हमें मालूम पड़ता है कि अंग्रेजों के समय में लिखे गए इतिहास में कोई खराब इरादा नहीं होगा। उन्होंने कहा,अनुच्छेद 370 और 35ए ये हमारे देश को एक प्रकार से हमारे देश के साथ कश्मीर को एकरूप होने से रोकने वाले योगदान थे। उस वक्त भी जनता यह नहीं चाहती थी। संविधान सभा में भी बहुमत नहीं चाहता था, कि धारा 370 संविधान का हिस्सा बनें। पीएम मोदी के मजबूत संकल्प ने इसे कश्मीर से हटाया, जिसके बाद से कश्मीर और पूरे देश में विकास शुरू हुआ।अमित शाह ने कहा, कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। इसे कोई भी अलग नहीं कर सकता।

## रांची सदर के सीओ घूस लेते अरेस्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रांची के सदर सीओ मुंशी राम को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. मुंशी राम को उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तारी के बाद मुंशी राम के घर पर भी छापेमारी की गई, जिसमें 11 लाख 42 हजार रुपए बरामद किए गए. जानकारी के अनुसार मुंशी राम रांची के रहने वाले एक व्यक्ति से उसकी जमीन की मापी को लेकर 37 हजार की रिश्वत मांग रहे थे. पीड़ित ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में की थी. मामले की तफ्तीश के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को रांची के कचहरी स्थित मुंशी राम के कार्यालय में छापेमारी की और 37 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. झारखंड के डीजीपी और प्रभारी डीजी झारखंड एंटी करप्शन ब्यूरो अनुराग गुप्ता ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति से मुंशी राम ने जमीन के सीमांकन के लिए 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी. परेशान होकर पीड़ित ने एंटी करप्शन ब्यूरो को सूचना दी. जिसके बाद डीएसपी स्तर के अधिकारियों के द्वारा मामले की पड़ताल की गई, जिसमें सच्चाई पाई गई. मामले की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम रांची के कचहरी चौक स्थित अंचल कार्यालय में पीड़ित व्यक्ति के साथ पहुंची और जब पीड़ित व्यक्ति मुंशी राम को पैसे देने लगा तब पहले से मौजूद टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.

## देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल : खड़गे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने कहा है कि देश की आर्थिक स्थिति उथल-पुथल के दौर में है। इसके लिए मोदी सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है। उसके पास इसका कोई ठोस समाधान नहीं है।कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां एक बयान में कहा कि देश के आम लोगों के जीवन में व्याप्त अव्यवस्था को सात संकेतकों के माध्यम से आंका जा सकता है। इनमें गोल्ड लोन लेने वालों की संख्या में इजाफा और उसके एनपीए में आया उछाल प्रमुख है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोल्ड लोन में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि इसके एनपीए में 30 प्रतिशत उछाल आया है। लोगों के घरों में जरूरत की चीजों की खरीद और सेवाओं में पिछली 8 तिमाहियों में गिरावट दर्ज की गई है। यानि यह कोविड से पहले वाली स्थिति में नहीं पहुंच पाया है।खरगे ने कहा कि कार बिक्री में वृद्धि पिछले चार साल के निचले स्तर पर आ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, इसके लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा,मोदी जी आपके वार्षिक नए साल के संकल्प हर नागरिक के जीवन को नष्ट करने वाले जुमलों से कम नहीं हैं।

## लालू के ऑफर से बिहार की राजनीति में मचा हंगामा

एजेंसी

**पटना :** बिहार की राजनीति में एक बार फिर से कयासों का दौर शुरू हो चुका है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने सीएम नीतीश को वापस साथ आने का ऑफर दिया है। लालू के इस ऑफर ने बिहार की राजनीति में हंगामा और सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या नीतीश कुमार एक बार फिर से अपना पाला बदल सकते हैं? हालांकि, सभी कयासों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लालू के ऑफर अपना रिएक्शन दे दिया है।



राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को महागठबंधन में वापस आने का ऑफर दिया है। नए साल के मौके पर लालू यादव ने कहा है कि उनके दरवाजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए खुले हैं, और वह चाहें तो साथ आ सकते हैं। लालू यादव ने ये भी कहा है कि नीतीश कुमार भले ही भाग जाते हैं लेकिन हमने उन्हें माफ कर दिया है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू यादव के ऑफर को खारिज कर दिया है। नीतीश कुमार ने लालू के बयान पर कहा-क्या बोल रहे हैं, छोड़िये।

## संभल के विवादित जामा मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश

एजेंसी

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के विवादित जामा मस्जिद और हरिहर नाथ मंदिर मामले में गुरुवार को न्यायालय द्वारा नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने लगभग 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में पेश की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यह रिपोर्ट पेश की गयी है। एडवोकेट कमिश्नर राघव ने पत्रकारों को बताया कि सर्वे जिला कोर्ट के निर्देश पर किया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की टीम के साथ 19 नवंबर को शाही जामा मस्जिद में प्रथम सर्वे किया था। रात का समय और भीड़ को देख सुरक्षा कारणों से उस दिन सर्वे कार्य को बीच में ही स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद दूसरा सर्वे 24 नवंबर को किया गया। सर्वे के दौरान एकत्रित किए गए फोटो, वीडियो और मौके पर मिले तथ्यों आदि के साथ तैयार रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में सिविल जज सीनियर डिवीजन के कोर्ट में आज प्रस्तुत कर दिया गया। हमने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सर्वे रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में पेश की है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक यह रिपोर्ट खोली नहीं जाएगी।



# विधायक ने किया विद्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर :** गुरुवार को हैदरनगर के कुडुआ रोड में एंबिशन पब्लिक स्कूल का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के संचालक शमशाद आलम ने की। संचालन नवाजिश खान ने किया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रतियोगिता के दौर ने बेहतर शिक्षा आवश्यक है। उन्होंने संचालकों को कहा कि इस स्कूल से बच्चों की नींव रखी जानी है। शुरू में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तो आगे अच्छे कालेज में उनका नामांकन आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना इंसान अंधे के सामान होता है। शिक्षा ही व्यक्ति को सोचने समझने की क्षमता विकसित करती है। उन्होंने संचालक से अनाथ व गरीब बच्चों को न्यूनतम खर्च पर शिक्षा देने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में 160 विद्यालयों की स्थापना कराने का काम किया था। आज हुसैनाबाद हरिहरगंज के सरकारी विद्यालयों की कमियों को भी दूर करने का वह प्रयास कर रहे हैं। मौके पर राजद नेता कलीमुद्दीन खान, रिजवान खान, शमीम खान, मुखिया सुदर्शन राम, लल्लू सिंह, अहमद अली अंसारी, राजू खान के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण व बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

# डालसा के पहल पर जले हुये नाबालिग को भर्ती कर इलाज शुरू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एक मानसिक बीमारी से ग्रसित नाबालिग को जब फरका आया तो आग सेकते ही आग में गिर पड़ा जिससे उसके छाती व पीठ बुरी तरह जल गया था।एकाएक इस घटना की जानकारी पीएलवी डॉ शैल शिखा को हुई तो उन्होंने तुरंत उसके स्थिति का जायजा लेने उसके आश्रय स्थल पहुचीं।वह बालक अपने पिता के साथ उसी झोपड़ी में किसी तरह रहकर अपना जीवन निर्वहन कर रहा था। उसके माता का निधन पहले ही हो चुका है।बच्चे के पिता घटना के एक सप्ताह तक इलाज नही होने दे रहे थे ।संयोग ऐसा की पीएलवी की नजर उस बच्चे पर पड़ी तो पीएलवी ने बच्चे की जल जाने की सूचना व इलाज नही हो पाने की जानकारी डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव को दी। डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने तत्काल पीएलवी भागीरथी दुबे को बच्चे के पास भेजकर व उसके पिता को समझा बुझाकर बच्चे को पलामू मेडिकल कॉलेज एन्ड अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उसका इलाज बर्न वार्ड में चल रहा है। बच्चे का ड्रेसिंग दवा चल रहा है। वही बच्चे पर निगरानी के लिए पीएलभी को लगाया गया है। बिदित हो कि पीएलवी डॉ शैल शिखा लीगल सर्विसेज यूनिट फ़ॉर चिल्ड्रेन की सदस्य हैं। यूनिट का गठन नालसा व झालसा के निर्देशानुसार एक माह पूर्ब ही किया गया है। व डॉ शैल शिखा इसका प्रशिक्षण एक माह पूर्व ही ली थी।। डॉ शैल शिखा ऐसे बच्चे को पता लगाकर मदद पहुँचा रही हैं।

## रजक समाज ने श्राद्ध कार्य के लिये किया सहयोग



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत महूदण्ड पंचायत के महुडंड गांव निवासी ललन बैठा की निधन बीते दिनों हो गयी थी, श्राद्ध कार्य के लिए गुरुवार को हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, कोशी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी प्रमोद कुमार रजक, अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत रंजन, जयश्री बैठा, विकास कुमार महूदण्ड गांव पहुच कर परिजनों से मिल दुःख संवेदना व्यक्त कर परिजनों को सहायता दिया। जिसमें 15 किलो रिफाइन व 50 किलो आटा सहित आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर कृष्णा बैठा ने कहा कि ललन बैठा का कुछ दिन पहले मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद जानकारी मिली की उनका परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है, ललन बैठा अपने पीछे पत्नी, दो लड़का व तीन लड़की छोड़ गए है, केवल एक लड़की व एक लड़का का शादी हुआ है, बाकी दो लड़की व एक लड़का का शादी नही हुआ है, उन्होंने परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए आगे भी हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर ललन बैठा की पत्नी सरस्वती देवी, दिनेश रजक, श्रवण कुमार, राजेश्वर बैठा, ज्ञानू रजक, पनु रजक उपस्थित रहे।

# गोविंद ने सीपी मेमोरियल को, आरके पब्लिक ने ज्ञान निकेतन रेहला को हराया

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 17 वे दिन गोविंद हाई स्कूल ने सीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सहिजना को 93 रन से तथा आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा ने ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला को 19 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। पहले मैच में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सीपी मेमोरियल ने टॉस जीतकर गोविंद हाई स्कूल को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। गोविंद स्कूल ने बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी सिपी मेमोरियल की टीम 47 रन पर ही सिमट गई। दूसरे मैच में आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन ही बना पाई। 92 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन रेहला की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट होकर 72 रन ही बना पाई। आरके पब्लिक स्कूल की ओर से आकाश ने तीन और अतुल ने दो विकेट लिया मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद हाई स्कूल के गोलु को और आर पब्लिक स्कूल के आकाश को दिया गया। इस मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# संघर्ष ही सफलता का एक मात्र मूल मंत्र है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता, संघर्ष ही सफलता का एक मात्र मूल मंत्र है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है अनुमंडल मुख्यालय के पल्हे ग्राम निवासी नंदा चौबे ने। जिन्होंने अपने मेहनत के बल पर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में बैंक मैनेजर के पद पर चयनित होकर सफलता की एक नई इबारत लिख डाली है। नंदा चौबे एक बेहद गरीब परिवार से आते हैं। इनके पिता खेती करके किसी तरह परिवार का भरण पोषण करने के साथ ही उनकी पढ़ाई-लिखाई का खर्च बामुश्किल से उठा पाते थे। परंतु नंदा चौबे ने विपरीत परिस्थितियों को कभी अपने लक्ष्य में बाधा नहीं बनने दिया। उन्होंने वो कर दिखाया जो हर एक युवा के लिए मिशाल बन गया है। नंदा ने यह परीक्षा पास कर यह दिखा दिया की विषम परिस्थितियाँ कितनी भी बिषम हो हमें भ्रमित नहीं होना चाहिये। बशर्ते अपने लक्ष्य पर मजबूती के साथ डटे रहना होगा। उनके पिता सहदेव चौबे बोले-मुझे मेरे बेटे पर गर्व है। उनके पिता सहदेव चौबे के मुताबिक उनका एक सपना था कि उनका बेटा बड़ा होकर पढ़ लिखकर एक बड़ा अफसर बने जिसे उसने पूरा कर दिया है। उन्हें अपने बेटे पर बड़ा ही गर्व है क्योंकि वह जो चाहते थे उनके बेटे ने उसे पूरा कर यह साबित कर दिया कि परिस्थितियों सफलता की राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।

**संघर्ष ही सफलता का मूल मंत्र है**

जब कि नंदा का कहना है कि जिस पेड़ ने पतझड़ झेले हैं उसी पेड़ पर बसंत ऋतु आती है। अगर आप सफलता की ओर बढ़ रहे हैं तो आपके जीवन में कई बाधाएं आयेगी। लेकिन उन सब का आपको डटकर मुकाबला करना होगा। तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं। नंदा चौबे ने बताया कि संघर्ष ही सफलता का मूल मंत्र है। यदि आप अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं तो हमें कभी हार नहीं माननी चाहिये। परिस्थितियों कैसी भी हो हमें अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहना चाहिये। वह बताते हैं की इसी कड़ी मेहनत का नतीजा रहा कि उनका चयन मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में बैंक मैनेजर के पद पर हुआ।

## 30 हजार रुपए लेकर अयोग्य लोगों को अबुआ आवास देने का आरोप




**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर प्रखंड के बाघमनवा पंचायत में अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता बरती गई है. ग्रामीणों का आरोप है कि योग्य लाभुकों के बजाए अयोग्य लोगों को आवास आवंटित किया गया.इसके लिए लोगों से तीस से चालीस हजार रुपए तक वसूला गया.इतना ही नहीं पति और पत्नी दोनों को इस योजना का अलग अलग लाभ दिया गया. इस संबंध में ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को एक आवेदन देकर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है.उपयुक्त को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2018 - 19 में सुरेंद्र राम को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिया गया.वहीं उसकी पत्नी मंजू देवी को वित्तीय वर्ष 2024 -25 में अबुआ आवास आवंटित कर दिया गया.इसके अलावा गांव के कुछ संपन्न लोग जो बिश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में पक्का मकान बनवाकर रह रहे हैं, उन्हें भी अबुआ आवास आवंटित किया गया है. उक्त कुछ मामले तो बानगी मात्र हैं, गहनता से जांच हो तो कई और मामला भी प्रकाश में आयेगा.इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पूरे मामले की जांच करायी जायेगी।

**पंचायत सचिव पीएम आवास में मांग रहा है 20 हजार की रिश्वत**

# लाभुक द्वारा अधिकारी से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगांवा पंचायत निवासी नेहा कुमारी पति दीपक पांडे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी व उप विकास आयुक्त को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया हैं कि पंचायत के मुखिया धनवंती देवी पति दिलीप पासवान व पंचायत सचिव योगेंद्र राम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को मिल रहें आवास में लाभुक को योग्य करने के लिए 20 हज़ार रुपए का रिश्वत का मांग लाभुक से किया गया और जब लाभुक द्वारा इसका विरोध किया गया तो मुखिया व पंचायत सचिव ने मिलकर योग्य लाभुक के द्वारा रिश्वत नहीं दिए जाने पर अयोग्य कर दिया गया जिसकी शिकायत करते करते लाभुक थक चुकी हैं लाभुक नेहा कुमारी को समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर किस अधिकारी के पास जाए की प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सकें।

## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी ,कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक गुरुवार को संयुक्त रूप से पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव से उनके बेसन में मुलाकात कर नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर लोगो ने पीडीजे को गुलदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। बिदित हो कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियो के द्वारा नव वर्ष के अवसर पर न्यायालय खुलने के पहले दिन शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पलामू पलामू जिला में बार और बेंच का संबंध शुरू से ही मधुर रहा है ।बार बेंच एक दूसरे के सहयोगी रहे हैं। हम लोग एक दूसरे के साथ मिलकर न्यायहित में काम करते हैं।ऐसे में बार व बेंच का संबंध मधुर होता है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ हमेशा बेंच के साथ कदम में कदम मिलाकर चलने को तैयार है।

# एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में रेड़मा और कचहरी चौक के पास गुरुवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और लाइसेंस के दर्जनों वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से शहर थाना में रखा गया है। वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान दो मोटरसाइकिल चालक और एक बोलेरो गाड़ी के चालक शराब पीकर वाहन चला रहा था उसका भी वाहन का फाइन किया गया।इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा पकड़े गए सभी वाहनों को फाइन के लिए परिवहन कार्यालय भेज दिया गया है। पकड़े गए सभी वाहनों का टोटल चालान 49150 किया गया है।वही मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कहा कि लाख प्रयास के बाद भी लोग हेलमेट का प्रयोग नहीं कर रहे हैं।जिसके वजह से आए दिन लोगों को चालान भरना पड़ रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कहा की कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन ना चलाएं। यदि बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करते हुए फाइन किया जाएगा। मौके पर ट्रैफिक सहायक पुलिस के जवान हरेंद्र कुमार, शीतल पजापति, प्रभात कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

## शितलहर वाली ठंड में गरीबों कि जान बचा रहे हैं युवा समाजसेवी साजिद खान



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नववर्ष के दुसरे दिन भी गरीबों के अनेक निःशुल्क बैंक गढ़वा में ग्रामीणों का कपड़ा बैंक खुलते ही भीड़ उमड़ने लगा है। सभी जरुरतमंदों को कपड़ा बैंक के संचालक साजिद खान ने कम्बल और गर्म कपड़ों का उपहार भेंट किया। जिसे पाकर गरीबों ने दुआएं देते हुये भावुक मन से कहने लगी कि आपन बाल बच्चा से बढ़कर तोहन हमनी के सालों भर मदद करत बड़ बाबू नहित ई ठंडा में हमनी के बाल बच्चा के कौन देखत कइसे रहतन हमनी के बाल बच्चा।

## एसपी के निर्देश पर मनातू थाना पुलिस द्वारा 05 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को किया गया विनष्ट



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी के निर्देश पर दिनांक 02/01/2025 को मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांटी के जंगल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 05 एकड़ में अवैध रूप से की गई पोस्ता की खेती को विनष्ट किया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल में छापा मारा और बड़ी मात्रा में अवैध पोस्ता की खेती का खुलासा किया। टीम ने मौके पर ही फसल को नष्ट कर दिया और संबंधित मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों को चेतावनी दी है कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक, पलामू ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

# मिलिनीयम पब्लिक स्कूल में 24वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय बिशनपुर स्थित सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त टेन प्लस टू मिलिनीयम पब्लिक स्कूल मे गुरुवार को 24वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो केंद्रीय सदस्य ताहिर अंसारी, विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम, विद्यालय निदेशक मुमताज राही, निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि वार्षिक उत्सव समारोह में विद्यालय के निदेशक मो मुमताज रही के द्वारा जो सम्मान दिया गया इसके लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मिलिनियम पब्लिक स्कूल के लिए हम तन मन धन से हमेशा सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा की विद्यालय में बच्चे एवं शिक्षक में डिसिप्लिन देखने को मिलता है जहां अनुशासन है वहीं विद्यालय आगे बढ़ता है और तरक्की करता है। उन्होंने कहा कि भारत देश में तीन तरह के दान होता है शिक्षा दान, रक्तदान, व कन्या दान यह महत्वपूर्ण दान हैं। उन्होंने कहा कि हमारा कलम इस विद्यालय के लिए हमेशा चलता रहेगा जब भी आपकी आवश्यकता होगी आप हमारे पास आ सकते हैं। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा मिलिनियम पब्लिक स्कूल दिन प्रतिदिन आगे बढ़े विकास करें यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए बच्चों को प्रतिभा को निखारने के लिए लगातार कोशिश किया जाता है। विद्यालय निदेशक मो. मुमताज राही ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन में नया रूप देता है हमें समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। चेयरपर्सन नूरजहां बेगम ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं के द्वारा स्वागत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के चेयरपर्सन नूरजहां बेगम, विद्यालय निदेशक मो मुमताज राही ने आए हुए सभी अतिथियों बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मनमोह लिया। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, सुदेश्वर राम, तस्लीम खान सिनियर, महमूद आलम सीनियर, सदर तौहीद खान, नागेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक असगर अली, रोहित रॉय, प्रवेश रॉय, ऋषिकांत, ओमप्रकाश, प्रियंका, माया देवी, अर्पना, काजल, निकिता रॉय, नेहा, रीमा तिवारी ज़, कृति पूर्णिमा, आरजू खान, कौसर प्रवीण, अभिजीत कुमार, नसीर अंसारी, मनोज कुमार, मंटू पांडेय हजारी प्रसाद अमरनाथ पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आत्मा कार्यालय में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची द्वारा आत्मा कार्यालय, पलामू में जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान एवं कृषक कर्मियों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसानों को बताया गया कि एनपीएसएस ऐप की मदद से वो अपने खेत में लगने वाले कीट रोग की पहचान कर ऐप में दी गई सलाह को अपनाकर कीट रोग नियंत्रण कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट बीमारियों एवं उनके प्रबंधन हेतु विभिन्न आईपीएम तकनीक, बीजोपचार, मित्र कीट की पहचान एवं संरक्षण, कीटनाशक लेवल, चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, जिला कृषि अभियंता प्रकाश कुमार झलखो, उप परियोजना निदेशक प्रवीण राज, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, रांची कार्यालय से कार्यालय प्रमुख वनस्पति संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार एच.पी., सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्री संदीप कुमार सालवे, तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन एवं पूर्णेन्द्र मिश्र, आत्मा, पलामू कार्यालय के अन्य सदस्य एवं जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसान एवं कृषक कर्मी उपस्थित रहे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आज, झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया जायेगा

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान 3 जनवरी 2025 को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस व 1925-2025 ऑक्सफोर्ड ब्लू खिताब का स्वर्णिम समारोह के रूप में मनाया जाएगा. इस मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक से पूर्वाहन 11ः00 बजे मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी गण परंपरागत रूप से नृत्य, गीत, संगीत करते हुए जायेंगे एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे. आंदोलनकारी लाल व हरे रंग का झंडे लिए रहेंगे. इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण भी किया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो दी।

## कोर्ट से छवि रंजन की जब्त कागजात देखने की रखी मांग

**रांची ।** पूर्व डीसी रांची और जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन ने रांची (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर उन्होंने मांग की है कि उन्हें वैसे दस्तावेजों को देखने की अनुमति दी जाये, जो ईडी ने छापेमारी के दौरान जब्त किये हैं। हालांकि छवि रंजन की ओर से न्यायालय में दाखिल चार्जशीट में उन दस्तावेजों का जिक्र नहीं किया गया है. ऐसे में कोर्ट ने उनसे पूछा है कि वह किन दस्तावेजों को देखना चाहते हैं? बता दें कि छवि रंजन से पहले मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस की अभियुक्त पूजा सिंघल की ओर से भी ऐसी मांग की गयी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।

# मोबाइल चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मोराहबादी मैदान में आयोजित खादी एवं सरस मेला में निगरानी एवं विधि-व्यवस्था डियूटी के दौरान मेला के मुख्य द्वार के बाहर बापू बाटिका के पास कुछ लोग के द्वारा एक बालक को मोबाइल चोरी करने के आरोप में पकड़ कर रखा गया था, जिसके पैन्ट के पॉकेट से 1. एक लाईट ग्रीन कलर का हृश्चश्चश्च कंपनी, 2. एक क्कश्चष्श्च कंपनी का काला रंग का एण्ड्रॉयड मोबाइल एवं 3. एक ाद्धह्ल्श्च कंपनी का की-पेड मोबाइल बरामद हुआ। उस बच्चा से पूछने पर चोरी करने की बात स्वीकार किया तथा बताया कि शिवजी महतो एवं देव कुमार, दोनों पता-बाबुपुर, थाना तीनपहाड़, जिला साहेबगंज के द्वारा साहेबगंज से गरीब बच्चों को



पैसे का लोभ देकर लाता है और यहीं पर भीख मंगवाने एवं मोबाइल घोरी करने का गिरोह चलाया जाता है। जिसमें कई बच्चों को शामील किया है और बच्चों को हेहल, बॉसटोली, रॉची में किराये के मकान में रखता है। निरूद्ध बालक के निशानदेही पर सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत हेहल मांसटोली स्थित शिवजी महतो के कमरे की तलाशी लिये जाने पर एक ग्रे रंग के पीतू बैग में करीब 27 एण्ड्रॉयड मोबाइल एवं एक ाद्धह्ल्श्च कंपनी का की-पेड मोबाइल पाया, जिसके संबंध में पुछने पर वह स्वंय एवं बच्चों द्वारा चोरी कर लाये गये मोबाइल होने की बात बताया। तत्रपचात शिवजी महतो को गिरफ्तार किया तथा एक विधि विरुद्ध बालक को निरूद्ध किया गया। इस संदर्भ में लालपुर थाना कांड सं0-01/2025, , 02.01.2025, धारा-धारा-95/303 (2)/317 (2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता-2023 एवं धारा-76 किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) संशोधन अधिनियम-2021 के तहत् प्राथमिकी की गयी है।

**बरामद मोबाइलः** 29 विभिन्न कंपनी का एण्ड्रॉएड मोबाइल, 02 की पैड मोबाइल।

**छापामारी टीमः** सीटी डीएसपी केवी रमन, पुनि रूपेश कु सिंह, पुनि-सह-थाना प्रभारी, लालपुर थाना रॉची, पुअनि सत्यप्रकाश उपाध्याय, प्रभारी, मोरहाबादी टीओपी

पुअनि पंकज कु0 शर्मा, लालपुर थाना सअनि विकास कुमार सिंह, लालपुर थाना,आरक्षी 2524 धर्मेन्द्र कुमार 10.416 इरफान खान।

# सुमन गुप्ता ने ई-साक्ष्य ऐप से संबंधित किया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण, झारखण्ड की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय सभागार से सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल जमशेदपुर एवं रेल धनबाद सहित) के साथ विडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से नये अपराधिक कानून में प्रावधानित अपराध दृश्य, घटनास्थल, तलाशी एवं जप्ति प्रक्रिया तथा वादी एवं साक्षियों के बयान आदि को इलेक्ट्रानिक माध्यम से रिकार्ड किये जाने एवं ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड करने के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक ने अनुसंधान के मद्देनजर सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक को इस तथ्य से अवगत कराया कि जिस काण्ड में सात साल से अधिक का सजा का प्रावधान है उस काण्ड का विशेष रूप से विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के लिए शत प्रतिशत अनुसंधानकर्ताओं




को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग अनिवार्य रुप से करायी जाए। निर्देश एवं हिदायत दिया गया कि अनुसंधान में वांछित विडियोग्राफी या फोटोग्राफी नहीं होने के कारण यदि भविष्य में माननीय न्यायालय द्वारा कोई प्रतिकूल टिप्पणी किया जाता है या अनुसंधान को खारिज किया जाता है या झूठा होने का निर्णय दिया जाता है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी कांड के अनुसंधानकर्ता पर होगी। समीक्षा बैठक में पुलिस मुख्यालय की टीम द्वारा तैयार प्रजेंटेशन के माध्यम से ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग की विधि की जानकारी जिलों के सभी वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक के साथ साझा किया गया। इस समीक्षा बैठक में पुलिस मुख्यालय सभागार में सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण झारखण्ड के साथ कार्तिक एस, सीसीटी एनएस के राज्य नोड्ल पदाधिकारी-सह-पुलिस उप-महानिरीक्षक झासपु राँची, राजीव कुमार सिन्हा के वरीय निदेशक आईटी एनआईसी राँची, अनुप रंजन उपनिदेशक आईटी एनआईसी राँची, आईसी जेएस के स्टेट को-आर्डिनेटर, चितरंजन मिश्रा पुलिस निरीक्षक सह एसपीएमयू के प्रभारी, संदीप कौशिक सीसीटीएनएस के डाटाबेस एडमिन एवं एसपीएमयू के अन्य सदस्य भौतिक रूप से उपस्थित थे।

# गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई दी तथा राज्य गौ सेवा आयोग के द्वारा संचालित योजनाओं एवं राज्य के निबंधित गौशाला के आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे कार्यों के सन्दर्भ में विस्तार से जानकारी दी। आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि राज्य में गोबर प्रसंस्करण में प्रशिक्षण के माध्यम से साढ़े पांच हजार महिलाओं को को रोजगार के दृष्टिकोण से प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने के कार्यक्रम के बारे में भी मुख्यमंत्री महोदय को जानकारी दी ज्ञात हो कि इस



कार्यक्रम की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के तहत रांची जिले के बीस प्रखंड की दो सौ महिलाओं को प्रशिक्षित कर की जा चुकी है, साथ ही साथ आयोग के प्रस्तावित कार्यक्रम पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं सम्भावनाएं विषय पर राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय कार्यशाला हेतु मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन के लिए आमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही इस संबंध में सूचित करने की बात कही।

# राधा कृष्ण मंदिर की पूजा प्राण प्रतिष्ठा 5 जनवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कटहल मोड़ रोड पर पुंदाग मे झारखंड राज्य का सबसे बड़ा राधा कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन एवं श्री राजश्यामा जी (राधा कृष्ण) मंदिर की पूजा पधरावणी ( प्राण प्रतिष्ठा) 5 जनवरी 2025 को होने जा रहा है। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल निर्मल जालान, सचिव मनोज चौधरी एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित प्रेस वार्ता मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभारंभ 5 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 10 बजे ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर प्रणामी



समाज के 20 संत- महात्मा उपस्थित रहेंगे। वृंदावन से संत शिरोमणि डॉ स्वामी सदानंद महाराज एवं सिलीगुड़ी से परम पूज्य मोहन प्रियाचार्य महाराज के सानिध्य में संपूर्ण पूजन अनुष्ठान होगा। तथा शहर के 1500 से भी अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। तथा झारखंड के साथ-साथ दूसरे राज्यों से भी भक्तगण पधार रहे हैं। इस पूजा पधरावणी के मुख्य यजमान सरिता-विजय अग्रवाल (सुपुत्र विद्या देवी अग्रवाल- स्व0 दौलत राम अग्रवाल) होंगे। 5 जनवरी से यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर बना है। तथा इस मंदिर का निर्माण 7 वर्षो मे पूर्ण हुआ है। लगभग 30 डिसमिल भूखंड पर मंदिर का निर्माण हुआ है जिसकी ऊंचाई 40 फीट और लंबाई 80 फिट है। निर्माण 3500 वर्ग फीट में किया गया है। मंदिर राजस्थान के संगमरमर सफेद पत्थर एवं टाइल्स से मंदिर बना है। यह झारखंड में सबसे बड़ा श्री राधा कृष्ण का मंदिर है।श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत काल तक की झांकियां दिखाई गई है। मंदिर के मुख्य द्वार के ऊपर गोवर्धन पर्वत उठाएं भगवान श्री कृष्ण की वृहद प्रतिमा है। तो दूसरे द्वार में भगवान श्री कृष्ण की गोपियां के संग रासलीला करते भगवान सुदर्शन की प्रतिमाएं है। मंदिर में ग्रंथ भगवान के वस्त्र, मुकुट, मुरली, आदि की पूजा की जाएगी। मंदिर के पहले तल्ले पर सदुरु कृपा अपना घर सत्य प्रेम सभागार बनाया गया है जहां मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है। वहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है।

# डॉ महुआ माजी ने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक सोनाराम सिंकू ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके



मंगलमय जीवन की कामना की।

**आइपीएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, एडीजी जैप प्रिया दुबे, जैप-2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं मंगलकामनाएं दी।

# डीजीपी ने कौशल किशोर को बैच लगा कर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने अपने कार्यालय कक्ष में कौशल किशोर भा0पु0से0 (2012), आनन्द प्रकाश भा0पु0से0 (2012) एवं अंजनी कुमार झा भा0पु0से0 (2012) को बैच लगा कर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0-7278/सी0-31.12.2024 द्वारा कौशल किशोर भा0पु0से0, आनन्द प्रकाश भा0पु0से0 एवं



अंजनी कुमार झा भा0पु0से0 को -01.01.2025 के प्रभाव से भारतीय पुलिस सेवा के सेलेक्शन ग्रेड वेतनमान-में प्रोन्नति प्रदान किया गया है।इस अवसर पर अनुराग गुप्ता महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, राजकुमार लकड़ा पुलिस महानिरीक्षक (झा0स0पु0), मनोज कौशिक पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय, ए0 विजयालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), इन्द्रजीत माहथा पुलिस उप-महानिरीक्षक झारखण्ड जगुआर (एस0टी0एफ0), नौशाद आलम पुलिस उप-महानिरीक्षक (कार्मिक), अश्विनी सिन्हा पुलिस उप-महानिरीक्षक संचार एवं तक0 सेवाएं झारखण्ड, श्री पीयुष पाण्डेय समादेष्टा झा0स0पु0-10, होटवार, राँची, मनीष टोप्पो, पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा एवं अमीत रेणु पुलिस अधीक्षक (अभियान) तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति से पूर्व के छात्रों ने किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्ववर्ती छात्रों ने रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस मौके पर पूर्ववर्ती छात्रों ने नव वर्ष के अवसर को लेकर बधाई दी और उर्दू के वर्तमान शिक्षा और शिक्षकों के हालात पर चर्चा किए। इस मुलाकात में महफूज आलम और उनके साथ रांची विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्ववर्ती छात्र एवं पत्रकार इकबाल सबा एवं इंटक के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शेख वकील अहमद,उर्दू विभाग रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ एमडी रिजवान अली शामिल थे। कुलपति ने सभी की बातों को गंभीरता से सुना और इस पर आगे चर्चा करने का भरोसा जताया।

# खादी मेले में 25000 लोगों ने किया भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 के 13 वे दिन 1 जनवरी 2025 होने के कारण नव वर्ष को लेकर भारी उत्साह है द्य महोत्सव में लोगों द्वारा नव वर्ष का जश्न मनाया जा रहा हैद्य सुबह से ही खीली एवं गुनगुनी धूप में लोगों को आगमन शुरू हो गया थाद्य महोत्सव में लगभग 20000 टिकट बिके एवं लगभग 25000 लोगों ने भ्रमण कियाद्य महोत्सव परिसर में झारखंड पर्यटन विभाग की तरफ से लगाए गए स्टाल में झारखंड के सभी पर्यटन स्थलों की जानकारी विस्तृत रूप से दी जा रही है। मेला परिसर में स्केचिंग का जीवन प्रदर्शन किया जा रहा है द्य कालीन जोन में लोगों द्वारा कालीन बहुत पसंद किया जा रहा है ईरानियन कारपेट करीब ढाई लाख का बिक्री किया जा रहा है कालीन में बहुत बारीक काम किया गया हैद्य बारीकी का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि कालीन की 2 इंच की बुनाई दो दिन में पूरी होती है जो सिल्क के धागों से बना हैद्य इस कालीन पर पूरे गांव का नक्शा बना हुआ है ल आज महोत्सव में आने वाले आगंतुक एवं बच्चे स्वयं चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाना उत्साह के साथ सीख रहे हैं साबरमती आश्रम के जीवंत



प्रदर्शनी में बच्चों की भीड़ अधिक रहती है,तथा गांधी जी से संबंधित चित्र प्रदर्शनी से बहुत ही जानकारी प्राप्त की जा सकती है। महोत्सव में राजकीय शोक समाप्त होने के पश्चात दिनांक 2.1.2025 से बच्चों के खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रतिदिन महोत्सव में आने वाले आगंतुकों के मनोरंजन के लिए कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाएगी दिनांक 2.1 .2025 को कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा महोत्सव में विश्व देव महतो एवं दल पूर्वी सिम जमशेदपुर द्वारा नटुवा नृत्य , तथा जैनब जुबिन एवं दल द्वारा हिंदी गायन की प्रस्तुति की जाएगीद्य बच्चों के लिए 5 से 9 आयु वर्ग तथा 10 से 14 आयु वर्ग के लिए पॉपिंग बैलून एवं सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगाद्य जिन बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेना है महोत्सव परिसर में आकर में प्रातः 11ः00 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन कर लेंगेद्य महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की व्यवस्था की गई है द्यआज महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के साथ-साथ अन्य सामग्रियों की बिक्री लगभग दो करोड़ की रही है।

# राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम 06 जनवरी 2025 को खोजाटोली, नामकुम स्थित आर्मी ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 02 जनवरी 2025 को उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच निर्माण, अतिथियों/लाभुकों के लिए भोजन-पेयजल, सुरक्षा, पार्किंग आदि व्यवस्था की बारीकी से जानकारी ली। दूसरे जिलों से आनेवाले लाभुकों के लिए चिन्हित स्थानों पर अधीनस्थ कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कर भोजन/पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। नगर निगम




के संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त ने पर्याप्त संख्या में चलंत शौचालय की व्यवस्था एवं कार्यक्रम के दौरान और बाद में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए टीम की प्रतिनियुक्ति करें। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन करेंगे। योजना के तहत राज्य की 56 लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में दिसंबर माह से बढ़ी हुई 2500 रुपये की सम्मान राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी। पहले यह समारोह 28.12.2024 को होने वाला था, लेकिन देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद राज्य में सात दिनों के राजकीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

# एबी बर्धन की मनाई गई 9वीं पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीपीआई राज्य कार्यालय में सीपीआई के पूर्व महासचिव कॉम ए बी बर्धन की 9 वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि कॉम वर्धन सीपीआई के बौद्धिक और सांगठनिक स्तंभ थे। उन्होंने अपनी वैचारिक लड़ाई के साथ कभी समझौता नहीं किया।झारखंड से उनका विशेष लगाव था,उन्होंने 1939 में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के साथ मिलकर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का गठन किया और आदिवासी समाज के हितों को लेकर कई योजनाएं बनाई ,देश में उद्योगों ,बैंकों, एल आई सी,कोयला खनन के राष्ट्रीयकरण के समय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,।उन्होंने लम्बे समय तक पार्टी का नेतृत्व किया,वे लाल झंडे के एकीकरण के समर्थक थे।

उन्होंने यूपीए 1 की सरकार के समय कई जनहित कानूनों को लागू कराने की पहल किया।कॉम वर्धन की प्रासंगिता आज और बढ़ जाती हैं जब देश के संवैधानिक संस्थाओं और अधिकारों का हनन हो रहा है।वो चाहे किसानों के मांग हो या मजदूरों के लेबर कानूनों में संशोधन का मामला हो,कॉम वर्धन मजदूरों किसानों और इस देश के शोषित वंचितों के आवाज़ थे।इसलिए कॉम वर्धन को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब उनके विचारधारा को मजबूती से आत्मसात कर जनता की लड़ाई को तेज करे।इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से ,मनोज ठाकुर,किरण कुमारी, श्यामल , राजेश, फरजाना फारूकी, सफरूदीन सहित कई लोग शामिल थे ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बच्चों को अंग्रेजी बोलने की दिलायी गई शपथ

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को अंग्रेजी बोलने की शपथ दिलाई गई।स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर आर चौधरी ने नए साल में बच्चों को विद्यालय प्रांगण में अंग्रेजी बोलने की शपथ दिलायी।उन्होंने विद्यालय के वातावरण और परीक्षा परिणाम को सुधारने के लिए बच्चों को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी।बच्चों के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में स्वस्थ वातावरण जरूरी है।उन्होंने सभी अभिभावकों से भी स्कूल के बेहतर संचालन के लिए सहयोग की अपील किया।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ आर चौधरी ने स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे एवं समस्त अभिभावकों को नववर्ष की बधाई दी।इस अवसर पर कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।



## गेतलसूद तालाब का सौन्दर्यीकरण व छठ घाट का होगा निर्माण : डा. प्रदीप कुमार वर्मा

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गेतलसूद तालाब का सौन्दर्यीकरण कराकर छठ घाट का निर्माण कराया जाएगा। उक्त् बातें राज्यसभा सदस्य डा. प्रदीप कुमार वर्मा ने गुरूवार को गेतलसूद तालाब के निरीक्षण के क्रम में कहा। मौके पर भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार साथ में थे। डा. वर्मा ने कहा कि गेतलसूद तालाब के चारों तरफ पीसीसी पथ, गार्डवाल, तालाब की साफ-सफाई, चारों तरफ सोलर लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा। साथ ही छठ घाट के लिए सीढ़ी का निर्माण कराया जाएगा। प्रयास है कि इस तालाब को आदर्श रूप दिया जा सके। इस कार्य में सांसद फंड राशि के अलावा अन्य सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियों से मदद ली जाएगी। जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि गेतलसूद तालाब पूरी तरह से जीवंत तालाब है। गरमी में भी यहां जलस्तर यथावत रहता है। साथ ही तालाब के बगल में शनि मंदिर व हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। जिससे अन्य धार्मिक अनुष्ठान हो सके। दशकों से तालाब की सफाई नही हुई है। तालाब की साफ-सफाई होने से मछलीपालन को बढ़ावा मिलेगा। कई लोगों को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, भाजयुमो अनगड़ा अध्यक्ष संतोष महतो, उपमुखिया शंकर बैठा, शिकारी महतो, बिनोद चौधरी, राहुल महतो, वीचा उरांव आदि उपस्थित थे।



## उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण से संबंधित दिशा-निर्देश के आलोक में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति तथा रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त समेत अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।



## शीतकालीन शिविर का सफल समापन, 300 बच्चों ने लिया भाग



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चार दिवसीय शीतकालीन शिविर, जिसे एसआईओ खिज़ोरटोला और किशनपुर यूनिट ने जीआईओ के सहयोग से आयोजित किया था, 2 जनवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर मून इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें केजी से लेकर आठवीं कक्षा तक के 300 बच्चों ने भाग लिया। 30 दिसंबर से 2 जनवरी तक चले इस शिविर में कहानी सुनाना, क्विज़, नशीद, प्रस्तुतियां, सार्वजनिक भाषण, कला और शिल्प, और आउटडोर खेल जैसी रोमांचक गतिविधियां शामिल थीं। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, टीमवर्क और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देना था। शिविर का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों ने आयोजकों की सराहना की, जिन्होंने बच्चों को प्रेरित करने और उनके विकास के लिए एक सकारात्मक और सार्थक आयोजन किया

## चंदन गुफा धाम में 12 फरवरी को जतरा का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के खरपा चट्टान स्थित चंदन गुफा धाम में गुरुवार को स्थानीय ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता बिगल टाना भगत और संचालन करण कुमार महतो ने किया।इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चंदन गुफा धाम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर जतरा मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इस दौरान सर्वसम्मति से आगामी 12 फरवरी को चंदन गुफा धाम मे जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया एवं इसके सफल संचालन को लेकर समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए ग्रामीणों की अगली बैठक 5 जनवरी को रखी गई है।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक वर्ष चंदन गुफा धाम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर जतरा मेला का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के क्षेत्रो के अलावा दूर दराज के लोग भी इसमें शामिल होते हैं।बैठक में मुख्य रूप से बिगल टाना भगत,इकबाल हुसैन, रामे टाना भगत,विश्राम टाना भगत,करण कुमार महतो, बिरु मुंडा,जुलफान अंसारी, बाबुलाल भगत,बुधदेव टाना भगत,जया भगत,राजु भगत,जय प्रकाश महाराज, बिनोद उरांव,परमेश्वर भगत, रामदेव भगत,जगदीश भगत सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## चौकीदार बहाली प्रक्रिया के चयनित अभ्यर्थियों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** चौकीदार बहाली प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों ने आज समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा से मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई गई बहाली प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन और उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने अभ्यर्थियों को निर्देश दिया कि अपने कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी भूमिका का निर्वहन करें और जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दें।

चौकीदार बहाली प्रक्रिया का सफल और पारदर्शी आयोजन जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उपायुक्त ने सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कल्याणपुर चौक में मनाया गया स्वर्गीय बांदे उरांव की दसवीं पुण्यतिथि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में गुरुवार को स्व. बांदे उरांव की 10वीं पुण्यतिथी मनाई गई।इस मौके पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम मे स्व बांदे उरांव अमर रहे, जब तक सुरज चांद रहेगा बांदे उरांव तेरा नाम रहेगा का जोरदार नारा भी लगाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रजीत उरांव व संचालन पंकज दास ने किया।बतौर मुख्य अतिथि मे रूप मे रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन ने कहा कि स्व बांदे उरांव कल्याणपुर पंचायत के मुखिया के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय नेता भी थे।उन्होंने अलग राज्य की लड़ाई को इस क्षेत्र से गति देने का काम किए थे।उनके मुखिया कार्यकाल में कई स्कूल, पुल पुलिया, भवन, सड़क, निर्माण,बाजार, मेला आदि का विस्तार किया गया।वे सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे।वह हम सबों के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे।क्षेत्र मे उनके द्वारा किए गए कार्यो को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है।पुण्यतिथी के अवसर पर गरीब असहाय महिलाओ और पुरुषो के बीच कम्बल का वितरण किया गया।इस मौके पर झामुमो नेत्री सरोज देवी, धनेशवर गंझु,जेपी महाराज, बीरु मुंडा,मोहम्मद जुलफान, शंकर साव,जयपाल उरांव, दिरपाल उरांव,सुसिन देवी, मनीषा कुजूर,राजेश ठाकुर सहित कई लोग मौजुद थे।



## खरसावां गोलीकांड के शहीदों को तमाड़ में श्रद्धांजलि दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ में साल के पहले दिन एक जनवरी को आदिवासी समाज के लोगों द्वारा खरसावां गोली कांड में शहादत हुए आदिवासी शहीदों के प्रति शोक दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। फुटबॉल मैदान तमाड़ के डोड़ेया में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद हुए हजारों आदिवासी समुदाय के प्रति एक मिनट का मौन धारण करते हुए एवं प्रतिक चिन्ह के सामने पुष्प अर्पित एवं अगरबत्ती जलाकर नमन किया गया वहीं भगवान् बिरसा मुंडा के मुर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। इस दौरान शोक सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने कहा कि 1 जनवरी आदिवासी समुदाय के लिए एक काला दिवस है, दुख का दिन है। 1 जनवरी हमारे लिए कभी भी नव वर्ष नहीं हो सकता है। भारत के बिहार राज्य (अब झारखंड में) के सिंहभूम खरसावां हाट मैदान में 1 जनवरी 1948 को खरसावां गोली कांड हुआ था। सरायकेला और खरसावां जिले के खरसावां हाट मैदान में सरायकेला और खरसावां रियासत का ओड़िशा में विलय के खिलाफ और अलग झारखंड राज्य की मांग लेकर आदिवासियों की एक बड़ी, शांति पूर्ण भीड़, विरोध करने के लिए एकत्र हुई थी। जिन पर ओड़िशा पुलिस बल ने मशीन गन द्वारा गोलियां बरसाई गई। डाक्टर राममनोहर लोहिया ने इसे दूसरा जलियांवाला बाग हत्याकांड कहा। हजारों निहत्थे महिला पुरुष एवं बच्चे इस गोली कांड में शहादत हुए थे जो हमारे लिए बहुत ही दुखद है। इस कांड को आदिवासी समुदाय कभी नहीं भूल सकता है। यह घटना भारत ही नहीं बरन विश्व के समस्त आदिवासियों के लिए कलंकित और काला दिवस के रूप में सदैव याद रखा जाएगा। वहीं पूर्णचंद्र मुंडा ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखदायी है।

ऐसे घटना और न हो इसके लिए सभी आदिवासी समुदाय के विभिन्न नाम धारी जातियों को एकजुट होकर रहना होगा। शोक सभा में मुखिया अनिता देवी ने एवं सुखलाल मुंडा ने भी अपना विचार प्रकट किया। कार्यक्रम में हीरा मुंडा लक्ष्मण मुंडा नारायण मुंडा हरि मुंडा गणेश मुंडा अनिता देवी शिशुपाल मुंडा, कन्हाई पातर, गणेश मुंडा, महेश मुंडा देव कुमार उरांव सोमनाथ उरांव। सुकरा मुंडा निर्मल पुरान अभिमन्यु मुंडा आदि शामिल थे।

## कर्रा के केदली गांव में जंगली हाथी के चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के केदली गांव निवासी छुनकू बाखला उम्र करीब 75 वर्ष को बुधवार सुबह जंगली हाथी के चपेट में आने से मौत हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार छुनकू बाखला मंगलवार शाम 5 बजे अपने घर मेहमानी के लिए कर्रा-नगड़ी के सिमांना पर जंगल से सटे सौवका गांव निकाला था जहां सालका गांव से पहले छुनकू बाखला का खलियान है मंगलवार शाम को घर नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा खोजबीन किया जा रहा था लेकिन कुछ पता नहीं चला तभी बुधवार दोपहर डेढ़ बजे ग्रामीणों ने छुनकू बाखला का कर्रा-नगड़ी स्थित सौवका बोडर पर छुनकू बाखला का छत-विक्षत शव दूंगा गया. घटना स्थल पर जंगली हाथी का पैर का पांज भी देखा गया तभी घटना कि जानकारी मिलने पर खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा, छाता मुखिया सुखराम मुंडा, वनपाल अमर स्वासी, वनपाल राकेश कुमार, वन रक्षी संबल बड़ाइक, सूरज दास, आशिष कुमार सहित आसपास गांव वन अध्यक्ष केदली गांव पहुंचे और परिवार ढ़ाढस बंधाया. वही वन विभाग द्वारा मृतक छुनकू बाखला के परिजनों तत्काल बीस हजार रूपया सहयोग राशि दिया गया. मृतक छुनकू बाखला के छत-विछत को कब्जे में करके कर्रा थाना लाया गया है जिसमें गुरूवार पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा जाएगा. वही मृतक के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है ओर पुरे गांव जंगली हाथी का भयानक भय बना हुआ है वन विभाग द्वारा फिर से केदली गांव के ग्रामीणों के टॉर्च, पटाखा व मशाल इत्यादी का वितरण किया गया. और जंगली का क्षेत्र में भ्रमणशील होने के कारण लोगों सावधान रहने कि बात कही गयी।

## अनाथ बच्चों के बीच बांटे गए कंबल



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सर्दी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए अनाथ बच्चों के बीच कंबल वितरित किए गए। खूँटी प्रखंड में स्थित सहयोग विलेज एवं आशा किरण में रह रहे बच्चों के बीच यह वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी समेत अन्य अधिकारियों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें कंबल प्रदान किए। इस मानवीय पहल का उद्देश्य ठंड से बचाव के साथ-साथ बच्चों में सुरक्षा और आत्मीयता का भाव जगाना है। जिला प्रशासन ने इस प्रयास के तहत समाज के कमजोर वर्गो के प्रति अपनी संवेदनशीलता और समर्पण का परिचय दिया है। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जरूरतमंदों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति के मामले में अनिल पाल्टा से मिले बंधु तिर्की



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पूर्व मंत्री व झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने 2016ड्ढ17 में अंतिम रूप से चयनित ईटकी एवं नगड़ी के गृहरक्षकों के अभ्यर्थियों साथ डीजी अनिल पालटा से मुलाक़ात कर 2016ड्ढ17 में रांची के ईटकी और नगड़ी प्रखण्ड के चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति का आग्रह किया. और जल्द से जल्द ज्वाइनिंग लेटर देने कि बात कही डीजी अनिल पालटा ने श्री तिर्की को अस्वस्थ करते हुए कहा कि होमगार्ड सेक्रेटरी से इस विषय में बात कर इसे जल्द निदान करने की बातें कही। ज्ञात हो कि 2017 में गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान ही बेड़ो प्रखण्ड से अलग कर ईटकी तथा रातू प्रखण्ड से अलग कर नगड़ी प्रखण्ड का गठन किया गया था जिसके कारण सम्बंधित ईटकी एवं नगड़ी प्रखण्ड के अंतिम रूप से चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी थी. मौके पर वसीम इक़बाल सहित होमगार्ड अभ्यर्थी मौजूद थे

## पिपरवार मे प्रबंधन, युनियन और असंगठित मजदूरों के बीच हुई वार्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में गुरुवार को सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन,यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन और बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की सयुंक्त बैठक (वार्ता) हुई।इस बैठक में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो भी शामिल हुए।इस बैठक में असंगठित मजदूरों के द्वारा 7 जनवरी से किया जाने वाले बचरा साईडिंग मे हड़ताल को लेकर चर्चा की गई।साथ ही यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में असंगठित मजदूरों के द्वारा सीसीएल प्रबंधन को सौंपे गए पांच सूत्री मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे बचरा साईडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों को हाई पावर कमेटी का लाभ देने,पीएफ कटौती, फार्म डी में हाजरी बनाने और बकाया बोनस भुगतान करने सहित अन्य कई बातों पर चर्चा की गई।बैठक मे सीसीएल प्रबंधन के द्वारा जल्द ही संबंधित कंपनी से बात कर पुनः वार्ता आयोजित कर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन के द्वारा 7 जनवरी से होने वाले हड़ताल को स्थगित करने की अपील की गई,जिसे खारिज करते हुए जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने कहा कि 7 जनवरी से पूर्व असंगठित मजदूरों की मांगे पूरी नहीं की गई तो मजदूरों के द्वारा आंदोलन किया जाएगा।वहीं प्रबंधन के द्वारा 2 से 3 दिन के अंदर पुनः वार्ता कर मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस वार्ता में प्रबंधन की ओर से कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल,सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो सहित यूनियन की ओर से लखनलाल महतो, कामेश्वर राम,बाबूलाल राम, विमल महतो,मोहम्मद रहमतुल्लाह,दिनेश भर, कृष्णा चौहान,रामजीत राम, चमन महतो,बिजली महतो, मुंशी महतो, रविंद्र महतो, दिलीप चौधरी, चिंतामण महतो,भोला महतो, शंकर महतो,धनेश्वर महतो, चंदेव महतो,टिंकू महतो, जितेंद्र महतो,करण महतो, जयशंकर चौधरी, लटन महतो सहित कई लोग मौजूद थे।



## जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान बचरा पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।जिसके बाद यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे बचरा रेलवे साइडिंग से जुड़े असंगठित मजदूरों के साथ बैठक की।बैठक मे असंगठित मजदूरों ने पौधा देकर एवं अंग वस्त्र प्रदान कर लखनलाल महतो को सम्मानित किया।बैठक मे बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।हेम्स कम्पनी पर मजदूरों का शोषण करने का आरोप लगाया गया।बैठक को संबोधित करते हुए लखनलाल महतो ने कहा कि बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरो के साथ शोषण किया जा रहा है।रेलवे साइडिंग में नियम कानून को दरकिनार कर मजदूरों को एचपीसी का वेतन नहीं दिया जा रहा है। संवैधानिक फॉर्म में हाजरी नहीं बनाया जा रहा है।सीएमपीएफ कटौती नहीं की जा रही है।कंपनी के द्वारा वेतन पर्ची भी नहीं दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि साईडिंग के मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर यूनियन के नेतृत्व में सभी मजदूर 7 जनवरी से हड़ताल करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए प्रबंधन को नोटिस दिया जा चुका है। बचरा साईडिंग में होने वाले हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी मजदूर पूरी तरह से एकजुट है।उन्होंने कहा कि जेबीसीसीआई की अनुशंसा पर लागू किए गए हाई पावर कमेटी का लाभ असंगठित मजदूरों को नहीं मिल रहा है।यह स्थिति सीसीएल के सभी क्षेत्रों की है।उन्होंने कहा कि जहां आंदोलन हुआ है वहां मजदूरों को अधिकार भी मिला है।बिना आंदोलन के मजदूरों की कोई मांग पूरी नहीं होती है इसलिए मजदूर इस हड़ताल को सफल बनाये।बैठक में कामेश्वर राम,मोहम्मद रहमतुल्लाह, बाबुलाल राम,विमल महतो, चमन महतो,बिजली महतो, जयशंकर चौधरी,आईडी मेहता,लकेश्वर लाल,कयुम अंसारी,दिलीप चौधरी, रामजीत राम सहित सैकड़ों की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।



## पत्रकार संगठन एआईएसएमजेडब्ल्यूए दिल्ली के प्रदेश प्रभारी बने राजेश राय



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): :** ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शहर के पत्रकार राजेश राय को दिल्ली प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री प्रीतम सिंह भाटिया ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में लंबे समय से अनुभव रखने वाले श्री राय के देख रेख में दिल्ली में संगठन को मजबूती मिलेगी। श्री राय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले अन्य संगठनों में भी अच्छा काम किया है।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने पीवीटीजी के साथ मनाया नया साल का जश्न



**सुकिंदा/जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने बुधवार को यहां सुकिंदा क्षेत्र के मनकड़िया समुदायों के साथ नया साल 2025 मनाया। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के अंतर्गत आने वाले समुदायों के कलारंगियाटा गांव में पहुंचकर फाउंडेशन ने केक काटने की रस्म का आयोजन किया और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। गांव के 100 बच्चों सहित लगभग 200 आदिवासियों ने उत्सव में हिस्सा लिया। इस मौके पर टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के कार्यकारी प्रभारी पंकज सतीजा, खान प्रमुख (एफएएमडी) शंभूनाथ झा, प्रशासन प्रमुख (एफएएमडी) प्रमोद कुमार और स्टील प्रमुख के अन्य अधिकारियों ने शामिल हुए और जश्न मनाया। पीवीटीजी समुदाय के सदस्यों को खुशहाल और सुरक्षित नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पंकज सतीजा ने कहा, हमारी सांस्कृतिक परंपराएं हमारी ताकत हैं और आधुनिक अवसरों को अपनाते हुए उन्हें संरक्षित करना एक उज्जवल कल की कुंजी है।

## बांकादा-गागीबुरू में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम प्रखंड के बांकादा-गागीबुरू फुटबॉल मैदान में गुरुवार को बांकादा फुटबॉल टीम की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 16 टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच जोबा एफसी और डांगडुंग फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय और पेनाल्टी शूट आउट में दोनों ही टीमें बराबरी पर रही। टॉस में जोबा एफसी ने डांगडुंग फुटबॉल टीम को हराकर विजेता बनी। विजेता टीम को 20 किलोग्राम पोल्ट्री, उप विजेता डांगडुंग फुटबॉल टीम को 15 किलोग्राम पोल्ट्री, तृतीय बांकादा एफसी और चतुर्थ डिसप्ले एफसी पाकोटांड़ा दोनों को 10-10 किलोग्राम पोल्ट्री देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में भरत, सुभाष, सोना, रोना, गोकुल, कृष्णा और बिपिन आदि का अहम योगदान रहा।

## चौकादार भर्ती लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का 7-9 जनवरी तक होगा शारीरिक जांच

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चौकीदार सीधी भर्ती लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का औपबंधिक परीक्षाफल एवं अंतिम उत्तर कुंजी जिला के वेबसाईट www.jamshedpur.nic.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक माप एवं जाँच हेतु पुलिस **लाइन गोलमुरी में प्रात : 7 बजे से निम्नवत तिथि निर्धारित की गयी है-** 1. 7 जनवरी 2025 को परीक्षाफल सूची पृष्ठ संख्या 1 से 02 तक में अंकित रॉल नम्बर । **2.** 8 जनवरी 2025 को परीक्षाफल सूची पृष्ठ सं. 03 से 04 तक में अंकित रॉल नम्बर वाले अभ्यर्थी । **3.** 9 जनवरी 2025 को पृष्ठ संख्या 05 से 06 तक में अंकित रॉल नम्बर वाले अभ्यर्थी

## आज रोटरी क्लब के कार्यक्रम में 108 आपातकालीन सेवाओं के जनक होगें शामिल

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट ने 3 जनवरी शुक्रवार की शाम को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसमें 108 आपातकालीन सेवाओं के संस्थापक डॉ. सुधाकर वाराणसी मुख्य वक्ता होंगे। यह कार्यक्रम बेल्डीह ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे होगा, जिसमें फेलोशिप भी शामिल है। यह जानकारी रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर वेस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमित मुखर्जी ने गुरूवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि डॉ. सुधाकर, एक अग्रणी आपातकालीन चिकित्सा सेवा विशेषज्ञ, अपनी प्रेरणादायक यात्रा और 108 सेवाओं की स्थापना में आई चुनौतियों पर प्रकाश डालेंगे। यह कार्यक्रम उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और सार्वजनिक सेवा के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

## चोरों ने पांच फ्लैट के ताले तोड़कर चोरी की घटना को दिया अंजाम

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया के सातवाहिनी जुलुमताड़ स्थित साई कल्पना अपार्टमेंट में बीते बुधवार की रात चोरों ने पांच फ्लैट के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह हुई, जब स्थानीय लोगों ने ताले टूटे देखे। तत्पश्चात उन्होंने घटना की सूचना आदित्यपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची आदित्यपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अपार्टमेंट के सिक्योरिटी सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीरें कैद हो गई हैं, जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, जिन फ्लैटों में चोरी हुई है उनके गृहस्वामी बाहर गए हुए थे। कुछ फ्लैट महीनों से बंद थे, जबकि कुछ विगत दस दिनों से खाली थे। जिन फ्लैटों में चोरी हुई है उनमें ए ब्लॉक प्रथम फ्लोर में उमाशंकर प्रसाद का फ्लैट, पांचवें फ्लोर में डॉ. एनके. यादव, बी ब्लॉक में प्रशांत कुमार और अशोक चौधरी के घर तथा सी ब्लॉक में राजीव रंजन सिंह के फ्लैट में चोरी की घटना हुई है। इस घटना से प्रतीत होता है कि चोरों ने कई दिनों तक बंद फ्लैटों की रेकी की थी। उसके बाद मौके का फायदा उठाकर ताले तोड़े और घरों को खंगाल दिया। कितने की चोरी हुई है, यह फ्लैट मालिकों के लौटने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## भिलाईपहाड़ी में विशाल टुसू मेला 14 को, मंत्री रामदास सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएच 33 के किनारे स्थित देवघर पंचायत के भिलाईपहाड़ी हाट मैदान में 18वां वार्षिक झारखंडी कला संस्कृति टुसू मेला का आयोजन इस वर्ष 14 जनवरी को होगा। मेला में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन शामिल होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथियों में जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी, पोटका विधायक संजीव सरदार, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती, पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी, झामुमो के वरिष्ठ नेता सह पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार व सम्मानित अतिथि के रूप में जिला पार्षद प्रभावती दत्ता, मुखिया शशि सिंह सरदार, उप मुखिया श्रीमंत गौड़, पंसस अंगूरी गौड़ व बासंती सिंह आदि मौजूद रहेंगे। इस संबंध में मेला के मुख्य आयोजनकर्ता सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष पिंटू दत्ता ने बताया कि टुसू में कुल 79 हजार का पुरस्कार रखा गया है जो प्रथम स्थान से लेकर 12वें स्थान तक के टुसू दल को दिया जाएगा। पहला पुरस्कार अजय गोराई के द्वारा 15,501 रुपए दिया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई आईटीडीए एवं कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक, कहा

# योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता नहीं बरतें, लाभुकों को ससमय पहुंचायें लाभ

**- सभी प्रखंडों को नया कल्याण छात्रावास बनाने के लिए प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आई.टी.डी.ए एवं कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई । परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिल शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, साइकिल वितरण, बिरसा आवास, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरना/ मसना/ जाहेरस्थान/ हड़गड़ी का संरक्षण एवं विकास आदि विभागीय योजनाओं में अद्यतन प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई । साथ ही सभी प्रखंडों से आवश्यकतानुरूप आकलन कर नया कल्याण छात्रावास बनाने के लिए प्रस्ताव बनाने का निदेश दिया गया । वहीं इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का ज्यादा से ज्यादा



प्रचार-प्रसार किए जाने एवं लाभान्वित करने का निदेश दिय गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान जल्द सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया । वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए जिला में कुल 111495 बच्चों ने ई-कल्याण पोर्टल में पंजीकरण किया है जिनमें 78136 को भुगतान किया जा चुका है, शेष 33359 बच्चों का सत्यापन कराते हुए यथाशीघ्र छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। वहीं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ई-कल्याण पोर्टल में 119 संस्थान पंजीकृत हैं। राज्य के भीतर के संस्थानों में अध्ययनरत 7921 विद्यार्थी एवं राज्य के बाहर के संस्थानों में पढ़ने वाले 218 विद्यार्थियों ने अबतक छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए पंजीकरण किया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में साइकिल वितरण योजना के तहत 15044 के लक्ष्य के विरूद्ध 3711 बच्चों को साइकिल वितरित किया गया है। सासंद एवं विधायकगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जल्द साइकिल वितरण सुनिश्चित करने का निदेश सभी प्रखंडों को दिया गया । बिरसा आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक कुल स्वीकृत 371 ईकाई में 349 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 22 आवास के लाभुकों से समन्वय बनाकर जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वैसे लाभुक जिन्हें आवास के लिए दूसरे किश्त का भुगतान नहीं हुआ है उन्हें जल्द राशि वितरण का निदेश दिया गया। बैठक में कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना, सरना/ मसना/ जाहेरस्थान/ हड़गड़ी का संरक्षण एवं विकास, आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्र, मांझी भवन, मानकी मुंडा भवन, धुमकुड़िया भवन निर्माण आदि में भी प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निदेश दिया गया ।

## लाइव ड्राइंग कलाकार ने पप्पू सरदार को दिया अनोखा नववर्ष उपहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो जवाहरनगर निवासी और पिछले 14 वर्षों से गुड़गांव में रहने वाले लाइव ड्राइंग आर्टिस्ट अवि विनय ने नए साल के अवसर पर समाजसेवी पप्पू सरदार को एक खास उपहार दिया। अवि विनय ने 20 मिनट में सिने तारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक और मनोहर चाट के मालिक पप्पू सरदार की लाइव ड्राइंग बनाकर उन्हें प्रिंट कर उपहार स्वरूप भेंट की। इस संबंध में अवि विनय का कहना है कि जब भी वह जमशेदपुर आते थे, पप्पू सरदार के चाट का स्वाद लेने मनोहर चाट ज़रूर जाते थे। इस बार उन्होंने सोचा कि पप्पू सरदार की लाइव ड्राइंग बनाकर उन्हें खास तोहफा दिया जाए। अवि विनय अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब अकाउंट्स पर लाइव ड्रॉइंग की कला दिखाते हैं और इसे अपने दर्शकों के साथ साझा करते हैं। बचपन से ड्राइंग का शौक रखने वाले अवि ने अपने करियर की शुरुआत रोड डिवाइडर और वॉल पेंटिंग से की। नंबर प्लेट लिखने से लेकर उन्होंने धीरे-धीरे अपनी कला को निखारा और आज लाइव ड्रॉइंग के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। उनकी मेहनत और समर्पण का नतीजा है कि लोग उनकी कला को पसंद करते हैं और सोशल मीडिया पर उनकी पेंटिंग को सराहते हैं। अवि विनय की यह अनोखी पहल कला और सामाजिक सम्मान का एक बेहतरीन उदाहरण है।



## हाथी हमले के पीड़ित को जिला पार्षद ने किया सहयोग



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत अंतर्गत फुलकूटा मे हाथी के हमले से क्षतिग्रस्त घर के मालिक धुनू हांसदा को जिला पार्षद शिवनाथ मांडी ने सहयोग किया। गुरुवार को पीड़ित धुनू हांसदा के घर जाकर क्षति का जायजा लिया। तिरपाल दिया व बीट के वनकर्मी अभिलाष महतो को जल्द क्षतिपूर्ति देने के लिए आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही वन विभाग की ओर से हाथियों को भगाने के लिए पटाखे आदि दिलाया। विदित हो कि 31 दिसंबर की रात को जंगली हाथी ने फुलकूटा के धुनू हांसदा के मिट्टी के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को खा लिया था। इस दौरान वन विभाग के कर्मी अभिलाष महतो भी उपस्थित थे।

## सीता पंजा मेला कमेटी का हुआ गठन, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के प्राचीन कालीन प्रसिद्ध सीता पंजा मेला का कमेटी गठन किया गया। मेला का संचालन हेतु चोगा,चीतरी , चीमटीया, झारूआ, चुनचुड़ीया, आदारडीह सहित दर्जनों गांवों के सहयोग से कमेटी का गठन किया गया। मेला कमेटी का अध्यक्ष अघोर प्रसाद महतो, महासचिव रंजीत प्रामाणिक, कोषाध्यक्ष अनाथ महतो तथा सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रफुल्ल प्रामाणिक, सचिव कमला कांत महतो सहित 5-5 सचिव व उपाध्यक्ष का चयन किया गया। मालूम हो कि सीता नाला में सीता पंजा मेला प्राचीन काल से मकर संक्रांति को लगता है, जहां दुर दराज से लोग मकर संक्रांति को मकर स्नान कर सीता पंजा व सीता राम मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं और मेला का आनंद लेते हैं। वहीं उप मुखिया संतोष सिंह ने बताया कि हल वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला का संचालन के लिए संचालन कमेटी का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से यह मेला मकर संक्रांति के दिन लगता है। मेला में झुमर डांस,पाता नाच सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। मौके पर हृदय रंजन महतो, क्षेत्रपति महतो, राजेंद्र गोप, रमेश रेवानी भीष्म देव महतो, सुखराम सिंह मुण्डा, बीभूती भूषण महतो,प्रिय रंजन महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## उर्दू के महान शायर मिर्जा गालिब के नाम उर्दू भवन ने काटा केक, शामिल हुए शहर के शायर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर की साहित्यिक संस्था उर्दू भवन के तत्वाधान में विगत संध्या नव वर्ष के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नगर में संस्था के कोषाध्यक्ष सैयद साजिद परवेज के आवास पर हुआ जिसमें उर्दू के महान शायर मिर्जा गालिब के नाम पर केक काटा गया। उनकी याद में शेरो-शायरी की महफिल सजाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज और दया अस्पताल, मानगो के डायरेक्टर मुमताज़ अहमद विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिन्हें कोरोना अवधी तथा उसके बाद आम जनता को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए उर्दू भवन की तरफ से सम्मानित किया गया। सभा में उपस्थित लोगों का स्वागत डॉ हसन इमाम मालिक ने किया। वरिष्ठ शायर अनवर अदीब ने नशिस्त की अध्यक्षता की। सभा में हसरत निजामी, सफदर हारून, वालीउल्लाह वली, सफीउल्लाह सफी, सकलैन मुश्ताक, फरहान खान फरहान, सद्दाम गनी, गौहर अजीज तथा अनवर अदीब ने गजलें पढ़ीं। कार्यक्रम का संचालन गौहर अजीज ने किया तथा डॉ सैयद जाहिद परवेज ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के व्यवस्थापक सैयद साजिद परवेज थे।



## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी हमेशा याद किए जाएंगे : धर्मेन्द्र सोनकर

**- आवासीय कार्यालय शास्त्रीनगर में उनके आत्मा के शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर की अध्यक्षता में गुरुवार को आवासीय कार्यालय शास्त्रीनगर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के आत्मा के शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह की तस्वीर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर एवं जिला उपाध्याय बबलू झा ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में धर्मेंद्र सोनकर ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने अपने शांत एवं मधुर स्वभाव से देश हित में कठोर निर्णय लेते हुए ज्यादा से ज्यादा काम किए। सभा में 2 मिनट का मौन रखा गया। वही बबलू झा ने कहा कि विश्व में आर्थिक मंदी के दौर में भारत को मजबूत स्थिति में बनाए रखने वाले दूरदर्शी प्रधानमंत्री के रूप में डॉ मनमोहन सिंह हमेशा याद किए जाएंगे। इस सभा में उपरोक्त के अलावा बादशाह जिला सचिव बादशाह,, सुल्तान अहमद, शमीम गदी, जिला महासचिव अमित दूबे, शशि भूषण प्रसाद और अजितेश एवं उज्जैन, राजेश ठाकुर, दीपक, बीजू नाग, काके सिंह,मोहम्मद आसिफ, अजय महतो,करण सोनकर मौजूद थे।



## जीएस ऑटो इंटरनेशनल का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया ।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के लार्ज सेक्टर में स्थित प्रतिष्ठित कंपनी जीएस ऑटो इंटरनेशनल लि. प्रबंधन एवं कर्मचारियों के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी में उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्लांट हेड आशीष मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कंपनी के विकास में कामगारों का सहयोग सर्वोपरि होता है। इस कंपनी में प्रबंधन एवं कामगारों के बीच बेहतर सामंजस्य का बेमिसाल उदाहरण देखने को मिलता है। कई विषम परिस्थितियों में कामगारों का सहयोग जहां कंपनी को मिलता है, वहीं प्रबंधन भी कामगारों के हितों की रक्षा में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि डिसिप्लिन और पंक्चुअलिटी से ही अव्वल कामगारों की पहचान होती है। इसमें रामाशंकर, राकेश शर्मा, दिलेश्वर, प्रशांत सिंह, अभिषेक सिंहा, अंकुर सिंह, अश्विनी पांडेय, उत्तम सिंह, राम जनम, गोस्वामी विष्णु महापात्र, आदित्य, नेपाल, विशाल सिंह, विजय भूषण सिंह, राम सुहाग सिंह, रितेश सिंह, विजय सिंह आदि को पुरस्कृत किया गया।



## जमशेदपुर एफसी ने ट्रेनिंग सेशन के साथ बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मुकाबले को कसी कमर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने फ्लैटलेट में जबरदस्त ट्रेनिंग के साथ नए साल की शुरुआत की, जिसके बाद वे 4 जनवरी को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु एफसी से मुकाबला करेंगे. वर्तमान में तालिका में चौथे स्थान पर काबिज यह टीम अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, जिसमें पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ कड़ी टक्कर वाली जीत भी शामिल है. 27 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद बेंगलुरु एफसी के साथ, एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार है.

डिफेंडर प्रतीक चौधरी ने सत्र के महत्व पर जोर देते हुए कहा, हमारा ध्यान केंद्रित है, और हम बेंगलुरु एफसी के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.



### 4 जनवरी के रोमांचक मैच के 13,000 टिकट बिके

4 जनवरी को शाम 7:30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी के मैच के लिए 13,000 से अधिक टिकट बिक चुके हैं. हर मैच में औसतन 20,000 फैंस की उपस्थिति के साथ, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शोर और उत्साह से भरपूर होने वाला है. मैच के टिकट अभी भी स्ट्रेट माइल रोड पर गेट नंबर 1 के बगल में स्थित बॉक्स ऑफिस से या ऑनलाइन ticketgenie.in के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं.

## दिवंगत कॉमरेड विजय माझी के घर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के काटिन चौक निवासी रहे दिवंगत कॉमरेड विजय माझी के घर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने गुरुवार को उनके शोक संतप्त परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। टुडू ने कहा कि बचपन से ही विजय बाबू के बारे में सुनते थे, वह स्वतंत्रता सेनानी भी थे। इस दौरान टुडू ने परिजनों को श्राद्धकर्म हेतु सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर उनके पुत्र फकीर माझी, सीपीआई कार्यकर्ता विजय मिश्रा व शांतिराम कुंभकार आदि मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## कांग्रेस की सस्ती राजनीति

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के तत्काल बाद ही कांग्रेस ने जिस प्रकार की सस्ती राजनीति प्रारंभ की है, वह नहीं होनी चाहिए थी। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की ओर से जिस प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार के स्थान एवं स्मारक निर्माण को लेकर राजनीतिक वितंडावाद खड़ा किया गया, उससे इतिहास के ऐसे पृष्ठ भी खुलने शुरू हो गए हैं, जो कांग्रेस की संकीर्णता को ही उजागर करते हैं। जैसा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के मामले में कांग्रेस उल्टी घिर गई, उसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मामले में भी घिर गई है। याद रहे कि भाजपानीत केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन के तत्काल बाद कैबिनेट की बैठक करके सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया। और उनका स्मारक बनाने के संबंध में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी सूचित किया। भाजपा के प्रत्येक नेता ने शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और डॉ. सिंह के योगदान का स्मरण किया। लेकिन अपनी खोयी हुई राजनीतिक जमीन पाने की छटपटाहट में कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री की 'सिख' पहचान को सामने रखकर उनके अपमान का वितंडावाद खड़ा करने का प्रयास किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के मुख्य चेहरे राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार उनके स्मारक के लिए निर्दिष्ट स्थान के बजाय निगम बोध घाट पर करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया। यही आरोप कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी की बहन एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर अन्य नेताओं ने भी लगाए हैं। कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा पलटवार करती उससे पहले जनता ने ही कांग्रेस को आईना दिखाना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर लिखा जा रहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान की चिंता करनेवाले राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से एक प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. सिंह को बौना साबित करने का काम किया था, जब राहुल गांधी ने उनकी कैबिनेट के निर्णय को सरेआम फाड़कर फेंक दिया था। उन पुस्तकों का भी जिक्र जा रहा है, जिनमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री कार्यालय की सभी फाइलें सोनिया गांधी के पास जाती थीं। भारत के प्रधानमंत्री की छवि 'रबर स्टम्प' के रूप में बनाने का काम किसके समय में किया गया, इस प्रश्न का उत्तर भी जनता पूछ रही है। राहुल गांधी सहित समूची कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसके ही कार्यकाल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव का निधन हुआ, तब उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में राजघाट पर क्यों नहीं किया गया? राव के निधन के बाद लगभग 10 वर्ष तक कांग्रेस की सरकार रही लेकिन इसके बावजूद दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव का स्मारक क्यों नहीं बनाया गया? उनके शव को कांग्रेस कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए क्यों नहीं रखने दिया गया? राव की मृत देह को कांग्रेस कार्यालय के बंद दरवाजे के बाहर आधा घंटे तक अपमान झेलना पड़ा। याद रहे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 2015 में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंहा राव का स्मारक दिल्ली में बनाया गया और उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भाजपा सरकार ने अपने विरोधी राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं को सदैव सम्मान दिया है। त्रिमूर्ति भवन में सभी प्रधानमंत्रियों की स्मृतियों को संजोने का निर्णय भी भाजपा सरकार ने किया। कांग्रेस को धैर्य रखना चाहिए, भाजपा सरकार ही दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनवायेगी। इस संबंध में कैबिनेट में निर्णय हो ही चुका है।

> कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की ओर से जिस प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के अंतिम संस्कार के स्थान एवं स्मारक निर्माण को लेकर राजनीतिक वितंडावाद खड़ा किया गया, उससे इतिहास के ऐसे पृष्ठ भी खुलने शुरू हो गए हैं, जो कांग्रेस की संकीर्णता को ही उजागर करते हैं। जैसा डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के मामले में कांग्रेस उल्टी घिर गई, उसी प्रकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के मामले में भी घिर गई है। याद रहे कि भाजपानीत केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन के तत्काल बाद कैबिनेट की बैठक करके सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया। और उनका स्मारक बनाने के संबंध में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी सूचित किया। भाजपा के प्रत्येक नेता ने शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और डॉ. सिंह के योगदान का स्मरण किया। लेकिन अपनी खोयी हुई राजनीतिक जमीन पाने की छटपटाहट में कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री की 'सिख' पहचान को सामने रखकर उनके अपमान का वितंडावाद खड़ा करने का प्रयास किया।

भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!

ललित गर्ग

> डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिसमें एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।'

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिसमें एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।' दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री-पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेबाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्रोत भी थे। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनका प्रभावी एवं वेबाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के



लिए, उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया। डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात् उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ. सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ॰ सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ॰ सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं। जवाहर लाल नेहरू के बाद मनमोहन दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर दो कार्यकाल पूरा किया। उन्हें अपने फैसलों के लिए काफी अडिग माना जाता है। 2004 से 2014 तक, भारत दसवें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई। डॉ. सिंह के दृष्टिकोण में केवल उच्च विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास और उस विश्वास की भी अहमियत थी जो सभी को ऊपर उठाने वाली लहरें उत्पन्न कर सके। यह विश्वास उनके द्वारा पारित किए गए विधेयकों में दिखाई देता है, जिनसे नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित हुआ। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में समृद्धि और विकास की कहानी लिखी गयी। जुलाई 1991 में, डॉ. सिंह ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा था, 'भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है।' डॉ. सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों की सीमाओं के लिए याद किया जाएगा।

दृष्टि कोण

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा

वैसे तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर ख़ान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक 'सत्यमेव जयते' में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीक़े से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीज़ों को बिना ज़रुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीज़ों का ग़ैर ज़रूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। 'सत्यमेव जयते' में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी ज़रुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीज़ों से दवाओं की क़ीमत पचास गुना ज़्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के ग़ैर ज़रूरी फ़र्ज़ी टेस्ट करने के लिए मरीज़ पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ़ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी। परन्तु 'सत्यमेव जयते' द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इज़ाफ़ा ज़रूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज़ को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो क़तई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीक़े से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न ? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फ़ार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज़ द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? ग़ौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फ़ार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड ख़रीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फ़ार्मा और हेल्थकेयर फ़र्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज़ की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 % ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी ज़रुरत ही नहीं। क़रीब 55 % ग़ैर ज़रूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 % गर्भाशय सर्जरी क़रीब 47 % कैंसर सर्जरी,48 % घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 % प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुये काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किये गये तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को OPD के मरीज़ों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी ) की तरफ़ धकेलना पड़ता है। यूँही नहीं कई बड़े नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल अपने सीनियर डॉक्टर्स को एक करोड़ रूपये प्रति माह तक तनख़्वाह देते हैं।

कुछ अलग

## भ्रम फैलाने की राजनीति न हो

दिल्ली के विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के मुकाबले सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी अधिक सक्रिय और तैयारी के साथ दिखायी दे रही है। यही हाल रहे तो भाजपा और कांग्रेस इतना अधिक पीछे रह जाएंगे कि मुकाबले में आना मुश्किल हो जाएगा। जबकि दिल्ली की जनता के मन में उथल-पुथल है। राजनीति के विश्लेषक दावा कर रहे हैं कि दिल्ली की जनता अब बदलाव चाहती है। क्योंकि आआपा जिन वायदों को करके सत्ता में आई थी, उसका आचरण उनके सवर्था प्रतिकूल रहा है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन की कोख से जन्मी आआपा के नेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दिखायी दे रहे हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से लेकर अन्य प्रमुख नेताओं ने सादगीपूर्ण जीवन का वायदा किया था लेकिन मुख्यमंत्री निवास के लिए बनवाया गया 'शीशमहल' कुछ और ही हकीकत बयान कर रहा है। बहरहाल, जनता का मन आआपा के नेता भी पढ़ पा रहे हैं इसलिए वे पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर चुके हैं। चुनाव जीतने के लिए आआपा की ओर से हर संभव प्रयास प्रारंभ हो गए हैं। अपने प्रतिद्वंद्वियों के प्रति 'सूत्रों' के हवाले से अफवाहें फैलाने से लेकर मतदाताओं को लुभाने के प्रयास आआपा के सामान्य नेता से लेकर शीर्ष नेता के द्वारा किए जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी को यह बात ध्यान में आ गई है कि महिला मतदाताओं को अपने पाले में करना है तो अन्य राज्यों में प्रारंभ हुई नकद सहायता देने की योजना की घोषणा दिल्ली की महिलाओं के लिए भी कर देना चाहिए। याद रहे कि भारत की राजनीति में 'रेवड़ी कल्चर' को लोकप्रिय बनाने में आम आदमी पार्टी की ही प्रमुख भूमिका है। चुनाव जीतने के लिए आआपा की ओर से बाकायदा 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' के तहत महिलाओं को 2100 रुपये देने के प्रारूप भरवाए जा रहे हैं। महिलाएं भी खूब उत्साह से यह फॉर्म भर रही हैं। लेकिन मामला तब बिगड़ गया जब दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से एक विज्ञापन जारी कर इस योजना को 'फ्रॉड' बताया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई योजना आधिकारिक तौर पर अधिसूचित नहीं की गई है। कोई भी राजनीतिक दल 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' के नाम पर आवेदकों से जानकारी एकत्र कर रहा है, तो वह धोखाधड़ी कर रहा है। इस विज्ञापन के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों ही आआपा पर हमलावर हो गईं। कांग्रेस की ओर से तो थाने में फर्जीवाड़े की शिकायत दर्ज करा दी गई है। आआपा के कुछ नेता भी इस प्रकार के फर्जीवाड़े पर अपनी ही पार्टी की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, आआपा की ओर से कहा जा रहा है कि भाजपा के दबाव में आकर अफसरों ने यह झूठा विज्ञापन प्रकाशित कराया है। अरविंद केजरीवाल का दावा है कि महिला सम्मान योजना के अंतर्गत 1000 रुपए देने की योजना स्वीकृत हो चुकी है, चुनाव में जीतने के बाद इसे 2100 रुपये किया जाएगा। हालांकि, फिलहाल सच्चाई यही है कि दिल्ली में महिलाओं को अभी तक किसी प्रकार की 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की राशि नहीं मिलती है। यह मामला कितना तूल पकड़ेगा और किसके पक्ष में जाएगा, यह तो आनेवाला समय ही बताएगा। परंतु, चुनाव जीतने के लिए भ्रामक दावों एवं कार्यों से प्रत्येक दल को बचना चाहिए। जनता को भ्रमित करके वोट हथियाना, लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है।

देश दुनीया से

## कट्टरपंथियों के वर्चस्व से बढ़ी वैश्विक चिंताएं

पिछले दिनों मिडल ईस्ट के सीरिया में जो तख्तापलट की घटना हुई उसके बाद अरब स्प्रिंग फिर चर्चा के केन्द्र में आ गया है। अरब स्प्रिंग या क्रांति के दौरान मध्यपूर्व में दशकों से सत्ता के केन्द्र में रहे शाही परिवारों व सैन्यशासकों को रुख्सत होना पड़ा था। सैन्य शासकों की ज्यादतियों और तानाशाही के खिलाफ ट्यूनीशिया में जो चिंगारी सुलगी उसने अरब गणतंत्र की कई बड़ी शक्तियों को अपनी जद में ले लिया था। मिस्र के हुस्नी मुबारक हो या लीबिया के कर्नल गद्दाफी- इन तनाशाही शासकों को या तो देश छोड़कर भागना पड़ा या मौत के घाट उतार दिए गए। यमन के अली अब्दुल्ला सालेह के साथ भी ऐसा ही हुआ। तानाशाहों की सत्ता किस तरह से कुछ ही क्षणों में भरभराकर गिर जाती है, उस वक्त दुनिया ने देखा था। रूस और ईरान जैसी बड़ी ताकतों के साथ मिल जाने के कारण उस वक्त सीरिया का 'प्रेसिडेंशियल पैलेस' विद्रोहियों की पहुंच से बच गया था। अब जिस ढंग से सीरिया में तानाशाह राष्ट्रपति बशर-अल-असद को देश छोड़कर भागना पड़ा है उसे देखकर अरब स्प्रिंग की याद ताजा हो जाती है। तख्तापलट के बाद विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेता मोहम्मद अल-जुलानी ने मोहम्मद अल-बशीर को कार्यवाहक सरकार का मुखिया नियुक्त करते हुए जन सहमति से सरकार बनाने की बात कही है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने का वादा किया है। लेकिन साथ में उन्होंने यह भी कहा है कि शासन इस्लामिक सिद्धातों पर आधारित होगा। इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की वजह से सीरिया पहले से ही काफी खराब स्थिति में है। अब जुलानी की जिस तरह से इस्लामिक सिद्धांतों के आधार पर शासन चलाने की योजना है उससे वैश्विक समुदाय की चिंता बढ़ गई है। खासतौर से ईरान की। तख्तापलट के बाद जिस तरह से विद्रोही गुट के लड़ाकों की ओर से असद समर्थकों पर अत्याचार की तस्वीरें सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए यह सवाल उठने लगा है कि कहीं सीरिया फिर से आईएसआईएस की गिरफ्त में तो नहीं आ जाएगा। यह सवाल इसलिए भी अहम हो जाता है क्योंकि एचटीएस अलकायदा की कोख से ही निकला हुआ आतंकी संगठन है। सीरिया में शासन व्यवस्था का स्वरूप कैसा होगा यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा। एचटीएस नेतृत्व वाले समूह में तुर्किये की समर्थन वाली सीरिया राष्ट्रीय सेना अर्थात् एसडीएफ के शामिल होने की बात भी कही जा रही है। अगर ऐसा होता है तो सीरिया की पूरी व्यवस्था एचटीएस, कुर्द, एसडीएफ और स्थानीय मिलिशिया समूहों में बंटी हुई दिखाई देगी। ऐसे में अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित और परस्पर विपरीत हितों के लिए संघर्षरत इन गुटों के बीच एकता और शांति की बात करना हाथी को सूई के छेद से निकालने के बराबर होगा। ऐसे में सीरिया और उसकी अवाम का भविष्य क्या होगा, यह प्रश्न भी कौतूहल बढ़ा रहा है। पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि क्रांति के दौरान रूस और ईरान जैसे देशों द्वारा राष्ट्रपति बशर-अल-असद और उनके समर्थकों को जो हथियार दिए गए थे, उनका क्या होगा। हथियारों का यह जखीरा सीरिया की सत्ता पर काबिज चरमपंथी गुटों के हाथ लग गया तो इसका उपयोग वह कब, कहां और किस रूप में करेंगे, यह प्रश्न सीरियाई अवाम के लिए जितना चिंताजनक है, उससे कहीं अधिक विश्व समुदाय के लिए भी है।



कुल 3.35 करोड़ की आबादी वाला सीरिया आर्थिक व भू-राजनीतिक दृष्टि से पश्चिम एशिया का अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। इसकी सीमाएं इराक, तुर्कीये, जॉर्डन, लेबनान व इस्राइल जैसे देशों से लगती हैं। सीरिया पर नियंत्रण अहम व्यापार मार्गों, ऊर्जा गलियारों तक पहुंच प्रदान करता है। पश्चिमी एशिया में वह रूस का सबसे भरोसेमंद पार्टनर रहा है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि अचानक असद की सत्ता का अंत कैसे हो गया। दरअसल, अरब स्प्रिंग के दौरान जब सीरिया में बशर-अल-असद के खिलाफ प्रदर्शनों का सिलसिला शुरू हुआ तो उस वक्त रूस और ईरान की मदद से असद उसे कुचलने में कामयाब हो गये थे। लेकिन अब स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। रूस और ईरान दोनों ही अपनी-अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। पुतिन यूक्रेन को निपटाने में व्यस्त हैं। अली खामेनेई इस्राइली मोर्चे पर डटे हुए हैं। रणनीतिक हित और भू-राजनीतिक स्थितियां भी दोनों नेताओं के हाथ बांधे हुए हैं। रूस को लगता है कि यूक्रेन युद्ध अब अपने अंतिम चरण में है। ऐसे में वह यूक्रेन के अधिक से अधिक भू-भाग पर कब्जा करना चाहता है ताकि संघर्ष विराम की स्थिति में वह उसे अपने पास रख सके। इस रणनीतिक हित के कारण वह अपनी पूरी सैन्य क्षमता के साथ यूक्रेन के मोर्चे पर डटे रहना चाहता है। दशकों तक असद की ढाल बने रहने वाला ईरान भी हमास और हिजबुल्ला के सर्वोच्च कमांडरों के मारे जाने के बाद खौफ की स्थिति में है। अमेरिका और इस्राइली हमले के अंदेशे के चलते वह सीरिया में सीधे हस्तक्षेप से बच रहा है। लब्बोलुआब यह कि 2011 जैसी स्थिति अब नहीं थी। ऐसे में रूस और ईरान की नाक का बाल बने असद अकेले पड़ गए थे। विद्रोही गुटों ने हालात का फायदा उठाया और दमिश्क पर चढ़ाई कर दी। हालांकि, पिछले कई वर्षों से असद की शिया सरकार और विभिन्न चरमपंथी गुटों के बीच संघर्ष चल रहा था। लेकिन जिस नाटकीय ढंग से असद सरकार का पतन हुआ और जिस तरह से वहां की फौज ने बिना लड़े ही हथियार डाले हैं, उस पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब असद सरकार के पतन के बाद जिस तरह से इस्राइली सेनाओं द्वारा गोलान के पहाड़ी रास्तों से सीरिया के अंदर हमले करने के समाचार आ रहे हैं, उससे शक की सूई मोसाद (इस्राइल की खुफिया एजेंसी) की ओर भी घूम रही है। पश्चिम एशिया में इस्राइल ही एक ऐसा देश है जिसे असद सरकार के पतन का सबसे बड़ा लाभकारी पक्ष कहा जा रहा है। वह शुरू से ही यहां सीमाओं के विस्तार और बफर जोन के निर्माण की नीति में जुटा हुआ है। सीरियाई सेना की क्षमता को कुंद करना उसका इसी नीति का हिस्सा हो सकता है। हालांकि, असद सरकार के पतन के बाद अब दुनिया के कई ताकतवर देश वहां हालात सामान्य बनाने की कोशिशों में लगे हुए हैं लेकिन अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद जिस तरह से दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में इस्लामिक चरमपंथ का उभार हो रहा है, उसे देखते हुए सीरिया की सत्ता पर काबिज एचटीएस लोकतांत्रिक व्यवस्था के मार्ग पर आगे बढ़ेगा, यह संदेहास्पद ही है।

आप का नजरीया

## एक नयी चुनौती बांग्लादेश

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जिस तरह के कदम उठा रही है, उससे भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में बेहतरी आने के बजाय खटास और बढ़ने के आसार दिख रहे हैं। खासकर, जिस तरह से बांग्लादेश की पाकिस्तान से करीबी बढ़ रही है, वह भारत के लिए सिरदर्द साबित हो सकता है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं था। इसलिए उसके बाद थोड़ी अफरातफरी स्वाभाविक थी। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही जिस तरह से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ, वह अंतरिम सरकार गठित होने के बाद भी जारी रहा। यह इस बात का संकेत था कि बांग्लादेश का नया नेतृत्व या तो इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव में है या उन पर अंकुश लगाने में असमर्थ है। बांग्लादेश के साथ हमारी सबसे लंबी सीमारेखा लगती है। इसलिए भी बांग्लादेश में चल रहा घटनाक्रम सीधे तौर पर भारत को प्रभावित करता है। भारत ने ठीक ही बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से बार-बार कहा कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मगर वहां की सरकार ठोस कदम उठाने के बजाय हिंसा की इन घटनाओं को झुठलाने में लगी रही। इसके साथ ही उसने ऐसा रुख अपनाना शुरू किया जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है। इसी रुख का नवीनतम उदाहरण है बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग। दोनों देशों के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि में राजनीतिक प्रत्यर्पण की बात नहीं है, फिर भी इस संधि के हवाले से उस पर जोर दिया जा रहा है। भारत ने इस पर चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन यह सवाल तो है ही कि क्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जाने-अनजाने इस मांग के जरिए उसे असुविधाजनक स्थिति में डालने की इच्छा रखने वालों का अजेंडा आगे बढ़ा रही है। यह सब जैसे काफी न था, बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के साथ आश्चर्यजनक तेजी से संबंध सुधारने शुरू कर दिए। हालांकि कोई भी देश किसी भी अन्य देश से रिश्ते सुधारता है तो इसमें आपत्तिजनक कुछ भी नहीं है, लेकिन जिस तरह से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ हुई मुलाकात में बांग्लादेशी सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस ने 1971 के मसले सुलटाने की बात कही, बांग्लादेशी सेना को पाक सेना के जरिए ट्रेनिंग दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई और बगैर जांच पड़ताल के पाकिस्तानी जहाज एवं पाक नागरिकों को प्रवेश दिया जाने लगा है, वह सामान्य बात नहीं है। पहले ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI ने बांग्लादेश के जरिये भारत में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ाने की कोशिश की थी। वह फिर से ऐसी कोशिशें कर सकती है। ऐसे में भारत को बांग्लादेश सीमा को लेकर सतर्कता बढ़ानी होगी। भारत पहले से ही पाकिस्तान और चीन की ओर से चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे में नयी चुनौती के रूप में बांग्लादेश का खड़े होना, भारत की समस्याएं बढ़ा सकता है। देखना होगा कि भारत सरकार बांग्लादेश नाम की इस नयी समस्या से निजात पाने के लिए क्या कदम उठाती है। यह तो तय है कि फिलहाल बांग्लादेश में भारत विरोधी ही नहीं मानवता के विरुद्ध बयार बह रही है।

# पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, दो गंभीर, रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के चतरा - डोभी मुख्य पथ एनएच 99 ग्राम भोंदल प्रतापपुर मोड़ के समीप गुरुवार की दोपहर पिकअप और बाइक की हुई टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक सवार एक महिला व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हंटरगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक स्थिति नाजुक के चलते गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर चतरा भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि थाना क्षेत्र के स्टाइल नगर पांडेपुरा ग्राम निवासी कुंदन कुमार (18) वर्षीय शोभा देवी व हरि कुमार, व एक चालक चारों बाइक पर सवार हो पांडेपुरा से चतरा जा रहे थे इस दौरान भोंदल ग्राम प्रतापपुर मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान हंटरगंज की ओर से तेजगति पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों घायल हो गए युवक सड़क पर गिर पड़े। जिसमें पांडेपुरा निवासी गुजर भारती 18 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ बाइक में सवार हरि कुमार (20 ) व उसकी पत्नी शोभा देवी (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में राहगीरों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों का उपचार करने के बाद चिकित्सक ने गंभीर स्थिति के चलते रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा अस्पताल भेज दिया। इधर टक्कर मारकर भाग रहा पिकअप वाहन चालक अनियंत्रित होकर वाहन को पलट दिया पिकअप में आलू और प्याज लदा हुआ था। वही चालक नौ दो ग्यारह हो गया। फिलहाल पुलिस पिकअप वाहन को थाना ले आई है।

# बाइक दुर्घटना में मुखिया संघ अध्यक्ष घायल, किया गया इलाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर-हंटरगंज मुख्य पथ स्थित बराटपुर मोड़ के समीप गुरूवार को बाईक दुर्घटना में टंडवा मुखिया सह संघ के प्रखंड अध्यक्ष किशोर यादव व बरवाकोचवा निवासी बैजनाथ यादव घायल हो गये हैं। दोनो घायलो को ग्रामीणों की मदद से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ति किया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा प्राथमिकी उपचार किया गया इस संबंध में बाईक चालक बैजनाथ यादव ने बताया कि टंडवा मुखिया किशोर यादव अपने पंचायत के कार्य निपटाकर बाईक से दोनो वापस प्रतापपुर आ रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में बराटपुर मोड़ के समीप अचानक गांव का बच्चा कूद गया। जिससे बाईक पर सवार दोनो लोग गिरकर घायल हो गये। मालूम हो कि प्रतापपुर से राजाबांध तक संक्रीन रोड़ बना हुआ है। जिसको लेकर आये दिन लगातार दुर्घटना होते रहती है। लेकिन इस पर किसी भी मंत्री, सांसद, डीसी, विधायक अन्य पदाधिकारी का ध्यान नही है। घटना कि सूचना मिलते ही लोजपा नेता सतेन्द्र पासवान, जोगिडीह मुखिया बिरेन्द्र यादव, अशोक यादव, प्रदीप यादव, जितेन्द्र पासवान, भोला प्रजापति, महेश पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आदिम जनजाति एवं अन्य से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय के सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आदिम जनजाति एवं अन्य से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में आदिम जनजाति परिवारों का सर्वे कार्य, बनाए गए संबंधित सभी प्रकार के सर्टिफिकेट, डाकिया योजना, आवास, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक में उन्होंने कहा पूर्व में जो सर्वे कराएं गए है उसका उद्देश्य आदिम जनजाति परिवारों को शत प्रतिशत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी से एक एक कर आदिम जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मिल रहे लाभ की जानकारी ली। जो आदिम जनजाति परिवार पेंशन योजना के लिए पात्रता रखते हैं उनको उक्त योजना समेत अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित करने हेतु आधार कार्ड, जातीय, आवासीय समेत अन्य उपयोगी दस्तावेज प्राथमिकता के आधार पर बनाएं। जिनका आधार कार्ड बना हुआ है और खो चुका है जिसके कारण वो योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जा रहें है वैसे स्थित में संबंधित के साथ समन्वय बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आदिम जनजाति परिवार के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु बच्चों के माता पिता के साथ बैठक करें और उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करें साथ ही कस्तूरबा विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में बच्चों का पाठन हेतु बच्चों का नामांकन कराना सुनिश्चित करें। वहीं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, साइकिल वितरण योजना की भी समीक्षा की गई।

# पत्रकार के पिता के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पत्रकारों द्वारा स्थानीय जिला जनसंपर्क एवं सूचना कार्यालय में गुरूवार को दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ जुलकर नैन के पिता मौलाना हाजी अब्दुल हादी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप एवं संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक खैयाम कौशर ने की। सर्वप्रथम मौलाना हाजी अब्दुल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक खैयाम कौशर ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे धैर्यवान, सरल व मृदुभाषी थे। वे समाजिक कार्यो में बढचढ़ कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से पूरा समाज मर्माहित है। उन्होंने समाज के क्षेत्र में कई कार्य किए है, वे पूरी जिंदगी निर्विवाद रहे, जिन्हें कभी नही भुलाया जा सकता है। कहा कि समाज में शिक्षा का अलख जगाने में भी उनकी भूमिका रही। उनसे पढ़े छात्र आज बड़े-बड़े पद पर आसिन है। मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश जायसवाल, सचिव मुरली मनोहर मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णा सिंह, नागेंद्र सिंह, राजेश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य चंद्रदेव गोप, समाजसेवी विनय सेंगर, बद्री प्रसाद, बद्री वर्मा, भाजपा के मृत्युंजय सिंह, राकेश झा, अविनाश दुबे, गुड्डु रजक, गोबिंद सिंह भाजपा नेता मृत्युंजय सिंह पत्रकार मामून रसीद, मो. जफर, सूर्यकांत कमल, अलख सिंह, रवि कुमार, अमन राणा, विकाश यादव अजय चौरसिया, मो. तस्लीम, संदीप अग्रवाल, रूपेश सिंह, गौतम सिंह, मो. साजिद, शिवकुमार तिवारी, रंजित यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरकारी अस्पताल के डॉ.अरविंद केसरी ने अपनी धर्मपत्नी इंदु कुमारी की डिलीवरी सदर अस्पताल में करवाई

## सरकारी अस्पताल की सेवाओं पर विश्वास बढ़ाने के लिए पेश की मिसाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सदर अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद केसरी ने अपनी पत्नी इंदु कुमारी की डिलीवरी सरकारी अस्पताल में करवा कर समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। उनके इस कदम ने सरकारी अस्पतालों की गुणवत्ता और भरोसे को लेकर आम धारणा को बदलने की दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण पेश किया है। डॉ. केसरी ने कहा, सरकारी अस्पताल को लोग अकसर अविश्वास की नजर से देखते हैं, लेकिन यहां मिलने वाली सेवाएं सुरक्षित और उच्च स्तरीय हैं। जब मैं, जो खुद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ा हूं, अपनी पत्नी इंदु कुमारी की डिलीवरी सरकारी अस्पताल में करवा सकता हूं, तो बाकी लोग क्यों नहीं? डॉ. केसरी ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर भरोसा जताने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी अस्पताल किसी भी परिस्थिति में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हैं। उनका यह कदम न केवल जागरूकता बढ़ाने का है, बल्कि समाज में सरकारी अस्पतालों की भूमिका को मजबूत करने का भी प्रयास है। सरकारी अस्पतालों पर भरोसा करें। यहां इलाज सेवा भी है और समर्पण भी। डॉ. केसरी का यह निर्णय उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो निजी अस्पतालों की ओर झुकते हैं। यह सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाने का एक ऐतिहासिक कदम है।

## जमीन के आपसी विवाद में बेटी को मारा, स्थिति गंभीर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बारिसाखी गांव के मायाडीह टोला में जमीन को लेकर आपस में ही जमकर मारपीट हुआ। जिसमें एक विवाहित बेटी को पिटा गया। जिसकी स्थिति गंभीर हो गई। आनंन फानन में इलाज के लिए गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां बेहतर इलाज कर घर भेजा गया है। विवादित मामला को लेकर तिलेश्वरी देवी पति रोहित यादव 36 वर्षीय ने लिखित आवेदन थाना को दिया है। जिसमें लिखा है कि जमीन को लेकर उनके पड़ोसी वासुदेव यादव पिता परमेश्वर यादव रवि यादव पिता वासुदेव यादव सुनीता देवी पति सिकेन्दर यादव नीतू देवी पति रवि यादव देवकी देवी पति वासुदेव यादव काजल कुमारी पिता अर्जुन यादव सरोज देवी पति अर्जुन यादव ने मिलकर गाली गलौज करते हुए दबंगई के साथ तिलेश्वरी देवी के बेटी सुषमा देवी को अकेले पाकर मार पिट कर दिया। जिससे स्थिति गंभीर हो गई। सुषमा देवी ने बताई की कुछ दिन पहले नईहर अपने पिताजी के घर आई थी। इसका ससुराल पत्थगडा क्षेत्र बताया जा रहा है।

# परिवहन विभाग और पुलिस के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** परिवहन विभाग और बारियातु पुलिस द्वारा बारियातू थाना गेट के पास गुरुवार को संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार और परिवहन विभाग के अधिकारी ने किया। अभियान के दौरान सभी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की गई, जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से कुल 1,12,000 (एक लाख बारह हजार रुपये) का जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि आए दिन बढ़ते सड़क दुर्घटना को देखते हुए यातायात के नियमों के पालन को सुनिश्चित करने व सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया,सड़क सुरक्षा के मद्देनजर आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा. थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने क्षेत्र वासियो को यातायात के नियमों को पालन करने की अपील की हैं।

# एसपी ने तुबेद पुलिस कैंप का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के तुबेद कॉल माईन्स स्थित पुलिस कैंप का निरीक्षण किया। एसपी के तुबेद कॉल माईन्स पहुंचने पर डीवीसी प्रबंधन के द्वारा उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद एसपी ने पुलिस कैम्प का निरीक्षण किया। माइन्स प्रबंधन द्वारा किए गए विभिन्न सुरक्षा प्रबंधन का अवलोकन किया। निरीक्षण के उन्होंने जहां जहां सुरक्षा में सुधार करने की आवश्यकता थी, उसे दुरूस्त करने का निर्देश दिया। मौके पर लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, थाना प्रभारी दुलार चौड़े सहित डीवीसी प्रबंधन के लोग मौजूद रहे।

# आग से झूलस कर महिला की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बालूभाँग पंचायत अंतर्गत डाकादिरी निवासी विफी मसोमात (51) वर्षिय पति स्व शंकर गंझु की पत्नी की आग मे झूलसने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक महिला ने ठंड के कारण आग ताप रही है। देखते ही देखते कपड़े मे आग लग गई। जिससे पूरा शरीर झूलस गया। पुत्र सुनील गंझु और संतु गंझु हॉस्पिटल ले जाने की तैयारी कर रहे थे की घर मे ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत मुखिया केदार गंझु पंसस राजेश मोची वार्ड सदस्य मनोज राम, हरदेव यादव परिजनों से मुलाक़ात किया साथ ही ढाढ़स बंधाया।

## सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति चलाया गया जागरुकता अभियान



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी लातेहार सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शहर में सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने को लेकर काउंसलिंग किया गया। जिसमें कुल 43 वाहनों जांच की गई,जिसमें कुल 28 चालान काटे गए।एवं 39,500 राजस्व की वसूली की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट ऋषि राज शामिल थे।

## आग तापने के दौरान महिला झुलस कर घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बरियातू ग्राम में गुरुवार को आग तापने के दौरान मीना देवी 42 वर्ष पिता युगल मिस्त्री ग्राम बरियातू झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में मीना देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। परजनो ने बताया कि मीना देवी घर के बाहर चूल्हा जलाकर आग ताप रही थी एवं इसी बीच उसका साड़ी आंग की लपेटे में आ गया और देखते ही देखते वह गंभीर उससे झुलस गई।

# जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कामता-सेरक पथ का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रखंड के कामता से सेरक तक पथ की विषेश मरम्मती कार्य का जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने निरीक्षण किया।इनके साथ जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत शामिल थे।अध्यक्ष को ग्रामीणों ने बताया कि सुदूरवर्ती छेत्र में भारी अनियमित्ता बरती जा रही है। झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत यह कार्य कराया जा रहा है।साढ़े बारह किलोमीटर मरम्मती का काम किया जाना है। 27 जनवरी 2024 को इसका शिलान्यास किया गया था। बताया कि ग्रामीण सुदूरवर्ती इलाकों से गुजर रहे पथ मरम्मती कार्य में उपयोग किए जाने वाले गिट्टी मशाला व अन्य सामग्री का मात्रा काफी कम कर दी गई है। सड़क में पानी की छिड़काव में भी कमी कर दिया गया है। इसके कारण पथ में गिट्टी उपर आ गया है, जो सामग्री लगाए जा रहे हैं वह भी गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। ऐसे में सड़क काफी कमजोर होगी। सड़क बराबर किए जाने के बाद हो रहे दुसरे लियर के कार्य में सुधार नहीं हुआ तो सड़क दो चार माह में उखड़ने लगेंगे। इस कार्य से संबंधित जेई कहीं दिखाई नहीं देते हैं इसके कारण कार्य जैसे तैसे कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा प्राक्कलन की घोर अनदेखी कर सड़क को गुणवत्ताहीन कराया जा रहा है जिसे विभाग के लोग देखने वाले नहीं हैं। निरीक्षण करने के बाद अध्यक्ष ने कहा कि कार्य घटिया स्तर का हो रहा है। ग्रामीणों ने पथ की मरम्मती कार्य में सुधार करवाने की अनुरोध अध्यक्ष से किया है।

# सक्रिय महिला का हुआ समीक्षा बैठक, सीसीएल पर दिया गया जोर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत 6 घरवा गिद्धौर क्लस्टर ऑफिस में बृहस्पतिवार को सक्रिय महिला के साथ समीक्षा बैठक किया गया। बैठक सीसी सुमित्रा देवी के अध्यक्षता में की गई।एवं संचालन सिसी सुनील पासवान ने किया। जहां सक्रीय महिलाओं का महीने भर की कार्य को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें समूह के बीच तीसरे एवं चौथ बार लोन दिलाने पर जोर दिया गया।ताकि समूह की दीदी सशक्त हो सके और अच्छे कार्य कर सके। मोके पर उपस्थित प्रतिमा देवी लक्ष्मी देवी संगीता देवी गीता देवी प्रियंका कुमारी रेखा देवी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## आपसी मारपीट में तीन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के मुरपा ग्राम के हरिजन टोला में गुरुवार को दो बच्चों की लड़ाई को लेकर दो पक्ष आपस में भीड़ गए। जिसमें तीन लोग घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार नगीना देवी व मानती देवी के पुत्र गुली डंडा खेल रहा था और इसी बीच खेलते हैं खेलते हैं दोनों झगड़ने लगे। बच्चों को झगड़ता देख दोनों की माँ ने तू तू मैं मैं करते-करते आपस में भिड़ गई। उसके बाद नगीना देवी ,मनीषा कुमारी एवं अनिता कुमारी को मानती देवी पति बिजेंदर राम, संतोष राम व कुलदीप राम दोनों पिता जाम राम एवम पशु राम सुमेंत कई लोगों ने तीनो को जमकर पिटाई कर दिया।जिसमें नगीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गई एवम उसकी दोनो पुत्री मनीषा एवम अनिता को मामूली चोटें लगी।सभी घायल को पुलिस द्वारा बालूमाथ अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा तीनों को प्राथमिक इलाज कर छुट्टी दे दिया है इधर मारपीट की घटना मुरपा पिकेट प्रभारी संजय चौधरी को मिला।

## पुलिस ने एक एकड़ में लगे गांजा की खेती को किया नष्ट



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत बेसरा गांव मे पुलिस ने अभियान चलाकर 1 एकड़ भूमि पर लगे अवैध गांजा की खेती को नष्ट किया। बारियातु थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद ने रवानी के गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष छापामारी दल का गठन कर बेसरा गांव मे अवैध गांजा की खेती को पुलिस द्वारा डंडा से पीटकर नष्ट किया गया आगे थाना प्रभारी सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मादक पदार्थ की खेती करने वाले व इस तरह की गतिविधियों में शामिल व सहयोग कर्ता पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल मे थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार थाना के पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## ठंड लगने से 50 वर्षीय प्रयाग साव की हुई मौत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के ग्राम बेंदगी निवासी 50 वर्षीय प्रयाग साव की मौत ठंड लगने से हो गई। ग्रामीणों ने उनकी मृत शरीर को पास के नदी घाट पर अंतिम संस्कार किया। किसान मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने बताया कि इन दिनों बरही में शीतलहरी का कहर गिर रहा है। इसी कारण से प्रयाग साव की मौत ठंड लगने से हो गई है। उन्होंने बताया कि दिवंगत प्रयाग साव अपने पीछे एक पुत्र रवि कुमार और तीन पुत्री को छोड़ गए। अंतिम संस्कार में दिनेश साव, मनोज कुमार साव, विजय साव, महावीर साव, रितिक कुमार, विजय कुमार, विवेक कुमार, मुंशी साव, विक्रम कुमार, उमेश गिरी, दशरथ पासवान, प्रशांत यादव, मुकेश यादव, सुरेंद्र यादव, गुड्डू साव, तपेश्वर साव, रामचरित्र साव, चेतलाल यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस नेता रिजवान अंसारी ने बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का किया वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के कोनरा पंचायत निवासी एजुकेशनल चेरिटेबल सोसायटी बरही अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता रिज़वान अली ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर दलित बस्ती में बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया। मौके पर महिला पुरुषों के साथ मिलकर बच्चों को शिक्षा की महत्व को विस्तार पूर्वक समझाया। बच्चों को अपनी ओर से शिक्षण सामग्री में कापी, पेंसिल, रेंजर, रबर उपहार के स्वरूप भेंट किया। साथ ही इन्होंने कहा कि शिक्षा ही सभी के लिए सबसे बड़ी तरक्की का मार्ग है। शिक्षा प्राप्त कर ही हम अपने भविष्य को सवार सकते हैं। मौके पर सीमा कुमारी सोनिया देवी, करीना देवी, चन्दो मोसेमात, कैलाश तुरी, भुनेश्वरी तुरी, राजु तुरी, सुखदेव तुरी आदि उपस्थित रहे और सभी सहयोग करते हुए इससराहनीय कार्य की भुरी भुरी प्रशंसा किया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने गुरुवार को सीकरी टीओपी अंतर्गत पतरा मोड़ के पास अवैध बालू लेकर जा रही एक ट्रैक्टर को पकड़ कर अग्रतर कार्यवाई के लिये केरेडारी पुलिस को सौंप दिया. यह ट्रेक्टर गरीकला का बताया जा रहा है. सीओ श्री वर्णवाल ने बताया कि बालू लोड ट्रेक्टर को रोक कर चलान की मांग की गई लेकिन चालक नहीं दिखा पाया.ज्ञात हो कि क्षेत्र में बालू का अवैध खनन और परिवहन कार्य जोरो पर संचालित है. वहीं बालू कारोबारियों के विरुद्ध केरेडारी सीओ के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है.

## टाटीझरिया मे दो गुटों में बंटा ब्राह्मण समाज, झरपो ब्राह्मण समाज का होगा पुनर्गठन

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीझरिया प्रखंड के ब्राह्मण समाज की गठन विगत 5 वर्ष पूर्व बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर टाटीझरिया में किया गया था क्षेत्र में प्रखंड के झरपो,भराजो,खैरा,डूमर, खरिका सभी गांवों के ब्राह्मणों में एकता कायम रह सके इस उद्देश्य से इसका गठन किया गया था लेकिन विडंबना है कि समाज गठन हुए विगत 5 वर्ष हो गए लेकिन आज तक एक भी प्रखंड स्तरीय बैठक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। वहीं इसी उद्देश्य से झरपो ब्राह्मण समाज का भी गठन किया गया । प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष का चयन किया लेकिन सिर्फ कुर्सी बचाव अभियान में सभी लगे रहे आज तक कोई बैठक समाज विकाश को लेकर नहीं किया गया। सिर्फ कही श्राद्ध कार्यक्रम का यजमान द्वारा निमंत्रण सप्ताह दिन पहले दिया जाता है तो उसी निमंत्रण या बुलावा पर झरपो में व्यक्तिगत गत जिनसे लगाव होता है उनको जानकारी देकर निमंत्रण में यजमान के यहां ले जाकर अपने बड़प्पन में लगे रहते हैं। ब्राह्मण समाज के हित मे इनके द्वारा कार्य नही किये जाने से ब्राह्मणों मे रोष है।

## विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया

**हजारीबाग :** झारखण्ड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग के बैनर तले चलाए, जा रहे 90 दिवसीय डोर-टू-डोर विधिक जागरुकता कार्यक्रम। गुरुवार को ईचाक एवं सदर प्रखंड अंतर्गत बोंगा, हरिजन मोहल्ला, सिरसी, सिन्दूर, नगवां, हरिजन मोहल्ला आदि गांवों में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला जज रंजीत कुमार के निर्देश पर चलाया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना के कर रहे है। इस अभियान मे पारा लीगल वालेंटियर विकाश कुमार पांडेय, दीपक कुमार, इन्दु कुमारी, ममता कुमारी, रामजतन प्रसाद एवं तौहीद अंसारी के ने लोगों को कानून की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह भी जानकारी दिया गया कि लोग अपने छोटे-छोटे आपसी घरेलू विवाद में समझौता करवाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग की मदद ले सकते हैं। साथ ही मामलों में मध्यस्थता के माध्यम से बातचीत कर समझौता करवा सकते हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि व्यवहार न्यायालय स्थित न्याय सदन एक ऐसी जगह है जहां समय और पैसा दोनों की बातचीत होती है। इन प्रक्रियाओं में सारे कार्य त्वरित एवं निःशुल्क किया जाता है। तथा मामलों में आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध करवाया जाता है। इस विधिक जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, बाल विवाह, बाल श्रम, महिला उत्पीड़न, किशोर न्याय इत्यादि से संबंधित जानकारी दिया गया। साथ-ही-साथ यह भी बताया गया कि अब लोग घर बैठे निःशुल्क कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है। जिसका उपयोग लोग जानकारी प्राप्त करने के लिए कर सकते हैं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुरली मेहता सहित कई महिला-पुरुष शामिल थे।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के द्वारा संजीवनी सेवा कुटीर का उद्घाटन 4 को, मरीजों के लिए राहत का नया केंद्र

- **मेरा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर सही मार्गदर्शन और इलाज मिल सके : प्रदीप प्रसाद**
- **लोगो के लिए 24×7 हेल्प डेस्क की सुविधा,अब अस्पताल परिसर में उपलब्ध होगी : प्रदीप प्रसाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रयासों से, स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संजीवनी सेवा कुटीर का शुभारंभ किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 4 जनवरी 2025 को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में किया जाएगा। यह कुटीर चौबीसों घंटे संचालित होगा और ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को विशेष रूप से सहायता प्रदान करेगा, जिसमें मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान करना। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सही मार्गदर्शन और इलाज तक पहुंच सुनिश्चित करना। स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान और प्रभावी पहुंच प्रदान करना।

**सेवा कुटीर की विशेषताएं :** 24×7 संचालन,यह कुटीर दिन-रात मरीजों और उनके परिजनों की मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। विशेष हेल्प डेस्क के जरिए प्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों को उनके उपचार के लिए सही विभाग तक पहुंचने में मदद करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। ग्रामीण मरीजों को लाभ देने हेतु ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होगी। सादगी और सहानुभूति का दृष्टिकोण से मरीजों और उनके परिजनों को एक सहायक और सम्मानजनक वातावरण प्रदान किया जाएगा। 4 जनवरी 2025 समय दोपहर 12:00 बजे स्थान सदर अस्पताल प्रांगण, हजारीबाग में सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह,विशिष्ट अतिथि जिला उपायुक्त नैंसी सहाय,पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस संबंध मे कहा की संजीवनी सेवा कुटीर हमारे क्षेत्र के उन सभी लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करते हैं। मेरा उद्देश्य है कि हर मरीज को समय पर सही मार्गदर्शन और इलाज मिल सके।

हमने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज अक्सर अस्पताल की प्रक्रियाओं और चिकित्सा सेवाओं को समझने में असमर्थ होते हैं। इसी समस्या को हल करने के लिए संजीवनी सेवा कुटीर की शुरुआत की गई है। यह सेवा कुटीर सिर्फ एक हेल्प डेस्क नहीं है, बल्कि यह एक मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित पहल है, जहां मरीजों और उनके परिजनों को न केवल सहायता मिलेगी, बल्कि उन्हें सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का अनुभव भी होगा। मेरा वादा है कि यह कुटीर चौबीसों घंटे मरीजों की सेवा में तत्पर रहेगा। मैं हर व्यक्ति से अनुरोध करता हूं कि इस पहल का लाभ उठाएं और हमें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहयोग दें। यह सिर्फ एक शुरुआत है, हम इसे और भी बेहतर बनाएंगे। सेवा कुटीर का उद्देश्य सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना नहीं है, बल्कि हर मरीज को सम्मान और सहानुभूति के साथ सेवा देना है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। यह कुटीर हर जरूरतमंद के लिए एक भरोसेमंद सहायता केंद्र होगा। साथ ही कहा की भव्य उद्घाटन समारोह में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। अस्पताल की प्रक्रियाओं को समझने में होने वाली समस्याओं का समाधान। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मरीजों को समान रूप से लाभ।

## स्व. डॉ मनमोहन सिंह की आत्मा की शांति के लिए सर्वधर्म प्रार्थना सभा का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** सादगी, सरलता एंव साध्वता के प्रतीक, आर्थिक सुधारों के प्रणेता, उदारीकरण के प्रबल पक्षधर, विलक्षण प्रतिभा के धनी प्रखर विद्वान देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह एक शिक्षाविद, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे । उनका जीवन सादगी सेवा की अद्भुत मिशाल है । भारत की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी ये उनके योगदान को यह देश सदैव स्मरण करेगा ।इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के सचिव देवेन्द्र सिंह बग्घा महासचिव कवंलजीत सिंह जैन समाज के विजय जैन लोहाड़िया महावीर मंदिर के पुजारी गुड्डु बाबा उर्फ कृष्ण गोपाल मिश्रा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा वरिष्ठ कांग्रेसी अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, अकील अहमद जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान लाल बिहारी सिंह ओबीसी प्रदेश सचिव रेणु कुमारी, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, गोविंद राम, जावेद इकबाल, सुनिल अग्रवाल, भैया असीम कुमार, सुनिल सिंह राठौर, दिलीप कुमार रवि, नरसिंह प्रजापति, अजित सिंह, सदरूल होदा, अनिल भुईयां, सैयद अशरफ अली, मुस्ताक अंसारी, कौशल कुमार सिंह, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, मजहर अली, देवधारी प्रसाद मेहता, मनोज मोदी, चन्द्र शेखर आजाद, अजय राणा, अमर सिंह यादव, अर्जुन नायक के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

## दिवंगत पत्रकार के घर पहुंचे हजारीबाग प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल, दिया आर्थिक सहयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हज़ारीबाग/विष्णुगढ़ :** दिवंगत पत्रकार प्रकाश पाण्डेय के श्राद्धकर्म के तेरहवें दिन गुरुवार को हजारीबाग जिले के पत्रकारों का समूह हज़ारीबाग प्रेस क्लब के बैनर तले एक प्रतिनिधिमंडल उनके पैतृक निवास स्थान विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित बनासो पहुंच कर गहरा शोक जताया और शोकाकुल परिवारजनों का हिम्मत बढ़ाया । हज़ारीबाग़ प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने स्व. प्रकाश पाण्डेय की पत्नी हेमलता पाण्डेय को चेक के माध्यम से सहयोग राशि भी सौंपी। इसके साथ ही हर तरह के सहयोग के लिए खड़ा रहने का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत सभी ने दो मिनट का मौन रहकर मृत पत्रकार की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं मृतक पत्रकार के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हजारीबाग क्लब के सदस्य सदैव उनके साथ खड़ा रहने का आश्वासन भी दिया। मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, हज़ारीबाग़ प्रेस क्लब के सचिव विस्मय अलंकार, कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी सानु, जे.जे.ए के जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, हज़ारीबाग़ प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष दीपक सिंह, हज़ारीबाग़ प्रेस क्लब के संयुक्त सचिव सागर कुमार, प्रदीप सिन्हा, सुमन सिन्हा ने पत्रकार स्व. प्रकाश पाण्डेय के निवास स्थान विष्णुगढ़ स्थित बनासो पहुंचे । हज़ारीबाग़ प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेन्द्र दूबे , इश्तियाक अहमद , रंजीत पाठक , शिवकुमार पाण्डेय , सुबोध मिश्रा , सुनील बर्मन , रवि पाण्डेय , राजेश कुमार दूबे सहित अन्य पत्रकार गण उपस्थित रहे ।

## सावंत इंटर कॉलेज खपरियावां को तीनों संकायों में मिली स्थायी प्रस्वीकृति

**महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल, लोगों ने प्रबंधन को दी बधाई**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** झारखंड सरकार स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से सावंत इंटर कॉलेज खपरियावां, हजारीबाग को तीनों संकायों कला, वाणिज्य और विज्ञान में स्थायी प्रस्वीकृति मिल गई है। यह जानकारी देते हुए कॉलेज के अध्यक्ष रामकिशोर सावंत और सचिव डॉ अनुरंजन कुमार ने बताया कि इस महाविद्यालय को झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) से वर्ष 2016 में तीनों संकायों में स्थापना अनुमति मिली थी। आरंभ से ही कॉलेज की अपनी भूमि और अपना भवन था। फिर एकेडमिक को उन्नत किया गया।

अब झारखंड इंटरमीडिएट महाविद्यालय स्थापना अनुमति एवं प्रस्वीकृति ( शर्त एवं बंधेज ), नियमावली, 2005 यथासंशोधित नियमावली, 2006 में निहित प्रावधानों के तहत प्रस्तावित सावंत इंटर कॉलेज, खपरियावां, हजारीबाग को 3318 ज्ञापांक-12/प्रस्वी. 05-15/2024.. रांची, दिनांक 18/12/2024 के तहत कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विभिन्न विषयों में स्थायी प्रस्वीकृति प्रदान की गई।

इनमें कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, खोरठा, इतिहास, भूगोल, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, तर्कशास्त्र एवं अर्थशास्त्र, विज्ञान संकाय में भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी विषयों में स्थायी प्रस्वीकृति प्रदान की गई है। कॉलेज को स्थायी प्रस्वीकृति मिलने पर प्रबंधन समेत पूरे महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। बधाई देनेवालों में अध्यक्ष, सचिव के अलावा कोषाध्यक्ष शशि कुमार सिन्हा, वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार सिन्हा, उमेश पांडेय, नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा, भाजपा नेता आकाश सुबोध, पूर्व मुखिया मंजू मिश्रा, प्राचार्या डॉ अंजू सिंह, उप प्राचार्य दीपक कुमार, शिक्षक श्यामसुंदर दास समेत अन्य शिक्षकों व शिक्षकेत्तरकर्मी शामिल हैं।

## बरही चौक पर मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने किया अलाव की व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही में ठंड ने अपना प्रकोप बढ़ा लिया है। क्षेत्र में शीतलहरी जैसी हवा तेजी से चल रही है। जिसके कारण जन जीवन अस्त व्यस्त है। कंपकंपाती ठंड को देखते हुए बरही चौक पर बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने अलाव की व्यवस्था की। अलाव की व्यवस्था से लोगों ने राहत की सांस ली है। मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर ने बताया कि मौसम ने अपना प्रकोप बढ़ा दिया है। अलाव से लोगों को राहत मिलेगी। हरेक वर्ष मेरी और से बरही चौक पर अलाव की व्यस्था की जाती थी, इस बार भी बढ़ते ठंड को देखते हुवे अलाव की व्यस्था करवाया।

## बरही जनजागरण केंद्र में बच्चों के बीच गर्म कपड़े और मिठाई का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही क्षेत्र अंतर्गत पंचमाधव स्थित जनजागरण केंद्र के बच्चो के बीच युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा नव वर्ष के अवसर पर गर्म कपड़े एवं मिठाई बांट कर पुनीत कार्य किया गया। गर्म कपड़े मिलने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में मासूम बच्चों के बीच अपने टीम के साथियों के साथ गर्म कपड़े उन यतिम बच्चो के चेहरे पर मुस्कान लाकर काफ़ी शुकुन महसूस कर रहा हूं। हमारी संस्था पिछले 5 सालों से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कार्य कर रही है। वहीं युवा समाजसेवी संजय मेहता ने कहा कि संस्था के द्वारा समय समय पर रक्तदान, कंबल एवं गर्म कपड़ो का वितरण जैसे कई प्रकार के सामाजिक कार्य किए जाते हैं। कार्यक्रम में सरफराज खान, राजेश यादव, आशीष यादव, सरफराज अहमद, अनिल सिंह, सतीश गुप्ता, विकास यादव, परमेश्वर यादव, सहमद खान, विजय कुमार, शमीम अंसारी, आदित्य कुमार, राहुल कुमार, सचिन कुमार, बिट्टू यादव, मिनहाज खान, दीपेश कुमार, जयंत कुमार, अहमद खान, बलजीत सिंह, आयुष सिंह, राजेंद्र यादव, रवि यादव, विजय यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त द्वारा चलाया गया जरुरतमंदों के लिए कंबल वितरण अभियान

- **उपायुक्त ने भीषण शीतलहरी से प्रभावित लोगों के बीच पहुंची, वृद्ध एवं असहयों को दिया कंबल**
- **जिले में चल रही है शीतलहरी, घरों में रहे, सतर्क रहें : उपायुक्त**
- **रात को बंद कमरे में ना करें अंगीठी का प्रयोग, हो सकता है घातक : उपायुक्त**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पिछले कुछ दिनों से चल रही भीषण शीतलहरी के कारण जन जीवन पर असर पड़ रहा है। बढ़ती ठंड से सड़क किनारे अपने जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों के इस समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के दृष्टिगत गुरुवार 2 जनवरी को उपायुक्त नैंसी सहाय ने ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न गांवों में कंबल वितरण अभियान का नेतृत्व किया। यह अभियान तिलरा गांव (बिरहोर टोला), चंपानगर नवाडीह पंचायत, इचाक और रोमी गांव (पदमा) में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग को ठंड से बचाने के लिए सहायता प्रदान करना था।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने बिरहोर समुदाय समेत ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्राथमिकता से पहुंचे। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा, प्रशासन की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि समाज के कमजोर वर्ग को हर संभव सहायता मिले। ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण केवल राहत प्रदान करने का प्रयास है।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, पुलिस बल और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जाकर कंबल वितरित किए और उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच चॉकलेट का भी वितरण किया। बिरहोर टोला जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में इस तरह की पहल ने प्रशासन की सक्रियता और प्रतिबद्धता को दर्शाया।

इस अभियान के तहत सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को कंबल दिए गए, जिससे उन्हें कड़कड़ाती ठंड में राहत मिली। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को इस वितरण से लाभ पहुंचा। उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हरसंभव मदद के लिए हमेशा तैयार रहेगा। उन्होंने स्थानीय समुदाय से भी अपील की कि वे ऐसे कार्यों में प्रशासन का सहयोग करें और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने में अपना योगदान दें।

कंबल वितरण अभियान का यह प्रशासनिक प्रयास केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक समर्पण का प्रतीक भी होते हैं। हजारीबाग प्रशासन की यह पहल समाज के वंचित वर्ग को राहत पहुंचाने और उनकी भलाई के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उपायुक्त ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए सभी प्रखंडों के महत्वपूर्ण स्थानों में अलाव की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि ठंड बढ़ गयी है इसलिए, घरों में रहे,सतर्क रहें।

बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के प्रमुख चौराहों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन जरूरतमंद लोगों को कंबल मुहैया करा रहा है।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह,जिला योजना पदाधिकारी श्री पंकज तिवारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार तथा संबंधित प्रखंड के सीओ और बीडीओ मौजूद रहे।

**ठंड के बाबत आमलोगों लोगों से कुछ सावधानियां बरतने की उपायुक्त की अपील**

इन बातों का ध्यान रखें : ऊनी कपड़े पहनें। सिर, गर्दन, हाथ, और पैरों को ढककर रखें। टोपी, दस्ताने, स्कार्फ, और इंसुलेटेड, वाटरप्रूफ जूते पहनें. गर्म पेय पिएं। मौसम का ध्यान रखेंमौसम के पूर्वानुमानों का पालन करें. शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें. रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं विटामिन सी युक्त फल और सब्ज़ियां खाएं. घर में ठंडी हवा रोकें,दरवाज़ों और खिड़कियों को ठीक से बंद रखें ताकि सबसे महत्वपूर्ण बंद कमरे अंगीठी जलाकर रात में न सोएं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## भाजपा आजसू द्वारा क्रेडिट लेने की लगी है होड़ : कृष्णा सिंह

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा अनुशंसित योजना अब धरातल पर उतरना शुरू हो गया है। करीब 20 करोड़ से अधिक राशि की योजनाओं की स्वीकृति जो पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा व लगातार किए गए मेहनत के बाद प्राप्त हुआ था उसके निविदा निकल चुकी है जो की आचार संहिता के कारण नहीं निकला था। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व विधायक प्रतिनिधि कृष्ण सिंह ने दी आगे कृष्ण सिंह ने कहा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अनुसंसित एवं स्वीकृत योजनाओं का क्रेडिट लेने के लिए भाजपा एवं आजसू नेताओं में होड़ मची हुई है। इन योजनाओं के स्वीकृति अंबा प्रसाद द्वारा दिलवाई गई लेकिन विपक्षी पार्टी द्वारा वर्तमान विधायक रोशन लाल चौधरी की मेहनत एवं पहल बताकर लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। करोड़ों की योजनाएं जो आचार संहिता के कारण धरातल पर नहीं उतर सकी थी वह सभी योजनाएं धरातल पर दिखना शुरू हो गई है।कृष्णा सिंह ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आजसू के लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि जमीन पर काम करें एवं जनता के द्वारा प्राप्त मत का सम्मान करते हुए लोगों को झूठी जानकारी देने से बचें। उक्त सभी योजनाएं अक्टूबर माह में ही स्वीकृत हो गई है जो कि विधायक अंबा प्रसाद के कार्यकाल के दौरान ही उपलब्धि में शामिल है। कृष्णा सिंह ने इस दौरान पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा अनुसंसित योजनाओं की छाया प्रति एवं रामगढ़ जिला के वेबसाइट में स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की प्रति भी उपलब्ध कराई।

## राजी पहड़ा सरना में प्रार्थना सभा की हुई बैठक



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला में रैयाटाँड के सरना स्थल में राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा की बैठक हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 8 जनवरी को स्व0 सरलू पहान का पुण्यतिथि मनाया जाएगा द्य 8 जनवरी को आदिवासी समाज पूरा रामगढ़ जिला से विभिन्न गांव से भाग लेंगे मौके पर राजेश पहान,सारथी मुंडा,आलोमनी पहान,चेतलाल पहान, अजय मुंडा, विजय मुंडा ,दीपक मंडा नरेश मुंडा ,लाला करमाली, ललिता, जितेंद्र, मंटू बेदिया, अनु मुंडा किरण मंडा आदि कोई उपस्थित थेद्य

## डाडी प्रखंड के पंचायत में मुखिया ने किया 120 कंबल का वितरण




**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड सरकार की ओर से बढ़ती ठंढ और कनकनी को देखते हुए गरीब जरूरतमंद और असहाय लाभुकों के बीच तकरीबन 120 कंबल का वितरण हुवाग पंचायत सचिवालय में गिद्दी पंचायत ख की मुखिया श्रीमती उषा देवी द्वारा वितरण किया गया। मुखिया उषा देवी ने इस दौरान कहा कि बढ़ती ठंढ और कनकनी से बचाव के लिए सरकार द्वारा असहाय, गरीब और जरूरतमंदो के बीच कंबल उपलब्ध कराया गया है साथ ही और कोई जरूरतमंद अगर छूट गया है तो मुखिया से संपर्क कर कंबल के सूचित करें उन्हें भी कंबल उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस मौके पर हुवाग पंचायत से हाजी समसुल व उप मुखिया इम्तियाज ख पंचायत से उपमुखिया सरिता देवी,पूनम देवी, प्रियंका दत्ता, फूलकुमारी देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु , मृतक की हुई पहचान



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ थाना अंतर्गत एक व्यक्ति की मृत्यु रांची हजारीबाग एनएच 33 पर गोवरदरहा चौक पर अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने के कारण हो गई है। यह घटना संध्या करीब 5 ॒00 बजे हुआ है मृतक के शव को सदर अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है । यह जानकारी रामगढ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया। रामगढ थाना प्रभारी ने कहा कि मृतक की पहचान हो गई ।मृतक का पहचान बद्दू उरांव उम्र करीब 62 वर्ष पिता स्व0 जीत उरांव ग्राम गडगांव थाना इटकी जिला रांची जो ज्योति ईटा भट्ठा में मजदूर के रूप में कार्यरत था की पहचान हुई है पोस्टमार्टम कराया गया है तथा प्राथमिकी मोटरसाइकिल नंबर द्ध्द्ध 02स्र 2957 के विरुद्ध दर्ज की गई है।

## आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का होगा आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला आधार निगरानी समिति कि बैठक में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में 0-5 वर्ष के सभी बच्चों एवं गर्भवती / धात्री माताओं के आधार पंजीकरण एवं अद्यतनीकरण शिविर का आयोजन दिनांक 03.01.2025 से सभी प्रखण्ड रामगढ़ जिला के पंचायत भवनों में पूर्वाह्न 10॒00 बजे से अपराहन 04॒00 बजे तक किया जाना है। शिविर आयोजन से संबंधित जानकारी निम्न है।स्थल- पंचायत भवन।03/01/2025 को चितरपुर- बड़किपोना।दुलमी- पोटमदगा, जमीरा, सिकनी।गोला- चोकाद, बेटूलकला, चाडी, कोराम्बे।मांडू- केदला नार्थ, नावाडीह, कर्मा नार्थ, कुज्जु पुर्वी, तोपा, बुमरी, सारूबेड़ा।पतरातू- भुरकुंडा, डूडगी।04/01/2025 को चितरपुर- भूचुंगडीह।दुलमी- कुल्हि, सोसो, दुलमी।गोला- बन्दा, मगनपुर, कुम्हारदगा (आंगनबाड़ी केंद्र डभातु के समीप), पुरबडीह।माण्डू -केदला मध्य, बड़गांव, कर्मा दक्षिणी, कुज्जु पश्चिमी, मंझलाचुम्बा, बारुघुटु पूर्वी, कुज्जु दक्षिणी। पतरातू- पटेलनगर, बारीडीह।

## मांडू चट्टी मुखिया के द्वारा बिरहोर परिवार के बीच कंबल का किया गया वितरण

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी पंचायत मांडू मुखिया अनीता देवी के द्वारा बिरहोर के 120 परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया।गोविंदपुर दादू दोहर बाला दोहर के बिरहा परिवारों ठंड के देखते हुए दिया गया। इस मौके पर मांडू चट्टी पंचायत सचिव नरेश कुमार हजम , समाजसेवी साकिर हुसैन, छोटेलाल भुइयां, योगेश्वर महतो आलम अंसारी आदि उपस्थित थे।



# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश उत्सव को लेकर पहले दिन निकाली गई प्रभात फेरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** साहब श्री गुरु गोविंद सिंह साहब जी का प्रकाश पर्व मनाने के लिए रामगढ़ शहर में गुरुद्वारा की ओर से प्रभात फेरी आरंभ की गई है। कड़ाके की ठंड होने के बावजूद संगत में कमी नहीं आई, दीनानाथ सुनो अरदास राजन के राजा महाराजा के महाराजा जो लड़े दिन के हैत सुरा सोई गोविंद के गुण गाओ साधु गोविंदा के गावो आदि सब्दो से पूरा माहौल भक्तिमय हो गयाद्य निशान साहेब पर पुष्प की माला डाली, निशान साहब की सेवा जसकीरत सिंह सैनी गुरजोत सिंह सैनी के द्वारा नंगे पैर की गई। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से लोहार टोला चट्टी बाजार झंडा चौक सुभाष चौक होते हुए गुरुद्वारा साहब पहुंची, चाय नाश्ते की सेवा गुरुद्वारा साहिब की तरफ से की गई। मौके पर प्रधान परमदीप सिंह कालरा, अमरजीत सिंह सैनी, कुलवंत सिंह मारवाह, तेजेंद्र सिंह सोनी, मशहूर गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा अंगद सिंह चंडोक इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा रसप्रीत सिंह जग्गी, जिगर छाबड़ा, रौनक, कमल जैसल ,पप्पू जस्सल,रणजीत सिंह, हरजीत सिंह, जसमीत कौर सोनी, रोमी छाबड़ा, गुरबक्श कौर, सुमी जौली,सतविंदर कौर,कुदरत छाबड़ा,अंगद निक्की लांबा, लवली लांबा,बलविंदर कौर छाबड़ा,बबली सोनी, सोमा जस्सल शामिल हुए।



## हजारीबाग प्रमंडल का डी आईजी बनाने पर कुशवाहा विकास समिति शह कुशवाहा भवन रामगढ़ हर्ष व्यक्त किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** तेज तरार आईपीएस संजीव कुमार को हजारीबाग प्रमंडल का डी आईजी बनाने पर कुशवाहा विकास समिति शह कुशवाहा भवन रामगढ़ हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त प्रकट किया उनके हजारीबाग डीआईजी पद पर आसीन किए जाने पर कुशवाहा समाज ने नव वर्ष की बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामना संदेश भेजकर प्रसन्नता जाहिर की है संजीव कुमार एक कर्तव्य निष्ठ एवं जिम्मेवार पुलिस अधिकारी के रूप में पहचान बनाई है और भविष्य में भी अपने पद पर आसीन रहकर जनता जनार्दन की सेवा करते रहेंगे और आगे शीर्ष पद पर विराजमान होकर झारखंड की जनता का हित में काम करते रहेंगे ऐसी अपेक्षा कुशवाहा समाज करती है ज्ञात होगी श्री संजीव कुमार रामगढ़ जिले में दो बार डीएसपी के रूप में सेवा देकर अपनी कार्य कुशलता का परिचय दे चुके हैं बधाई देने वालों में घनश्याम महतो बलराम प्रसाद कुशवाहा तुलसी प्रसाद कुशवाहा उमेश चंद्र रविकांत कुशवाहा भोला नंद प्रसाद जानकी महतो चमन महतो राजकुमार कुशवाहा विक्रम प्रसाद कुशवाहा भी कुमार कुशवाहा शिवचंद्र प्रसाद संदीप कुमार अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा राजू सम्राट पंकज कुमार रमेश प्रसाद कुशवाहा अनिल कुमार इत्यादि ने हर्ष व्यक्त किया।

## भाकपा-माले ने चुम्बा में दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम का 43 वीं स्मृति दिवस मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** मांडू प्रखंड के ग्राम चुम्बा में, चुम्बा निवासी दिवंगत कॉमरेड धर्मनाथ राम का 43 वीं स्मृति दिवस भाकपा- माले नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। भाकपा माले हजारीबाग जिला कमेटी सदस्य कामरेड सोहराय किस्कू के द्वारा झण्डोतोलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए, दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम के चित्र पर माल्यार्पण भाकपा- माले के वरिष्ठ कार्यकर्ता कामरेड छोटेलाल दास के द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित साथियों ने 2 मिनट की श्रद्धांजलि दी गई। स्मृति दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड रामवृक्ष बेदिया एवं संचालन सकलदेव राम ने किया। इस बीच जोशपुर्ण नारे लगाए गए ÷दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम अमर रहे, कामरेड धर्मनाथ राम तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, भाकपा- माले जिंदाबाद! जल जंगल जमीन पर कब्जा मंजुर नहीं, अडानी का कब्जा मंजुर नहीं, नफरत की राजनीति नामंजुर करो, फासीवाद को चकनाचूर करो! आदि गर्मजोशी के साथ नारे लगे।स्मृति सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला सचिव कामरेड भुनेश्वर बेदिया अपने संबोधन में कहा कि दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम का निधन 1982 ई0 में हुई। 80 के दशक में सामंती- जमींदारी जुल्म -अत्याचार चरम पर था। पुलिस जुल्म, सूदखोरों- महाजनों का अत्याचार जुल्म शोषितों- दलितों, वंचित- गरीबों के ऊपर कहर ढा रहा था। भाकपा माले (तब आइपीएफ) के नेतृत्व में दलित,वंचित, गरीब मेहनतकशों व समाज के हासिये पर रहने वाले तमाम लोगों ने संगठित होकर कई आंदोलन व संघर्ष किए हैं। तब सामंती धाक, अत्याचार, पुलिस जुल्म, सूदखोरों का आतंक को समाप्त किया गया। उस दौर के आंदोलन में दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम सक्रिय भूमिका में शामिल थे। कामरेड धर्मनाथ राम को तहे दिल से याद करते हुए, आज के दौर में जल- जंगल- जमीन पर अडाणी- अंबानी का कब्जा के खिलाफ, निजीकरण, उदारीकरण के खिलाफ एवं कॉरपोरेट सांप्रदायिक फासीवाद के खिलाफ मजबूती से आंदोलन को आगे बढ़ना ही दिवंगत कामरेड धर्मनाथ राम के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आगे उन्होंने कहा कि भाकपा माले द्वारा 18 दिसंबर 2024 से 22 अप्रैल 2025 तक जोहार झारखंड संकल्प अभियान में जन -जन तक संदेश को ले जाना है,और जनता को जागृत करना है। उक्त कार्यक्रम में जिला कमेटी सदस्य कामरेड जयनंदन गोप, लालचंद बेदिया, मानाराम मांझी, अशोक गुप्ता, सुलचंद राम, रूपन गोप, बबलू भुईयां, महेंद्र राम, सुखदेव राम, कारीनाथ मुंडा, बालेश्वर घटवार, जीरवा देवी, फूलमती देवी, कमल राम, कुवंर राम, सुरेंद्र सिंह अन्य सैकड़ों लव शामिल थे।



## कुंदरुकला मकर मेला के मुख्य संरक्षक बने किसुन मुंडा व संयोजक बनाये गये धनेश्वर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरुकला पंचायत के मंगरीढीपा बगलामुखी धाम दामोदर नदी के तट पर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा ने किया सर्वसम्मति से बैठक में निर्णय लिया गया कि नए साल के आगमन पर मकर संक्रांति टुसु मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति 2025 में भी 15 जनवरी को दामोदर नदी किनारे मकर संक्रांति मेला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष मोहराय महतो उपाध्यक्ष उमाशंकर महतो सचिव संजय सिंघानिया सह सचिव अनूप यादव कोषाध्यक्ष बालेश्वर महतो उर्फ मिठू उपकोषाध्यक्ष टेकलाल महतो, मुख्य संरक्षक किसुन राम मुंडा बनाए गए संरक्षक मुखिया रामसेवक महतो मिसिर लाल महतो हीरा गोप जबकि मेला संयोजक रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो को बनाया गया इसके अलावे सदस्यों में कृष्ण यादव अजय महतो संदीप कुमार, प्रदीप नायक,मनोज उर्फ मिंटू महतो, अजय महतो,संदीप महतो,राजेश महतो, दिनेश महतो, महेश महतो, प्राण महतो, जगदीश महतो सहित दो दर्जन से अधिक लोग शामिल है।

## पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने हुवाग में क्रिकेट मैच का किया उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के हुवाग पंचायत के दर्रिया में प्रीमियर लीग डीपीएल ष्ठ.क्क्रु द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का उद्घाटन में मुख्य अतिथि आदरणीय पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने फीता काट कर शुभारंभ किया।पूर्व विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जी ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के सभी जगहों पर इस तरह का खेल होने से खिलाड़ियों का प्रतीभा निखरता है और शरीर स्वस्थ रहता है।मैं हमेशा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करता हूं।और मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के साथ साथ खेल में भी सहयोग करते हैं और आगे भी सहयोग करते रहेंगे।इस मौके पर हसनैन अंसारी, जयकुमार महतो, मंगलदेव महतो, संतोष रजक एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## स्व. हरिवंश महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत के पूर्व मुखिया स्व. हरिवंश महतो जी की प्रथम पुण्यतिथि पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों और ग्रामीणों ने स्व. महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में पूर्व विधायक शंकर चौधरी और कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने कहा, ÷स्व. हरिवंश महतो जी एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने समाज और पंचायत के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनकी सेवाओं को सदैव याद किया जाएगा।÷पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने भी स्व. महतो के योगदान को सराहते हुए कहा, ÷उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों की भलाई के लिए काम किया। उनका सरल और निष्ठावान व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।कार्यक्रम में उपस्थित स्व. हरिवंश महतो के परिवारजनों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी उनके सामाजिक कार्यों और विचारों को स्मरण किया। सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने और समाजसेवा के उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।यह आयोजन स्व. हरिवंश महतो जी की स्मृतियों को सजीव रखने और उनकी प्रेरणादायक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया।मौके पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश परमेश्वर पटेल चरण केवट सुनिल महतो सर्वेश कुमार रंजित कुमार विपिन कुमार बबलू कुमार विनोद कुमार रवि महतो दुधेशवर महतो रोहित महतो आदि।

## सौदा डी पंचायत भवन में 90 लोगों के बीच सरकारी कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** बढ़ती ठंड को देखते हुए भुरकुंडा सौदा डी पंचायत भवन में 90 लोगों को बीच सरकारी कंबल का वितरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया उपेंद्र शर्मा सहित पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, पंचायत सचिव खुशबू रानी मेडम,वार्ड सदस्य सुबोध रजक, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार, अरविन्द ओझा सहित पंचायत के देवतुल्य ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण किया गया।

## आजाद भारत का सबसे बड़ा गोलीकांड था खरसावां गोली कांड : रमेश कुमार महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के पदाधिकारियों ने खरसावां गोलीकांड 1 जनवरी 1948 को गोली कांड में हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे खरसावां ! खरसावां गोली कांड में पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के साथ पार्टी के पूर्व प्रत्याशीयों, पदाधिकारियों के अलावा समर्थक भी काफी संख्या में पहुंचे हुए थे ! टाइगर जयराम महतो ने कहा की सरायकेला खरसावां जिले के खरसावां हाट मैदान में सरायकेला और खारसँवा सियासत का उड़ीसा में विलय के खिलाफ और अलग झारखंड राज्य की मांग को थी! जिन पर उड़ीसा पुलिस बल ने मशीनगन द्वारा गोलियां बरसाई गई! जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि आजाद भारत का सबसे बड़ा गोली कांड था खरसावां गोली कांड । भारत की स्वतंत्रता के पश्चात तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में सियासतों का विलय हो रहा था . उसी दौरान सिंहभूम स्टेट में आने वाले सरायकेला और खरसावां को लेकर समस्या खड़ी हो गई । इन दोनों क्षेत्रों के लोग झारखंडी संस्कृति का पालन करने वाले थे, जबकि उनके शासन उड़िया भाषी थे। शासको में उड़ीसा के साथ सरायकेला और खरसावां के विलय का प्रस्ताव रख दिया और जनता की मंशा को नजर अंदाज कर दिया गया! इस प्रस्ताव को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था। जिससे झारखंडी आदिवासी समाज में गुस्सा भड़क गया । अंत में 1 जनवरी 1948 को आदिवासी महासभा के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग जुटे ।1 जनवरी 1948 का दिन गुरुवार और साप्ताहिक हाट बाजार का दिन था, इस कारण भीड़ काफी संख्या थी। यह लोग जब सरकार के प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप कर लौट रहे थे तो उड़िया पुलिस बल ने उन पर मशीनगन द्वारा फायरिंग शुरू कर दिया। हालांकि गैर -आधिकारिक दावों में मारे गए लोगों की संख्या 30000 तक बताई जाती है । खरसावां गोली कांड के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करने में मुख्य रूप से रामगढ़ जिला से केंद्रीय पदाधिकारी राजेंद्र बेदिया, श्याम सुंदर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो जिला सचिव सुरेंद्र महतो,पतरातु प्रखंड मीडिया प्रभारी अंजन कुमार, सक्रिय सदस्य राजू बेदिया उपस्थित थे ।



## नये साल के स्वागत में पतरातू डैम में उमड़ी पर्यटक और सैलानियों भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** नए साल के स्वागत में पतरातू डैम में सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पर्यटक और सैलानी यहां पहुंचकर पतरातू डैम में सैलानी और पिकनिक मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। डैम परिसर में सैकड़ों लोगों ने पिकनिक का लुत्फ उठाया। पिकनिक मनाने वाले लोग डैम परिसर में टेन्ट और खुले आसमान के नीचे पिकनिक मनाया। जहां पर वनभोज मनाने वाले लोग डैम परिसर में ही एक से बढ़कर एक लजीज भोजन तैयार किया। यहां पहुंचे सैलानियों ने नौका विहार का आनंद लिया। वहीं पतरातू पुलिस पतरातू डैम में सैलानियों की सुरक्षा को लेकर मुस्तेद दिखी। दूसरी ओर सैलानियों में शामिल पर्यटक और युवक युवतियां यहां पर देर शाम डीजे और फिल्मी धुनों पर नाचते-गाते और थिरकते रह रहे हैं।इसके अलावा पतरातू पिठोरिया घाटी में भी दिन भर भीड़ रही। मालूम हो कि सैलानी खास कर डैम के लुभावने दृश्य का अवलोकन करने के लिए यहां पहुंचते हैं। साथ ही देखकर आनंदित होते हैं। मालूम हो कि पर्यटन विभाग की ओर से यहां पर बनाए गए पर्यटन केंद्र, चिल्ड्रन पार्क, पाथवे, जेटी को देखने के लिए सालों भर पहुंचते रहते हैं। क्योंकि सिर्फ पतरातू डैम ही नहीं यहां का लेक रिसॉर्ट और पलानी झरना भी दर्शनीय है।लोग यहां पहुंच कर डैम में बोटिंग का आनंद उठाते हैं।सैलानी यहां पर पहुंचकर नौका विहार और डैम में मौजूद विदेशी मेहमान साइबेरियन पक्षियों को देखकर पुलकित होते हैं। किसके साथ ही डैम परिसर में सैलानी विभिन्न तरह के व्यंजन बना कर उसका स्वाद चखते हैं।



## शहीद रणधीर वर्मा के शहादत दिवस समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल संतोष गंगवार शहीद रणधीर वर्मा के 34वें शहादत दिवस पर आगामी 3 जनवरी को धनबाद शहर के रणधीर वर्मा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। राज्यसभा के सदस्य दीपक प्रकाश इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद के सांसद दुल्लू महतो करेंगे। धनबाद के विधायक राज सिन्हा, झरिया की विधायक रागिनी सिंह और बाघमारा के विधायक शत्रुध्न महतो की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत कलाकारों के संगीतमय श्रद्धांजलि से शुरू होगी। रणधीर वर्मा मेमोरियल सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर कुमार ने यह जानकारी दी है।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी में दो मोक्ष वाहन व एक एंबुलेंस सेवा बहाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद में दो मोक्ष वाहन और एक एंबुलेंस सेवा बहाल की गई। जिसका विधिवत पूजा करते हुए चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह एवं सचिव रविन्द्र नाथ ठाकुर ने नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी एल.बी. किशोर नाथ शाहदेव व संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह उपलब्ध थे। इसके उपरांत अधीक्षक एसएनएमएमसीएच, चेयरमैन भारतीय रेडक्रास समिति कौशलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। अधीक्षक डॉ. संजय चौरसिया एसएनएमएमसीएच से वार्ता करते हुए कुछ सुझाव आदान-प्रदान किया गया। वार्ता के दौरान संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेतांबरा पाठक,नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार,अनिल भगत व लीला मांजी उपस्थित थे। अधीक्षक एसएनएमएमसीएच धनबाद से तीनों चालकों निर्मल कुमार गोराई, विजय कुमार व भगत कृष्ण कुमार वर्मा का परिचय कराया गया। डॉक्टर सुरेन्द्र प्रसाद व हरेंद्र कुमार एसएनएमएमसीएच ने तीनों चालकों का नंबर लेकर उनके संबंध में विस्तृत जानकारी लेने के बाद बैठक संपन्न हुई।

## दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प, सात घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मंडल बस्ती में गुरुवार की दोपहर एक बड़ा बवाल हुआ। यहां घर बनाने के विवाद में जम कर लाठी, डंडे, ईट और पत्थर चले, जिसमें लगभग सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस घटना के बारे में मंडल बस्ती के सुनील मंडल ने बताया कि वे लोग अपना घर बना रहे थे। इसी दिन पड़ोस के रहने वाले लख्खी और साधन मंडल के द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बता दें कि दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी, डंडे, ईंट और पत्थर से हमला किया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस को घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में पारिवारिक आनंदोत्सव का हुआ आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में गुरुवार को पारिवारिक आनंदोत्सव का आयोजन वेडलॉक ग्रीन रिजॉर्ट में किया गया। पारिवारिक आनंदोत्सव कार्यक्रम में धनबाद जिले में निवास करने वाले तमाम समाज बंधुओ को एवं मारवाड़ी समाज के जितने भी अनुसांगिक संगठन है सभी को आमंत्रित किया गया था।सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया अध्यक्ष श्री कृष्ण अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन समाज को एकत्रित करने एवं एक सूत्र में पिरोने को किया गया था श्री अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनने का आग्रह किया जिससे सम्मेलन को और मजबूती मिल सके।कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि आज के कार्यक्रम में महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों के लिए कई तरह का मनोरंजन कार्यक्रम रखा गया था। उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर लुफ्त उठाया चेतन ऑर्नामेंट की ओर से हौजी में विजेताओं को सोने और चांदी का अनेक उपहार दिया गया बॉलीवुड कलाकार मोहित अग्रवाल योगेश राज एवं टीम के द्वारा संगीतमय प्रस्तुति कर समां बांधे रखा जमकर लोगों ने डांस कर भरपूर आनंद उठाया उपस्थित सभी लोगों के लिए अनेक प्रकार के लजीज व्यंजन की व्यवस्था की गई थी।उपाध्यक्ष दीपक रुइया ने बताया कि म्यूजिकल चेयर गन शूटिंग मिकी माउस बैलून गेम के अलावे कई प्रकार के खेल का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को अनेक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया आज के कार्यक्रम में लगभग 2000 की संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृष्णलाल रुंगटा डी. एन. चौधरी संतोष जला, सज्जन खरकिया, राजकुमार अग्रवाल, किशन अग्रवाल, योगेंद्र तुलस्यान,कृष्णा लोहारुका, दीपक पोद्दार, चेतन गोयनका,संजीव अग्रवाल, शेखर शर्मा, विनय अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनिल खेमका, राकेश हेलीवाल आर बी गोयल, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, दीपक कटेसरिया, अरविन्द सतनालिका,श्याम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, मिठू सरिया, आशीष अग्रवाल,ललित मोदी, विनोद सिंघल, गोपी कटेसरिया, अजय गर्ग, घनश्याम नारनौली, वेद प्रकाश केजरीवाल समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की निदेशक पर्षद बैठक सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 02 जनवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ की निदेशक पर्षद धनबाद की बैठक समाहारणलय सभा कक्ष में की गई।बैठक में सदस्यता प्रदान करने पर विचार, विभाग द्वारा स्वीकृत कार्ययोजनान्तर्गत हेतु जमीन की उपलब्धता, जिला सहकारी संघ कार्यालय के लिए स्थान आरक्षित करने, कार्यालय संचालन हेतु प्रोफेशनल मैन पावर (स्न्नक्र), कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं लेखा संधारण हेतु वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला सहकारी संघ कार्यालय के संचालन हेतु एक सहकारिता प्रसार पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने, जिला स्तरीय कार्यशाला के आयोजन हेतु कार्यक्रम निर्धारित करने, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिलावार कार्ययोजना का प्रस्ताव भेजने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।इस दौरान उपायुक्त ने सभी सक्षम पैक्सों/एम.पी.सी.एस को सदस्य बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जिला मुख्यालय के आसपास पांच एकड़ जमीन की उपलब्धता हेतु गोविंदपुर अंचलाधिकारी के साथ क्षेत्र का निरीक्षण करने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। वहीं जिला सहकारिता संघ कार्यालय के लिए कंबाइंड बिल्डिंग स्थित पूर्व उप विकास आयुक्त कार्यालय में कमरा आवंटन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान जिला सहकारी संघ को प्रदत हिस्सा पूँजी पो0 3.00 करोड रूपया का बैंक में सावधि जमा के रूप में निवेश के अर्जित सूद की राशि से संघ कार्यालय के स्थापना प्रशासनिक एवं विविध व्यय के लिए वार्षिक बजट जिला सहकारी संघ के निर्देशक पर्षद द्वारा अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा कार्यालय संचालन हेतु प्रोफेशनल मैन पावर (एमबीए) कंप्यूटर ऑपरेटर एवं लेखा संधारण हेतु वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ विकास पालीवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, विधायक प्रतिनिधि, पैक्स प्रतिनिधि समेत अन्य मौजूद रहें।

# नव वर्ष पर सबिले हुसैन ट्रस्ट ने किया कम्बल और गर्म कपड़े का वितरन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** ईसवी नया साल 2025 का आगाज़ होते ही सबिले हुसैन ट्रस्ट ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण और दिल को खुश करने वाला कदम उठाया। उन्होंने गरीब बच्चों और बच्चियों की मदद करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया और सर्दियों में कांपते हुए बच्चों को कम्बल और गर्म कपड़े वितरित किए। यह कदम सिर्फ सर्दी से बचाव के लिए नहीं था, बल्कि इसके माध्यम से ट्रस्ट ने उन बच्चों के जीवन में एक खुशी का पल देने की कोशिश की। यह देख कर बच्चों के चेहरे खुशी से जगमगा उठे। कम्बल और कपड़े मिलने पर उनकी आँखों में एक नई उम्मीद की झलक थी, जो यह दर्शाता था कि वे वास्तव में इस प्यार और मदद के मोहताज हैं। यह कदम सामाजिक जिम्मेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण था और इसके माध्यम से सबील हुसैन ट्रस्ट ने समुदाय में इंसानियत की सेवा का एक उच्च मानक स्थापित किया।इस अवसर पर मौलाना कादरी ने नया साल मनाने के बारे में महत्वपूर्ण बातें साझा की। उन्होंने कहा कि नया साल सिर्फ खुशी मनाने का नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अच्छे कामों में वृद्धि करना और जरूरतमंदों की मदद करना भी है। मौलाना कादरी ने खासकर युवाओं से अपील की है कि वे शराब पीने, बाइक राइडिंग और सभी बुरे कामों से बचें और अपनी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने की पूरी कोशिश करें। इस अवसर पर सबिले हुसैन ट्रस्ट के अध्यक्ष मौलाना आरिफ रजा कादरी, सचिव फैज़ान खान, मो आकिब, मो साकिब, हसन रजा कादरी, मो महफूज़ और अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार को सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की बैठक हीरापुर स्थित वेडिंग विल्स मैरेज गार्डन में की गई। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की गल्फ ग्राउंड धनबाद में 15 जनवरी को होने वाले सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों से की जा रही है। अभी तक कूल 90 रजिस्ट्रेशन फॉर्म निकल चुके है। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 जनवरी है। श्री सिंह ने बताया की इस वर्ष सामूहिक विवाह का 11वां वर्ष है। यदि किन्ही इच्छुक नागरिकगण को कन्या दान करने की चाहत है तो वे समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह से सम्पर्क कर कन्यादान का सौभाग्य प्राप्त कर सकते है। इस संदर्भ में 9431315954 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते है।समिति के उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद तिवारी ने बताया की 11 जनवरी को भूमि पूजन के साथ साथ सभी जोड़ों को शादी का जोड़ा दिया जाएगा। सामूहिक विवाह में 10 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य और महिला विंग की सभी सदस्याएं मौजूद थी।

## अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश का महाअधिवेशन आरंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** देश की कोयला राजधानी धनबाद में किन्नरों की अधिवेशन की बिगुल गुरुवार से बज गया जिसकी आवाज 10 जनवरी तक गूंजती रहेगी। अधिवेशन के किन्नरों की मंडप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी पहुंची तो उपस्थित हजारों किन्नरों ने उनका भव्य स्वागत किया और नाच गान करते हुए उन्हें मंडप तक लाया। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलावाया नायक ने कहा की झारखंड में पहली बार किन्नरों का ये महाकुंभ धनबाद में होने जा रही है। जिसकी शुरुआत झारखंड प्रदेश की अध्यक्ष छम छम देवी अध्यक्ष को मंडप में पहुंचते ही शुरू हो गया। अभी किन्नरों का आना जारी है। संभवतः कल तक सभी किन्नर यहां पहुंच जाएंगे और कार्यक्रम की आगाज हो जाएगा। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में अलाव्य नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक, सांवरिया, गीता नायक, निर्मला किन्नर, श्वेता किन्नर, रेखा किन्नर आदि शामिल थे।

## माउंट आबू से ब्रह्म कुमारी टीम का पहला कदम में आगमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार को दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में ब्रम्हा कुमारी माउंट आबू से बी. के. सूर्यप्रकाश तथा उनकी टीम का आगमन हुआ। टीम ने दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम करवाया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि सत्कार एवं दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम मे परमपिता परमेश्वर के प्रति लोगो को जागरूक कर आत्मा और परमात्मा के बीच आपसी सम्बन्ध की वास्तविक समझ को समझाया गया। बी. के. सूर्यप्रकाश व उनकी टीम ने बताया की इस अभियान का मुख्य उदेश्य दिव्यांगों को आंतरिक रूप से सशक्त एवं संरक्षित करना है। सचिव अनिता अग्रवाल ने शॉल ओढ़ा कर और तुलसी पौधा देकर उन्हे सम्मानित किया। ब्रम्हा कुमारी की टीम ने भी अपने स्मृति चिन्ह देकर सचिव को सम्मानित किया। दिव्यांग बच्चों को पुरुस्कार दे कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने मिल कर नृत्य किया तथा बच्चों को प्रसाद व फल दिए गए।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कैंसर जागरूकता स्क्रीनिंग सह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट ने झरिया के जोरापोखर क्षेत्र में एक कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग सह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के बारे में जागरूक करना और निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करना था। इस शिविर में असर्फी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों, निदान और उपचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से क्षेत्र वासियों को यह अवसर मिला कि वे अपनी स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन कर सकें। शिविर में उपस्थित लोगों के लिए कैंसर स्क्रीनिंग किए गए।शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और समुदाय आधारित मूल्यांकन चेकलिस्ट फॉर्म भरवा कर निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। कैंसर स्क्रीनिंग के अलावा, स्वास्थ्य संबंधी अन्य परामर्श भी प्रदान किए गए, जिनमें रक्तचाप, आरबीएस, प्लस, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन, सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थीं।


कार्यालय
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा

**Very Short Tender Notice**

**Tender No..................Simdega/Dated...............**

1. Civil Surgeon, Simdega invites sealed Bids in two bid systems for **"Supply of Phaco Machine & BASIC OPERATION MICROSCOPE for Sadar Hospital, Simdega " is invited from Manufacturer/Authorised Dealer /reputed agency** through tender Notice detailed as in the Bidding Document.
2. **Award Methodology: -**Bidder shall be awarded considering least cost i.e., L1 (Lowest Bidder). Bidder qualifying the Technical bid and meeting the pre-Qualifying criteria shall only be considered for opening of Price Bids. For details regarding "Methodology for selection of Supplier" refer **Terms & conditions**
3. **Salient Features of Bidding Document:-**

| Sl. No. | Details | Timelines/other Particulars |
|---|---|---|
| a. | Tender Document Fee (Non-Refundable) | ₹ 2000/- (Rupees Two Thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega.", payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| b. | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 20000/- (Rupees Twenty thousand Only) in the form of crossed demand draft in favour of "Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Simdega." payable at Simdega should be attached with hard copy of Tender. |
| c. | Bid Start Date of Submission | 02.01.2025 |
| d. | Last Date and time for submission of Bids | 16.01.2025 till 3.00 PM |
| e. | Opening of Bid | 16.01.2025 at 4.00 PM |

***Note:-*** *If any of the cut-off date identified above happens to be holiday, the next working day shall be implied.*
***Details bid document*** *can be downloaded from the official website of Simdega district i.e.* ***www.Simdega.nic.in /www.gem.gov.in***

**Civil Surgeon cum Chief Medical Officer,Simdega**
PR 343391 Simdega(24-25).D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– **18/RI/2024-25/RWD/CHATRA** दिनांक– 02.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | RWD/ CHATRA/106/ 2024-25 | टण्डवा | गाड़ीलौंग | गाड़ीलौंग | पनघटवा रोड में अस्मशान घाट तक PCC पथ निर्माण | 3144800.00 | एकतीस लाख चौआलीस हजार आठ सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 7 | RWD/ CHATRA/107/ 2024-25 | टण्डवा | राहम | राहम | बरगाछ से राहम पैक्स गोदाम तक PCC पथ निर्माण | 4061700.00 | चालीस लाख इकसठ हजार सात सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 8 | RWD/ CHATRA/108/ 2024-25 | टण्डवा | बड़गांव | बड़गांव | रखुल मियाँ के घर से महतो आहर तक PCC पथ निर्माण | 3214000.00 | बत्तीस लाख चौदह हजार मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 15.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 17.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541.296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.343408 Rural Work Departmen(24-25):D

# जिले में चल रहे योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले एवं आकांक्षी प्रखंड के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश उपायुक्त द्वारा दिए गए। इस दौरान एडीएफ ने बताया कि सभी मानकों पर विशेष कार्य करते हुए नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सभी इंडिकेटर में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किया गया है। इसके अलावा उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समुचित कार्य प्रारूप तैयार किया जाय ताकि योजनाओं का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित कि जा सके। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज रूम एवं लिफ्ट इरीगेशन सिंचाई सहित अन्य योजनाओं की क्रियान्वयन के लिए निविदा प्रतिवेदन तैयार कर निविदा प्रकाशन करने से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, आत्मा शासकीय निकाय पदाधिकारी, एडीएफ सहित अन्य उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला आधार निगरानी समिति की बैठक उप विकास आयुक्त कार्यालय में हुई। बैठक में सभी प्रखण्डों के सर्विस प्लस अंतर्गत आधार इनरॉलमेंट के स्थिति की समीक्षा की गई जिसमें सदर प्रखण्ड लोहरदगा, सेन्हा और किस्को प्रखण्ड की स्थिति समीक्षा असंतोषजनक पाया गया। इसमें संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों भौतिक निरीक्षण कर लंबित आवेदनों को निष्पादित करने का निदेश दिया गया। सदर अस्पताल परिसर में आधार सेवा केंद्र प्रारंभ कराने के लिए आधार किट उपलब्ध कराने का निदेश डीपीओ,यूआईडी कोषांग लोहरदगा को दिया गया। प्रखण्ड स्तर पर आधार सेवा केंद्र में आधार इनरॉलमेंट की सतत् निगरानी का निदेश डीपीओ यूआईडी कोषांग, लोहरदगा को दिया गया। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी कोषांग देवप्रकाश विक्की, उप डाकपाल मुख्य डाकघर लोहरदगा समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अविराम के सचिव श्री इंद्रजीत कुमार, सहायक प्राध्यापकगणों व प्रशिक्षुओं द्वारा दिया गया। ऐसे व्यक्तित्व वाले पूर्व प्रधानमंत्री को विश्व में महान नेताओं में से एक नेता के रूप में याद किया जाएगा। जिन्होंने अमेरिका-भारत संबंधों को बढ़ाने, संबंधों को आधुनिक बनाने और लोकतंत्र को रणनीतिक आर्थिक और तकनीकी के एक स्थिर पथ पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये एक अर्थशास्त्री आरबीआई गवर्नर, वित्त मंत्री तथा प्रधानमंत्री, विश्वविद्यालय योजना आयोग के अध्यक्ष हर भूमिका में खरे उतरे। इन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था का स्वरूप बदलने के लिए जाना जाता है इनके द्वारा लाइसेंस राज को खत्म कर कारोबार और व्यापार को आसान बनाने के लिए नई नीतियां लाने वाले डॉक्टर मनमोहन सिंह को आर्थिक उदारीकरण का चैंपियन भी कहा जाता है एवं इन्होंने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ावा दिया और दुनिया के लिए भारतीय बाजार के दरवाजे खोल दिए साथ ही आर्थिक उदारीकरण की नीति ने कई लाखों भारतीयों को गरीबी से उबरने में मदद की। उन्होंने बीमारू अर्थव्यवस्था को नई संजीवनी दी और उन्हीं की दी आर्थिक विरासत के चलते आज भारत की जीडीपी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ाने वाली जीडीपी है। इन्हें पद्म विभूषण के अतिरिक्त अनेकों पुरस्कार व सम्मान से विभूषित किया गया है, ऐसे सपूत एवं देश के महान व्यक्ति को शत् शत् नमन।

## अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनना भाजपा का लक्ष्य : सचिन कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा गुरुवार को नगर में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू एवं बुथ अध्यक्ष अक्षय करवा और मनीष गुप्ता ने मिलकर सदस्यता अभियान का कार्यक्रम किया गया। सदस्यता अभियान 22 दिसंबर से 14 जनवरी तक पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है इसी के निमित्त गुरुवार को अमला टोली सोमवार बाजार में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 25 वां प्रान्त अधिवेशन धनबाद के लिये कार्यकर्ता हुये रवाना : आदित्य साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश का 25 वाँ प्रान्त अधिवेशन आगामी 3, 4 , 5 जनवरी 2025 को कोयला नगरी धनबाद में आयोजित होने जा रहा है जिसमें दिनांक 02/01/25 दिन गुरुवार को लोहरदगा से धनबाद के लिए सभी कार्यकर्ताओ को नगर अध्यक्ष प्रदीप महतो ने शुभकामनाएं देते हुए रवाना किए। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक आदित्य कुमार साहू ने बताते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास के लिए अधिवेशन जैसे स्थानों पर जाना आवश्यक है क्योंकि सामाजिक विचारों के दायित्वों के निवार्ह के लिए समाज़ से अवगत होना जरूरी होता है जिसके लिए इस तरह के सामुहिक मंच पर जाना लाभदायक है, साथ ही पूर्व जिला प्रमुख छवि सिंह ने कहा कि अधिवेशन में प्रदर्शनी के द्वारा छात्र छात्रों को झारखंड के कला, संस्कृति एवम परंपरा से अवगत कराया जाएगा जिससे इनके शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत को समझने का मौका मिलेगा। मौके पर उपस्थित नगर उपाध्यक्ष जान्हवी कंचन गोयल, अंशु वर्मा,नगर मंत्री जय साहू, कॉलेज अध्यक्ष पृथ्वी तमेरा, सोनम, अनूपा उरांव, पूजा, अंकिता, प्रीति, तनिषा, पूजा एक्का, नेहा, रोशनी, संगीता, आरती, रीना, कशिश गुप्ता, मंगलदेव उरांव, आशिक, विक्की, नितेश, रानथु, पुनीत, राधे, राहुल, सुधीर, जय साहू पृथ्वी तमेडा, आदि कार्यकर्ता रवाना हुए।

## राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत एवम कांस्य पदक विजेताओं छात्राओं को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुवे प्रतियोगिता में शामिल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू की छात्रा आकृति कुमारी द्वारा स्वर्ण एवम कांस्य एवम रिया उरांव द्वारा दो रजत प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार द्वारा पदक प्राप्त छात्राओं के साथ उनकी माता आशा लोहरा, नीलम उरांव एवम प्रशिक्षक अमित सिंह को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुडू के विद्यालय प्रांगण में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विकास साहदेव ने बच्चो को जीवन में खेल से जुड़कर अपनी जीवन उज्ज्वल बनाने का आह्वाहन किया, कराटे प्रशिक्षक अमित सिंह ने विद्यालय के छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुवे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रबंध समिति की सचिव अनुराधा कुमारी, कोषाध्यक्ष विनय कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपेश कुमार सिंह, आचार्य धनोज महतो, मानसी कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रतिमा कुमारी, नितेश उरांव, पार्वती देवी आदि मौजूद थे।

## आज जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया जायेगा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी महासभा जिला समिति लोहरदगा के तत्वावधान में दिनांक 03.01.2025 दिन शुक्रवार को 11:30 बजे, समाहरणालय के समीप स्थित यूकेलिप्टस मैदान में जयपाल सिंह मुंडा जयंती को आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। साथ ही साथ ही शिक्षा क्रांति ज्योति सावित्री फुले बाई की भी जन्मदिन पर नमन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी झारखंड आंदोलनकारी महासभा, जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो ने दी।

# अजीम अंसारी बने कुडू के नये थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में गुरुवार को कुडू थाना के नए थाना प्रभारी अजीम अंसारी को बनाया गया इस दौरान कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम एवं सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष राजेश लाल नाथ सहदेव ने सॉल एवं बुके देकर शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उपस्थित लोगो ने नए साल की बधाई देते हुए थाना प्रभारी से मुलाकात के साथ प्रखंड क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया गया है। जिस पर ध्यान रखते हुए कार्य करने की सलाह दी गई। तथा इस मौके पर नए थाना प्रभारी ने लोगो को हर संभव मदद करने की बात कही है।

## कोलेबिरा नवोदय विद्यालय के समीप सड़क दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार व्यक्ति घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा नवोदय विद्यालय के समीप एक सड़क दुर्घटना में एक मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलोरो गाड़ी ने मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान प्रभु कश्यप कोलेबिरा निवाशी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रभु कश्यप सुबह 09 बजे अपने काम पर जा रहे थे, उसी दौरान यह घटना घटी। नजदीकी निवासियों की मदद से प्रभु कश्यप को कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया और फिर उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। कोलेबिरा पुलिस प्रशासन इस मामले की जांच में जुट गई है।

## लोहरदगा के लाल देवेंद्र कुमार प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पदक के लिए नामित, एनडीआरएफ के महानिदेशक ने पदक से किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 14 वीं बटालियन में तैनात लोहरदगा के रहने वाले देवेंद्र कुमार ने झारखंड और जिले नाम रौशन किया है। देवेंद्र कुमार को प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पदक से सम्मानित किया गया है। एनडीआरएफ के महानिदेशक ने उन्हे पदक से सम्मानित किया। स्वर्गीय प्रतिभा अग्रवाल और स्वर्गीय विधान चंद्र अग्रवाल के बेटे देवेंद्र कुमार लोहरदगा के महावीर चौक के रहने वाले है। वर्तमान में वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल में द्वितीय कमान अधिकारी के पद पर जम्मू-कश्मीर में तैनात है। इनके कार्य और अनुभव को देखते हुए इन्हे एक जनवरी 2025 को कमांडेंड (एसएसपी) के पद पर पदोन्निति दी गई है। इन्होने देश हित और समाज कल्याण के कई कार्य किये है। उत्तरप्रदेश-मध्यप्रदेश में भीषण बाढ़, 2016 में कानपुर रेल हादसा, महाकुंभ में इन्होने उत्कृष्ट कार्य किये। इसको देखते हुए ही इन्हे प्रधानमंत्री जीवन रक्षक पदक से सम्मानित किया गया।

## बाउंड्रीवाल निर्माण में बरती गई भारी अनियमितता, अधिकारी मौन



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह आंचल कार्यालय के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य में संवेदक के द्वारा बरती गई भारी अनियमितता। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय के परिसर में बाउंड्रीवाल का निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग करके जैसे-तैसे बाउंड्री वाल का निर्माण किया गया है। बताते चले की ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा के द्वारा लगभग 2398506 राशि की लागत से बनाई जानी है। लेकिन संवेदक के द्वारा जैसे-तैसे करके बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया है। इसकी सूचना पूर्व में कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों को भी दिए थे।लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई भी जांच नहीं हुवी है। ग्रामीणों अब उच्चाधिकारियों से जांच करने की मांग की है।

# डीसी सिमडेगा ने की नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद् क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त महोदय ने समाहरणालय सिमडेगा से लेकर भट्टीटोली तक सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सिमडेगा में मेनरोड को जाम मुक्त बनाने के लिए छोटी गाड़ियों एवं बाइक के लिए प्रिंसचौक, बीरू कंपलेक्स, कंट्रोल रूम, झूलन सिंह चौक, मार्केट कंपलेक्स सहित अन्य स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित कर पार्किंग स्टैंड बनाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने टैक्सी स्टैंड -सह- ऑटो स्टैंड का गेट को बेहतर बनाने की बात कहीं। बस चालक द्वारा बस स्टैंड से प्रिंसचौक तक धीमी गति से चलने वाले पर सख्ती से करवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पार्किंग स्थल चिन्हित करने के बाद जो पार्किंग स्थल पर पार्क नहीं करेंगे, या नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करते हैं तो उस पर फाईन लगाने का निर्देश दिया। साथ ही मार्केट कांप्लेक्स में रोड में समान लगाने वाले पर भी सख्ती से करवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी श्री समीर बोदरा, अंचलाधिकारी मो0 इम्तियाज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### जैन पेट्रोल पंप में धांधली, ग्राहकों से किया जा रहा है ठगी

# पेट्रोल पंप संचालक द्वारा प्वाइंट में किया जा रहा है हेराफेरी

### ग्राहकों के कहने पर जहां जाने की देता है धमकी, मामला पत्रकार सुनील के साथ की है



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**चतरा :** जिले के पेट्रोल पंपों में इन दिनों पेट्रोल लेने में कम पेट्रोल देकर उल्टे धमकी देना आम बात हो गया है। यह मामला चतरा पुराना पेट्रोल पंप यानी जैन पेट्रोल पंप का है। जैन पेट्रोल पंप में मीटर में हेरा फेरी कर प्वाइंट कम कर के पेट्रोल दिया जा रहा है। जिससे ग्राहकों को पेट्रोल कम दिया जाता है। यह घटना पत्रकार सुनील कुमार दास जो आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता पत्थलगड़ा के साथ गुरुवार को चतरा शहर के पुराना पेट्रोल पंप में बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए गया था। जहां पर पेट्रोल पंप के नोजल मेन से 45 रुपया का पेट्रोल मांगा गया इसी बीच नोजल मेन ने 45 रुपए के जगह 44.67 रू का हीं पेट्रोल बाइक में डाला गया। जिसे लेकर पत्रकार ने विरोध किया गया। पेट्रोल कम देने की बात पेट्रोल पंप के मालिक को शिकायत की बात कही गई तो इस बीच नोजल मेन ने साफ़ शब्दों में बोला कि तुम पहली बार इस पेट्रोल पंप में तेल ले रहे हो क्या। यह बात कहते हुए कम पेट्रोल देकर पत्रकार के साथ गाली गलौज देकर भगा दिया। और तो और नोजलमेन ने धमकी देकर कहा कि तुम्हे जो करना है कर लो मुझे कुछ नहीं होने वाला तुम्हारे जैसे कई आते है और चले जाते है।आज तक हमको कोई कुछ नहीं उखाड़ लेगा। हम सभी वरीय पदाधिकारियों को मुट्ठी में रखते है । सभी को चढ़ावा देते हैं कौन हमारा पेट्रोल पंप जांच करेगा। इससे साफ होता है कि कहीं ना कहीं किसी के सह पर उक्त पेट्रोल पंप में कम पेट्रोल दिया जाता है। और ग्राहकों से खुली लूट की जा रही है। यदि इस पर पदाधिकारियों द्वारा मीटर प्वाइंट को जांच कर कारवाई नहीं की गई तो नित्य प्रतिदिन ग्राहक ठगी का शिकार हो सकते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### गृहरक्षकों की नियुक्ति के मामले में अनिल पाल्टा से मिले बंधु तिर्की



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अंतिम रूप से चयनित ईटकी एवं नगड़ी के गृहरक्षकों के साथ अनिल पाल्टा से मुलाड़ात कर 2017 में रांची के ईटकी और नगड़ी प्रखण्ड के चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति का आग्रह किया। ज्ञातव्य है कि 2017 में गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान ही बेड़ो प्रखण्ड से अलग कर ईटकी तथा रातू प्रखण्ड से अलग कर नगड़ी प्रखण्ड का गठन किया गया था जिसके कारण सम्बंधित ईटकी एवं नगड़ी प्रखण्ड के अंतिम रूप से चयनित गृहरक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी थी।

### भाजपा ने एक समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता को असमय खो दिया : रविंद्र कुमार राय

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में दिवंगत नेता स्व गुरविंदर सिंह सेठी का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन केलिए लाया गया।प्रदेश कार्यालय में शव वाहन पहुंचते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं की आंखे नम हो गई। सब के चहते गुरविंदर सिंह के असमय निधन पर कोई विश्वास नहीं कर पा रहा था।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने भाजपा का ध्वज स्व गुरविंदर सिंह सेठी के पार्थिव शरीर पर अर्पित कर उन्हें नमन किया ,पुष्प गुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । श्रद्धांजलि देने वालों में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय,विधायक नवीन जायसवाल,आरती कुजूर,अजय मारू,ऊषा पांडेय,सुबोध सिंह गुड्डू,वरुण साहू,अमरदीप यादव,पवन साहू,शशांक राज, कमाल खान,लक्ष्मी चंद दीक्षित,शिवपूजन पाठक,प्रेम मित्तल,चुन्नू मिश्रा,,रौशनी खलखो,माया सिंह,मंजुलता दुबे,शोभा यादव,संदीप वर्मा,बलराम सिंह,रमेश सिंह,सूरज चौरसिया,सतीश सिन्हा, तारिक इमरान,सांवरमल अग्रवाल,हरविंदर बेदी,अरविंद खुराना,बलबीर सलूजा,रविप्रकाश टुन्ना सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि स्व गुरविंदर सिंह सेठी का असामयिक निधन प्रदेश भाजपा केलिए अपूरणीय क्षति है। कहा कि स्व सेठी एक समर्पित और सेवाभावी कार्यकर्ता थे। लोगों के दुख दर्द में सदैव खड़े रहते थे।

### राज्यपाल से मिल डीसी ने दी नव वर्ष की बधाई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने राज्यपाल झारखण्ड, संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# चैनपुर नेउरा रोड व दीनदयाल मार्ग हेतु गंभीर हुए वित्त मंत्री : अरुणा शंकर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पद के साथ भी और पद के बाद भी, हमेशा निगम में सक्रिय रहने वाली मेदिनीनगर की प्रथम महापौर 2025 नव वर्ष की शुरुआत जनहित के कार्यों से की। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से मिलकर सबसे पहले छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली चैनपुर नेउरा मुख्य रोड को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया। बताया कि जब भी इस रोड को बनाने की बात होती, वर्षों से यह कहकर टाल दिया जाता कि इसका एस्टीमेट बन गया है। जल्द फंड उपलब्ध होते ही टेंडर होगा। लेकिन दिन पर दिन रोड और भी भयावह स्थिति में होता जा रहा है। महिलाएं, छात्राएं एवं खासकर प्रेग्नेंट महिलाएं उस रोड में कई बार टेंपो पलटने की वजह से 2 किलोमीटर दूर घूम कर ग्रामीण रास्तों से शहर आ जा रही है। सड़क के किनारे बने दुकानों में बैठकर व्यवसाय करने वाले व्यवसाई धूल उड़ने की वजह से बीमार भी पड़ रहे हैं। साथ ही साथ बरसात में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते एवं छत्तीसगढ़ से आने जाने वाले लोगों के मन में रोड की दुर्दशा देखकर हमारे राज्य एवं शहर के प्रति नकारात्मक छवि भी बन रही है। प्रथम महापौर की बातों को सुनकर मंत्री ने तुरंत एग्जीक्यूटिव इंजीनियर



पीडब्ल्यूडी को आदेश दिया। 7 दिनों के अंदर इस रोड का बेहतरीन तरीका से रिपेयर का एस्टीमेट बनवाएं। फंड की चिंता ना करें, मैं दूंगा फंड। 15 दिनों के अंदर इस रोड का काम लगाए। प्रथम महापौर ने शहर के बीचों बीच स्थित दीनदयाल मार्ग खुलवाने की भी बात करते हुए कही कि इस मार्ग को बंद हो जाने से जेलहाता के लोग को बाजार आने जाने के लिए काफी घूम कर आना जाना पड़ता है। इस मार्ग को जुडकू द्वारा पारित पार्क, नक्शे में बंद कर दिया गया है। जिसे मैंने कई बार खुलवाने का प्रयास किया। पर पूर्णत नहीं खुलवा सकी। अतः इस मार्ग को पहल कर पूर्ण रूप से खुलवा दी जाए। ताकि आवागमन सुगम हो सके। मंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए स्वयं जाकर देखने एवं मार्ग को चालू कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि रोड नागरिकों की सुविधा के लिए बनाई जाती है। बंद करके परेशान करने के लिए नहीं। जल्द रोड चालू होगा।

### बाहर के राज्यों से मंगाया जायेगा शराब योगेन्द्र महतो

**रांची।** कंट्री लीकर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के देशी शराब उत्पादकों के साथ मंत्री योगेन्द्र प्रसाद महतो ने बैठक की। गुरुवार को रांची के कांके रोड स्थित मध निषेध उत्पाद विभाग में बैठक हुई। योगेन्द्र प्रसाद ने कहा कि राज्य के आठ देशी शराब उत्पादक कंपनी है। इससे से पूर्ति नहीं होगा तब बाहर के राज्यों से मंगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य के इन सभी आठ देशी शराब फैक्ट्रियों से उत्पादन नहीं हो रहा था। इससे राज्य के लोगों को देशी शराब उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इससे राज्य को राजस्व की भी हानि हो रही थी। इसलिए इन फैक्ट्रियों के ऑनर के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मॉडर्न देशी शराब दुकान खोली जायेगी। इससे उत्पादन और राजस्व दोनों बढ़ेगा।

# छात्राओं ने प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन



**एजेंसी**

**हिसार :** एमसी कॉलोनी स्थित शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की नौंवी कक्षा की छात्रा रचना और शिक्षा ने एक समारोह में रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने नगद पुरस्कार की राशि भी प्राप्त की।

स्कूल में गुरुवार को हुई प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अदा करतेहुए रेनू जिंदल एवं सलोनी ने दोनों छात्राओं को बधाई दी तथा भविष्य में भी उन्हें इसप्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही एक अन्य प्रतियोगिता जिसमें कि वेस्ट मैटिरियल से उपयोगी चीजें बनाने की प्रतियोगिता में विद्यालय की छठी कक्षा की छात्रा जानवी ने तृतीय स्थान हासिल कर नकद पुरस्कार प्राप्त किया।इस अवसर पर शांति निकेतन विद्यापीठ के वाइस चेयरमैन इजि. साहिल दलाल, मेजरधर्मेश दलाल, सचिव गुलशन सेहरा, स्कूल प्रबंधक कंवल कुमार तथा स्टाफ सदस्य मैडम नुपुरजैन, पारुल, नीशू पाहवा, सुनीता, सोनिका आदि ने विजयी छात्राओं को शाबाशी देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया।

# केंद्र को जल्द ही राज्य का दर्जा बहाल करना चाहिए : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी**

**श्रीनगर :** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा एक अस्थायी चरण है और केंद्र सरकार राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे को पूरा करेगी। शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मीडिया से बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा कि हमें सत्ता में आए दो महीने से थोड़ा अधिक समय हो गया है। हमें यह समझने में समय लगा कि यूटी सरकार कैसे काम करती है। हम पहले भी सरकार से जुड़े रहे हैं लेकिन उस रूप और वर्तमान रूप में बहुत अंतर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार की शुरुआत सभ्य रही है और उन्हें इसमें ज्यादा कठिनाई नहीं हुई। हम अपने चुनावी वादों से बंधे हैं। हमने कुछ वादों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और अन्य वादों के लिए हमें व्यवस्था में बदलाव की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश बनना एक अस्थायी चरण है। उन्होंने कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है कि उनकी पार्टी का घोषणापत्र पांच साल के कार्यकाल के लिए था न कि



पांच सप्ताह या पांच महीने के लिए। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दे हमारे लिए महत्वपूर्ण थे और हमने उन्हें पूरा किया जिसमें राज्य का दर्जा और विशेष दर्जे का प्रस्ताव शामिल है। हम लोग अब उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे साथ किए गए वादे पूरे होंगे। सबसे बड़ा वादा राज्य का दर्जा बहाल करना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने फैसले में कहा था कि राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाना चाहिए। एक साल बीत चुका है और हमें लगता है कि एक साल काफी होना चाहिए।

# संत कृष्ण दास को जमानत नहीं मिलना दुखद : राधारमण दास

**एजेंसी**

**कोलकाता :** बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत नहीं मिलने को इस्कॉन कोलकाता ने दुखद बताया। गुरुवार को इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि मामले की सुनवाई का एकमात्र सकारात्मक पक्ष यह रहा कि चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व अदालत में वकीलों द्वारा किया गया, पिछली सुनवाई में ऐसा नहीं किया गया था। राधारमण दास ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास की तबीयत भी खराब बताई जा रही है। राधारमण दास ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि नए साल में उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। बांग्लादेश की एक अदालत ने गुरुवार को इस्कॉन के पूर्व नेता चिन्मय कृष्ण दास को देशद्रोह के एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन)



कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास कहा कि चिन्मय कृष्ण दास के वकील बांग्लादेश की उच्च अदालत में अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास की तबीयत भी खराब बताई जा रही है।राधारमण दास ने कहा, हमें उम्मीद थी कि उनकी तबीयत खराब होने और उनके पिछले 40 दिनों से जेल में होने के आधार पर उन्हें इस बार जमानत मिल जाएगी, लेकिन इस बार भी जमानत न मिलना दुखद है। इस्कॉन प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि चिन्मय कृष्ण दास की जमानत की अपील जब उच्च न्यायालय में दायर की जाएगी तो उनके वकीलों को अदालत के अंदर और बाहर पर्याप्त सुरक्षा मिलेगी और उन पर हमला नहीं किया जाएगा। बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास के वकील पर बीते दिनों हमला हुआ था, जिसके बाद पिछली सुनवाई में चिन्मय कृष्ण दास की तरफ से सुनवाई में कोई वकील पेश नहीं हुआ था। इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता ने कहा कि अगर चिन्मय कृष्ण के लिए पेश होने वाले किसी भी वकील की पिटाई करने की धमकी दी जाती है, तो बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को इस मामले में कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए।

### पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रहे अफीम को किया नष्ट

**रांची ।** रांची पुलिस के द्वारा बुंडू, सोनाहातु, तमाड़, दशमफॉल, राहे, नामकुम एवं अनगड़ा थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर विनिष्ट किया गया। 02.01.2025 को वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बुंडू के नेतृत्व में बुंडू, सोनाहातु, तमाड़, दशमफॉल, राहे एवं अनगड़ा थाना प्रभारी के द्वारा बुंडू थाना अंतर्गत 15 एकड़, सोनाहातु थाना अंतर्गत 2.5 एकड़, तमाड़ थाना अंतर्गत 3.5 एकड़, दशमफॉल थाना अंतर्गत 12 एकड़, राहे थाना अंतर्गत 2 एकड़, अनगड़ा थाना अंतर्गत 05 एकड़ सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में जंगल झाड़ में लगभग 34.5 एकड़ लगे अफीम को ट्रैक्टर एवं पुलिस बल के द्वारा विनष्ट किया गया।

# नए वर्ष पर बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु

**एजेंसी**

**अयोध्या :** नववर्ष पर पहली बार अयोध्या में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी। 8 से 10 लाख के बीच लोगों के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी संख्या में अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन के साथ-साथ अन्य स्थलों का भी जमकर लुत्फ उठाया। इन सब में अयोध्या का गुप्त हरि गार्डन लोगों की पहली पसंद बनी रही।

अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पर्यटन की दिशा में तेजी से विस्तार हो रहा है। योगी सरकार ने पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। इसके साथ ही कई स्थलों का जीर्णोद्धार भी कराया है। इसमें 2017 से पहले बदहाल रहा अयोध्या के कैंट स्थित गुप्त हरि



गॉर्डन और दर्शन नगर का सूर्यकुंड भी शामिल है। जहां पर आज बड़ी संख्या सैलानी पहुंच रहे हैं। नए वर्ष पर रामलला के दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये हैं। इतने ही श्रद्धालु हनुमानगड़ी पर भी पहुंचे।योगी सरकार की ओर से गुप्तारघाट का जीर्णोद्धार कराने के बाद इसका स्वरूप ही बदल गया है। नव वर्ष के पहले दिन यहां मेले जैसा माहौल रहा। 10 हजार से भी अधिक लोगों ने गुप्त हरि गार्डेन में लुत्फ उठाया। देर शाम तक यहां भीड़ बनी रही। दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर सात हजार से भी अधिक लोग पहुंचे। शाम के समय चलने वाले फाउंटेन शो का लोगों ने लुत्फ उठाया।

# 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ




**एजेंसी**

**रायगढ़ :** जिले में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ आज गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम के साथ पुलिस सामुदायिक पुलिस भवन में हुआ।इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल, नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय तथा द्वय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, राम गोपाल करियारे, जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप, एनटीपीसी के एजीएम जाकिर खान मंचासीन थे । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्ष आकाश मरकाम ने स्वागत संबोधन में सड़क सुरक्षा माह की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। पूरे माह जिले की यातायात पुलिस और अन्य थाना टीमें सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों को संचालित करेंगी। नगर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने साल दर साल बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं के ऑकड़ो को चिंताजनक बताया और लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों के प्रति संवेदनशील हो।पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में 352 और 2024 में 359 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा बैठे, जो काफी गंभीर विषय है। आकस्मिक मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटना है जिसमें ट्रैफिक के नियमों का पालन नहीं करने की वजह से घटनाएं होती है। हम सब जागरूक होकर ही इससे निजात पा सकते हैं।

### बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने वालों को माला पहनाकर किया अपील

**रांची।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के आदेश पर 1 जनवरी से 31 जनवरी तक झारखंड में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है । इसी को देखते हुए गुरुवार को रांची जिला परिवहन विभाग के डीआरएसएम अरशद जमाल ने रांची शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग रतन टॉकीज के पास पहुंचकर वाहनों की चेकिंग अभियान चलाई। इस दौरान ऐसे मोटरसाइकिल चालक जो बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चला रहे थे, उनसे पूछताछ की और उसे माला पहनाया और हेलमेट पहनने की अपील की। अरशद जमाल ने कहा कि जिंदगी बहुत प्यारी है अपने और अपने परिवार के बारे में सोचिए और इसके लिए जब घर से निकले तो मोटरसाइकिल जब भी चलाएं तो हेलमेट पहन कर बाहर निकले । अगर आपके साथ कोई दूसरा आपके पीछे बैठा हुआ हो तो उसे भी हेलमेट जरूर पहनने बोले।

# उत्तराखंड सरकार ने वनाग्नि रोकथाम के लिए केंद्र को भेजी 5 साल की कार्ययोजना

**एजेंसी**

**देहरादून :** वन विभाग ने प्रदेश में वनाग्नि रोकथाम के लिए पांच साल की कार्ययोजना तैयार कर केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर तैयार इस योजना के तहत सात नई पिरुल ब्रिकेट्स यूनिट स्थापित की जाएंगी। इससे पिरुल एकत्रित कर वनाग्नि रोकथाम में मदद मिलेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। प्रदेश में वनाग्नि का मुख्य कारण चीड़ के वनों की अधिकता है, जो वन विभाग के नियंत्रणाधीन क्षेत्र का लगभग 15.25 प्रतिशत हिस्सा हैं। पिरुल (चीड़ की पत्तियां) एकत्रित कर इसे पैलेट्स और ब्रिकेट्स बनाने में प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की मदद ली जा रही है। विभाग वर्तमान में प्रति कुंतल तीन रुपये की दर से पिरुल एकत्रित करने का भुगतान



करता है, जिसे बढ़ाने की योजना है।गत वर्ष विभाग ने स्वयं सहायता समूहों के जरिए, 38,299.48 कुंतल पिरुल एकत्रित किया, जिसके बदले समूहों को 1.13 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। अपर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक पिरुल एकत्रीकरण से वनाग्नि रोकथाम में प्रभावी कमी आती है। इसलिए वर्तमान में चल रही ब्रेकेटस यूनिट की संख्या बढ़ाकर 12 किए जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर, जल्द ही अल्मोड़ा, चम्पावत, गढ़वाल और नरेंद्र नगर वन प्रभाग में सात नई यूनिट स्थापित हो जाएंगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी हो सकेगा।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वनाग्नि रोकथाम के लिए, विभागों को समय से तैयारी करने को कहा गया है। प्रदेश में सात जगह नई ब्रेकेटस यूनिट बनने से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, साथ ही पिरुल से लगने वाली वनाग्नि में भी प्रभावी कमी आएगी। इसके साथ ही वनाग्नि रोकथाम के लिए भारत सरकार के पास पांच साल की कार्ययोजना तैयार करके भेजी गई है।